✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 138 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

## आइआरसीटीसी घोटाले में लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आज दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) घोटाले में आरोप तय करने की अनुमति दे दी है। आदलत का यह फैसला लालू यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि अभी बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। देश के चर्चित आईआरसीटीसी घोटाले में लालू यादव और अन्य पर एक होटल को बेचने का आरोप है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि मामले की जांच कर रही सीबीआई ने लालू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को कोट करते हुए कहा कि लालू की जानकारी में साजिश रची गई है। कोर्ट ने मामले में आरोपियों के खिलाफ उनकी भूमिका के आधार पर अलग-अलग धाराओं में आरोप तय किए हैं। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर धोखाधड़ी और साजिश रचने के मामले में आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत आरोप तय किए गए हैं। जाहिर सी बात है कि अब बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बता दें कि इस केस में आरोप है कि आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव के ठेके लालू प्रसाद यादव से जुड़ी एक बेनामी कंपनी से हासिल की गई तीन एकड़ कीमती जमीन के बदले में दिए गए थे। 7 जुलाई, 2017 को सीबीआई ने एक एफआईआर दर्ज कर लालू प्रसाद और उनके परिवार से जुड़े पटना, नई दिल्ली, रांची और गुरुग्राम स्थित 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीबीआई का दावा है कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए उनके पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। जबकि लालू प्रसाद के वकील का तर्क है कि उनके खिलाफ इस मामले में मुकदला चलाए रखने का कोई वैधानिक तर्क नहीं है। आरोप तय होने के बाद लालू यादव ने कहा कि मैं दोषी नहीं हूं। जबकि राबड़ी देवी ने कहा कि मैं किसी तरह की साजिश और धोखाधड़ी में शामिल नहीं हूं।



## वाहन जांच के दौरान 20 लाख कैश बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गया में पुलिस द्वारा लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गया पुलिस ने वाहनों की जांच तेज कर दी है ताकि चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जा सके। इसी कड़ी में कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार के पास से भारी मात्रा में नगदी बरामद की गई है जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में टावर चौक के पास पुलिस ने बीती शाम वाहनों की जांच के दौरान दो बाइक सवारों को रोका। उनकी पहचान धीरज कुमार और शुभम कुमार के रूप में हुई है। जांच के दौरान उनके बैग से 19 लाख 95 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर यह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। नगर पुलिस उपाधीक्षक-01 के नेतृत्व में कोतवाली थाना क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इस अभियान का उद्देश्य चुनाव के दौरान अवैध नगदी, हथियारों और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है। बरामद नगदी के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। नगदी बरामद होने के बाद पुलिस ने तुरंत फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) को सूचित किया। हालांकि बरामद राशि 10 लाख रुपये से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई। एफएसटी और इनकम टैक्स विभाग अब संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर रहे हैं, ताकि नगदी के स्रोत और इसके उपयोग का पता लगाया जा सके। जांच में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह राशि किसी अवैध गतिविधि से संबंधित तो नहीं है। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। गया में चल रहे इस तलाशी अभियान का उद्देश्य अवैध धन के प्रवाह को रोकना और मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। 19.95 लाख रुपये की बरामदगी के बाद पुलिस और एफएसटी इस मामले में छानबीन कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे अररिया से लड़ेंगे चुनाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने अररिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने आज अररिया अनुमंडल कार्यालय से एनआर (नॉन-रेजिडेंस) कटवाकर अपनी उम्मीदवारी को औपचारिक रूप दिया। लांडे शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे और अररिया की जनता के बीच अपनी किस्मत आजमाएंगे। महाराष्ट्र मूल के 'सुपर कॉप' के नाम से मशहूर शिवदीप लांडे ने बिहार को अपनी कर्मभूमि माना है। उन्होंने यहां अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

### एनडीए की कैंडिडेट लिस्ट आज आएगी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में एनडीए के पांच दलों की सीट और कैंडिडेट की घोषणा कल तक के लिए टल गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए के पांचों दल कल शाम तक कैंडिडेट की घोषणा कर देंगे। श्री जायसवाल ने कहा कि 15 से 18 अक्टूबर तक एनडीए कैंडिडेट के नामांकन का अभियान चलेगा, जिसमें केंद्र और राज्य के मंत्रियों के अलावा गठबंधन के बड़े नेता शामिल होंगे।

### लोजपा (रा) के प्रदेश उपाध्यक्ष का इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोजपा (रा) के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने अपने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके काम से खुश नहीं थी, इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया। रविशंकर सिंह ने अब सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वे 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। रविशंकर सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा पार्टी और जनता के लिए ईमानदारी से काम किया लेकिन पार्टी के कुछ नेताओं ने उनके काम की कद्र नहीं की।

### नर्सिंग होम संचालक की गला काटकर हत्या

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नर्सिंग होम संचालक मोहम्मद गुफार आलम (29) की गला काटकर हत्या कर दी गई। उनका शव सिकरिया गांव के पास सड़क किनारे मिला। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। गुफार आलम अरवल जिले के कुर्था प्रखंड के गोहर गांव के निवासी थे, लेकिन जहानाबाद शहर में रहते थे। वे जहानाबाद के ताज रेस्ट हाउस के पास स्थित सिटी नर्सिंग होम का संचालन तीन पार्टनर के साथ करते थे।

### राजद विधायक विभा देवी जदयू में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजद की नवादा विधायक विभा देवी सोमवार को जदयू में शामिल हो गईं। विभा देवी पूर्व मंत्री राजवल्लभ यादव की पत्नी हैं। रजौली (सुरक्षित) सीट से राजद विधायक प्रकाश वीर भी जदयू में शामिल होने जा रहे। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विभा देवी को जदयू की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर जदयू विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी मौजूद थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय बिहार दौरा 15 से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चुनाव की सरगर्मी अपने चरम पर हैं। बात अगर एनडीए की करें तो सीट बंटवारे के बाद अब प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होना बाकी है। इसके बाद 15 से 18 अक्टूबर के बीच नामांकन होंगे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी तीन दिन के बिहार दौरे पर रहेंगे। 16 से 18 अक्टूबर तक शाह का बिहार दौरा प्रस्तावित है। इसकी जानकारी बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि 15 से 18 अक्टूबर तक एनडीए के सभी प्रत्याशियों का नामांकन होगा। इस दौरान केंद्र की एनडीए सरकार के मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री समेत एनडीए के वरिष्ठ नेता भी नामांकन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अमित शाह तीन दिन के दौरे के बीच एनडीए की चुनावी तैयारियों को धार देंगे। साथ ही भाजपा की चुनावी रणनीति को और पुख्ता करेंगे। बताया जा रहा है कि शाह कई चुनावी रैलियां भी कर सकते हैं। इससे पहले सितंबर महीने में शाह दो बार बिहार के दौरे पर आए थे। उन्होंने कई रैलियों को संबोधित किया था। अब एक बार फिर वे तीन दिन के बिहार दौरे पर आ रहे हैं। श्री जायसवाल ने बताया कि आनेवाले दिनों में बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी कई रैलियां प्रस्तावित हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री और बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी बिहार में चुनावी रैलियां करेंगे।



## दूसरे चरण की 122 सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव के दूसरेचरण की 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना सोमवार को जारी हो गई। इसके साथ ही, पहले एवं दूसरे चरण की सभी 243 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। सोमवार की शाम तक कुल 32 उम्मीदवारों ने 36 नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन करने वालों में एनडीए एवं महागठबंधन का कोई प्रत्याशी शामिल नहीं है। पहले चरण के चुनाव वाले 18 जिलों की 121 सीटों पर 17 अक्तूबर तक नामांकन होगा जबकि दूसरे चरण की 122 सीटों के लिए 20 तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में कुछ निबंधित गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशी हैं। वहीं, शेष स्वतंत्र उम्मीदवार हैं। अब तक जिन विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है, उनमें सूर्यगढ़ा, छपरा, बड़हरा, महानार, बहादुरपुर, कुम्हरार, मधुबनी, मीनापुर, उजियारपुर, जीरादेई, हिलसा, मढ़ौरा, तरैया, गौराबौराम, पालीगंज, रून्नीसैदपुर, आरा, शेखपुरा, साहेबगंज, सीवान, गोरियाकोठी, आलमनगर, बरौली और कांटी शामिल हैं। यह नामांकन दोनों चरणों के प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किया गया है। पटना पश्चिमी इलाके में पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने 24 घंटे में 95 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बढ़ती पुलिसिया दबिश से 14 अपराधियों ने खुद न्यायालय में आत्मसर्पण किया।

## तीन और विधायकों ने छोड़ी विधानसभा की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के तीन और विधायकों ने सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दी। इनमें बिक्रम के विधायक सिद्धार्थ सौरभ, बनियापुर के केदारनाथ सिंह और परबत्ता के विधायक संजीव कुमार शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इनके साथ ही नवादा की विधायक विभा देवी, रजौली के विधायक प्रकाशवीर समेत पांच का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। देर शाम प्रभारी सचिव ख्याति सिंह ने इन विधानसभा क्षेत्रों को रिक्त घोषित कर दिया। अब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देनेवाले विधायकों की संख्या बढ़कर नौ हो गयी है। इसके पहले चेनारी के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, भभुआ के विधायक भरत बिंद ने 8 अक्तूबर जबकि मोहनियां की विधायक संगीता कुमारी और शिवहर के विधायक चेतन आनंद ने 10 अक्तूबर को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। इनका क्षेत्र भी विधानसभा की ओर से रिक्त घोषित किया जा चुका है। इस बीच मोहनियां से राजद की निवर्तमान विधायक संगीता कुमारी, कांग्रेस के बिक्रम से निवर्तमान विधायक सिद्धार्थ सौरभ और मुख्य आयकर आयुक्त रहे सुजीत कुमार भाजपा में शामिल हुए। सीतामढ़ी के जदयू से पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू की भी भाजपा में घर वापसी हुई है। इन तीनों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में सदस्यता दिलाई। मालूम हो कि सुनील कुमार पूर्व मंत्री हैं। वर्ष 2019 में वह भाजपा छोड़कर जदयू से लोकसभा चुनाव लड़े थे। आयकर आयुक्त रहे सुजीत कुमार गौड़ाबौराम की विधायक स्वर्णा सिंह के पति हैं। इस बार उनके चुनाव लड़े की चर्चा है। इस मौके पर डॉ. जायसवाल ने कहा कि एक-दो दिनों मेंराजद और कांग्रेस के आधा दर्जन विधायक भाजपा मेंशामिल होंगे। पूरे बिहार में जो माहौल है, उससे साफ है कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। एनडीए में शामिल सभी पांच दल चट्टानी एकता के साथ चुनावी मैदान में जा रहे हैं जबकि महागठबंधन में भगदड़ मची है।







## जनसुराज ने जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चुनाव के लिए प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने सोमवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी की दूसरी लिस्ट में 65 कैंडिडेट्स के नाम हैं। आज जारी सूची में 20 रिजर्व सीट है, जबकि 46 जनरल हैं। लिस्ट में एससी-19, एसटी-1 और 14 मुस्लिम कैंडिडेट्स को उतारा गया है। 45 सामान्य सीटों में 34 मुस्लिम, क्उए और ग्उए को उतारा गया है। इनमें सवर्णों को 11 सीटें दी गई हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम अभयकांत झा का है, जिसे पार्टी ने टिकट दिया है। 74 साल के अभयकांत झा ने भागलपुर दंगे में मुस्लिमों के पक्ष में केस लड़ा था। प्रेस वार्ता में प्रशांत किशोर ने उनका परिचय कराते हुए पार्टी में उनका स्वागत किया। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार नौतन से संतोष चौधरी, रक्सौल से कपिलदेव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल, नरकटिया से लाल बाबू यादव, केसरिया से नाज़ अहमद खान उर्फ पप्पू खान, कल्याणपुर से डॉ मंतोष साहनी, चिरैया से संजय सिंह, शिवहर से नीरज सिंह, रीगा से कृष्ण मोहन, बथनाहा (एससी) से डॉ नवल किशोर चौधरी, बाजपट्टी से आज़म हुसैन अनवर, सीतामढ़ी से जियाउद्दीन खान, हरलाखी से रत्नेश्वर ठाकुर, राजनगर (एससी) से डॉ सुरेंद्र कुमार दास, झंझारपुर से केशव भंडारी, पिपरा से इंद्रदेव साह, त्रिवेणीगंज (एससी) से प्रदीप राम, नरपतगंज से जनार्दन यादव, ठाकुरगंज से मो एकरामुल हक, कसबा से इत्तेफाक आलम उर्फ मुन्ना, बनमनखी (एससी) से मनोज कुमार ऋषि, रूपौली से आमोद कुमार, कटिहार से डॉ. गाज़ी शारिक, कदवा से मोहम्मद शहरयार, बलरामपुर से असहाब आलम, मनिहारी (एसटी) से बबलू सोरेन, कोढ़ा (एससी) से निर्मल कुमार राज, सिंहेश्वर (एससी) से प्रमोद कुमार राम, मधेपुरा से शशि कुमार यादव, सोनबरसा (एससी) से सत्येन्द्र हाजरा, कुशेश्वरस्थान (एससी)से शत्रुधन पासवान, गौरा बौराम से डॉ इन्कार आलम, बहादुरपुर से आमिर हैदर, बड़हरिया से डॉ. शाहनवाज, गोरियाकोठी से एराज़ अहमद सिद्दीकी, तरैया से सत्येन्द्र कुमार सहनी, राजा पाकर (एससी) से मुकेश कुमार राम, महनार से डॉ. राजेश चौरसिया, पातेपुर (एससी)से दसई चौधरी, वारिसनगर से सत्य नारायण उर्फ प्रदीप सहनी, उजियारपुर से दुर्गा प्रसाद सिंह, रोसड़ा (एससी) से रोहित पासवान एवं हसनपुर से इंदु गुप्ता को (शेष पृष्ठ 2 पर)

# सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर डीएम ने की बैठक

## मतदान केन्द्र तथा सूची के अनुसार बल की तैनाती की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले में विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्ण चुनाव संपन्न कराने की तैयारी के सिलसिले में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी ने सुरक्षा बल की तैनाती लेकर एक आवश्यक बैठक की।

जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा बल की तैनाती को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कंात, नगर पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार की उपस्थिति में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नवगछिया ऑनलाइन उपस्थित थीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारी को सुरक्षा बल की तैनाती का खाका तैयार कर लेने का सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान सूची तथा मतदान केंद्र भवन के अनुसार बल की तैनाती की कार्य योजना तैयार कर लिए जाए। अगर किसी भवन में एक मतदान केंद्र है तो वहां 1-4 का बल रहेगा यदि किसी भवन में दो मतदान केंद्र है तो वहां 1-6 यदि कहीं तीन मतदान केंद्र है तो 2-8 का, इसी प्रकार जो वल्नरेबल बुथ है उसकी सूची में उसपर स्टार मार्कींग कर दिया जाए ताकि वहां सीएपीएफ लगाना होगा। इसके अलावे होम गार्ड के जवान को भी लगाना होगा जिला पुलिस बल, विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन कोषांग, कंट्रोल रूम एवं विभिन्न वरीय पदाधिकाररियों साथ कैंडिडेट के बडी गार्ड में लगाया जाएगा, क्यूआरटी को थाना में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उसका कार्य योजना समय से बना लें। इस दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# अब तक छह उम्मीदवारों ने कटवाया एनआर, एक का भी नहीं हुआ नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** प्रथम चरण में मसौढी विधानसभा में आगामी 6 नवंबर को वोटिंग होनी है, जिसको लेकर चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। हर तरफ मतदाताओं में काफी उत्साह देखते बन रहा है ऐसे में बीते 10 अक्टूबर से नामांकन कार्य की शुरुआत हो चुकी है, नामांकन के चौथे दिन तक एक भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया है। सोमवार को दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने एनआर रसीद कटवाया है। जिसमें श्रीकांत कुमार(बैरमचक) रविप्रकाश कुमार (छाता पंचायत मुखिया) ने एनआर कटवाया है। बहरहाल अब तक कुल 6 उम्मीदवारों ने एनआर कटवाया है जिसमें चार निर्दलीय उम्मीदवार और आरजेडी से रेखा पासवान एवं एनडीए से अरुण मांझी ने एनआर रसीद कटवाया है। वहीं मंगलवार को राजद प्रत्याशी रेखा पासवान का नामांकन होनी की सूचना है। बहरहाल नामांकन को लेकर नामांकन स्थल पर प्रशासन मुस्तैद है, तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अनुमंडल परिसर मे दक्षिणी गेट, पश्चिमी गेट और मुख्य गेट पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम कक्ष में नामांकन कार्य होना है। वही उम्मीदवारों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, नामांकन हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गई है।

# पटना-गया स्टेट हाइवे पर पलटी गाड़ी, लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया स्टेट हाईवे पर धनरूआ थाना क्षेत्र के सिराधी पर गांव के पास में सोमवार की शाम को अचानक एक सफ़ेद रंग की टवेरा सीएनजी गाड़ी सडक के किनारे हंडर मे भरे पानी में पलट गई और पलटने से अचानक आग लग गई, जोरदार आवाज से आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह से शीशा तोड़कर उसे कार में सवार दो व्यक्तियों को निकाले उसके बाद गाड़ी में अचानक आग लगी और घंटों आघ धड़ध उठी, सूचना मिलती ही मौके पर डायल 112 गाड़ी पहुंची और हालात को काबू पहुंचने में जुटे रही है स्थानीय लोगों ने बताया कि पटना की ओर से टवेरा गाड़ी गया की ओर जा रही थी जिसमें दो लोग सवार थे और काफी नशे में प्रतीत हो रहे थे, सिराधी पर गांव पर जैसे ही पहुंचे अचानक वह गाड़ी हंडर में पलट गई और आग लग गई आज इतनी भयावह थी कि लोग उसे गाड़ी के समीप नहीं जा पाए दूर से ही किसी तरह से आग पर काबू पाने की कोशिश की।

## नहर में डूबने से युवक की मौत

**पालीगंज।** पालीगंज प्रखंड के डीहपाली गांव के पास नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रमोद कुमार वर्मा के 26 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया गया।

## निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पर्चा भरा

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से जितेंद्र कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। यह पालीगंज विधानसभा से इस बार का पहला निर्दलीय नामांकन है। नामांकन के दौरान जितेंद्र कुमार के समर्थक भी मौजूद रहे। निर्वाचन कार्यालय में पूरे शांतिपूर्ण माहौल में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। अब तक कुल 10 लोगों ने नामांकन रसीद कटवाई है, हालांकि प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है। इसी कारण नामांकन प्रक्रिया अभी धीमी चल रही है। नामांकन के लिए अब केवल तीन दिन शेष बचे हैं। ऐसे में पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी धीरे-धीरे तेज होती जा रही है।

# विकास के नाम पर करें वोट : अरुण मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी विधानसभा में एनडीए से जदयू कोटे से प्रत्याशी अरुण मांझी उम्मीदवार बने हैं और ताबड़तोड़ हर प्रखंड में अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए उनमें जोश भर रहे हैं। सोमवार को धनरूआ प्रखंड में जदयू कार्यालय में बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष वेद प्रकाश ने की मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, महादलित आयोग के रूबेल रविदास, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद आलम,मुखिया रानी कुमारी, शंकर कुमार, ललन आजाद शामिल रहेः जदयू प्रत्याशी अरुण मांझी ने कहा की पूरे बिहार में मुख्यमंत्री नितिश कुमार के विकास दिख रहा है,हर तरफ विकास की चर्चा है। इसलिए मतदाताओं से अपील करेंगे कि किसी बहकावे में नहीं आए विकास के नाम पर वोट करें, आज पूरे बिहार में कई काम हुए हैं बिजली सड़क पानी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मुख्यमंत्री नितिश कुमार की अग्रणी भूमिका रही है। हर बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल रहा है। ऐसे में नीतीश कुमार के किए गए कार्यों को हर जनता तक ले जाकर उसे विकास के नाम पर वोट मांगना है। बूथ स्तर पर पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कहा गया है। बुथ स्तर पर पकड़ मजबूत बनाने और हर पंचायत लेवल पर अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गांव-गांव में प्रचार करने को कहा गया है। मौके पर अशोक रजक, सभाउद्दीन कादरी, मशकुर करीम राजेश्वर सिंह जाकिर हुसैन, बबलू कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों के पुलिस इन दोनों विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटीयों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चला रही है। ऐसे में धनरूआ पुलिस ने विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा निर्गत तिन वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कादिरगंज पुलिस ने पकौड़ा गांव से न्यायालय द्वारा निर्गत चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें सभी आरोपी दहेज अधिनियम में फरार चल रहे थे जिसकी गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा कई थानों के पुलिस लगातार विशेष अभियान चलाकर धर पकड़ अभियान चला रही है।

# मसौढ़ी मे ‘डोर टू डोर, नॉक द डोर’ जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** लोकतंत्र में आपका मत ही आपकी आवाज है। मसौढी लोकतंत्र का महापर्व चुनाव चुनाव को एक उत्सव के तौर पर मनाने के लिए मसौढ़ी विधानसभा में गांव से लेकर शहर तक कई कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। डॉट डोर अभियान, साइकिल रैली, मेहंदी प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है, इसके साथ ही अपील की जा रही है कि लोकतंत्र के इस उत्सव को एक सुखद अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध; आप आगे आएँ, गाँव-गाँव एवं शहर-शहर में मतदाता जागरूकता की धूम गूंज रही है। इसे लगातार जारी रखने को लेकर डोर-टू-डोर विजिट, नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ, मार्च टू बूथ, सेल्फी विथ बूथ, कास्ट-योर-वोट, आई विल वोट ऑन नवम्बर जैसे अभियानों के माध्यम से हर निर्वाचक तक पहुँचा जा रहा है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र की समृद्धि में आपका एक-एक वोट अहम है। आप सभी प्रजातंत्र के इस महापर्व बिहार विधान सभा आम निर्वाचन में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही, अपने सभी परिवारजन, सगे-संबंधियों एवं परिचितों को भी मतदान करने हेतु अभिप्रेरित करें।

# तीन पीढ़ियों से घर-घर का भरोसेमंद नाम ‘अन्नपूर्णा घी’

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पिछली तीन से अधिक पीढ़ियों से, अन्नपूर्णा घी सिर्फ़ रसोई का ज़रूरी हिस्सा नहीं रहा है, बल्कि यह शुद्धता, पोषण और परंपरा का प्रतीक बना हुआ है। रोज़मर्रा के भोजन से लेकर त्योहारों के अवसर तक, इसकी गाढ़ी खुशबू, दानेदार बनावट और असली स्वाद ने समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए इसे पूरे भारत में घर-घर का भरोसेमंद नाम बना दिया है। यह विरासत केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवारों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाई जाने वाली परंपरा है, जो अपनी स्थायी गुणवत्ता से पीढ़ियों को जोड़ती है। 70 वर्षों से अधिक की घी बनाने की परंपरा और पूर्वोत्तर भारत के सबसे मज़बूत तथा सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड होने के नाते, अन्नपूर्णा समूह को विश्वास है कि यह श्रेणी उनके विकास का प्रमुख आधार बनेगी। कंपनी अब अपने मौजूदा बाज़ार यानि पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अपनी पकड़ और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से उत्तर भारत में कदम रख रही है और धीरे-धीरे पूरे भारत में विस्तार की दिशा में अग्रसर है। इस विस्तार यात्रा के तहत, अन्नपूर्णा ने उत्तर भारत के बाज़ार में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने शहनाज़ गिल जो देश की सबसे लोकप्रिय हस्तियों में से एक हैं, को अन्नपूर्णा काऊ घी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसे सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करते हुए, ब्रांड ने शुद्धता और विश्वास का अपना वादा उस क्षेत्र में और सुदृढ़ किया है, जहाँ भोजन, संस्कृति और परंपरा का विशेष महत्व है। इस विकास यात्रा की सबसे बड़ी ताक़त अन्नपूर्णा का गुणवत्ता पर कभी समझौता न करना है। अन्नपूर्णा घी के हर डिब्बे को बेहद सावधानीपूर्वक प्रक्रिया द्वारा तैयार किया जाता है।

# सतपरसा पंचायत में ग्रामीणों ने स्कूल, रोड पुल नहीं तो वोट नहीं के लगाए नारे

## सड़क नहीं रहने से परेशानी होने की कही बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के सतपरसा पंचायत में इस बार के चुनाव में भी ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए हैं और गांव में बैनर लगाकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। दरअसल पिछले कई चुनाव में सतपरसा पंचायत के ग्रामीण वोट का बहिष्कार करते रहे हैं। बताया जाता है कि गांव में आने जाने के लिए आज तक सड़क नहीं बनी है, दरधा नदी के किनारे पर बसे हुए यह गांव में भी पुल नहीं बना है और ना ही बच्चों के पढ़ने के लिए स्कूल बना है। तमाम बुनियादी सुविधा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अजीज होकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में भी ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया था इस बार भी ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का नारा लगाते हुए निर्णय लिया है।। स्थानीय ग्रामीणों में रेणु देवी, विभा देवी, चंदन कुमार, नीरज कुमार, विकास कुमार ,विजय शर्मा, देवशरण पासवान, राजकिशोर सिंह आदि सभी मतदाताओं ने कहा है कि हमारे गांव में जब तक रोड पुल और स्कूल जैसे बुनियादी सुविधा नहीं मिलती है हम सभी लोग वोट बहिष्कार करेंगे ऐसी सरकार बनाने से क्या फायदा जो हम सभी मतदाताओं की मांग को पूरा नहीं करते हैं हमारे गांव में बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय नहीं है आने जाने का रास्ता नहीं है तो फिर कैसा विकास।

## लक्ष्मण झूला से कूद कर जान देने की कोशिश, लोगों ने बचाया

**मसौढ़ी।** पिछले कई दिनों से डिप्रेशन का शिकार एक युवक सोमवार को पुनपुन नदी में लक्ष्मण झूला के ऊपर से कूद कर जान देने की कोशिश की है जहां समय रहते हैं आसपास के लोग किसी तरह से उसे डूबने से बचाया और उसे बाहर निकाला मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान की थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि प्रिंस कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता राजेश साहू जो मसौढी थाना के लखिबाग का रहने वाला है। जो आत्महत्या करने के लिए लक्ष्मण झूला से नीचे पुनपुन नदी में छलांग लगा दिया था, नदी में पुल निर्माण का सेंटरिंग में वह फस गया जिसे बड़ी मशक्कत से रेशकयू कर सुरक्षित बचाया गया एवं उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया, उसके परिजनों ने बताया कि पिछले काफी दिनों से वह डिप्रेशन का शिकार था और दो-तीन दिन से घर से फरार चल रहा था।

## अपराध की योजना बनाते किया गिरफ्तार

**बिहटा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नेउरा थाना की पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है जिसके पास से एक देसी कट्टा तीन जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान राकेश कुमार के रूप में है बताई जा रही है। पूरे मामले पर पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी दी है। एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बीते देर रात्रि नेउरा थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नेउरा थानाक्षेत्र के बधपुर गांव में एक अपराधी जिसका नाम राकेश कुमार है।

## पेज 1 का शेष

### जनसुराज ने जारी की...

उम्मीदवार बनाया गया है। इसी प्रकार चेरिया बरियारपुर से डॉ मृत्युंजय, बखरी(एससी) से डॉ. संजय कुमार पासवान, अलौली (एससी) से अभिशांक कुमार, कहलगांव से मंजर आलम, भागलपुर से अभयकांत झा, तारापुर से डॉ संतोष सिंह, जमालपुर से ललन जी यादव, सूर्यगढ़ा से अमित सागर, इस्लामपुर से तनुजा कुमारी, हरनौत से कमलेश पासवान, बख्तियारपुर से बाल्मीकि सिंह, फुलवारी (एससी) से प्रो. शशिकांत प्रसाद, संदेश से राजीव रंजन सिंह, बक्सर से तथागत हर्षवर्धन, डुमरांव से शिवांग विजय सिंह, राजपुर (एससी) से धनंजय पासवान, चैनपुर से हेमंत चौबे, नोखा से नसरुल्लाह खान, कुटुम्बा (एससी) से श्याम बली राम उर्फ महाबली पासवान, बाराचट्टी (एससी) से हेमन्त पासवान, टिकारी से डॉ. शशि यादव तथा वजीरगंज से संतोष कुमार को उम्मीदवार बनाया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि समाज के हर वर्ग से अच्छे लोगों को चुनकर ही पार्टी 243 कैंडिडेट की लिस्ट तैयार कर रही है। प्रशांत किशोर ने कहा, ‘हमने जो वादा किया था कि जिसकी जितनी संख्या है, उसको उतनी भागीदारी दी जाएगी। हमने कहा था समाज से अच्छे लोगों को चुनकर लाएंगे। जब 243 नामों की घोषणा हो जाएगी तो शायद ही कोई समाज बचेगा, जिसके लोग को टिकट नहीं मिला हो। हमने तय किया है कि 70 अति पिछड़ा समाज के लोग चुनाव लड़ेंगे। अगर उनके पास साधन नहीं होगा तो पार्टी साधन जुटाएगी। उन्हें ट्रेनिंग भी दी जाएगी। दोनों लिस्ट मिलाकर 116 सीट पर कैंडिडेट्स की घोषणा हो गई है, इनमें 25 रिजर्व हैं। आरक्षित सीटें 25 कर रहे हैं। बच गई 91 सीट, इनमें 31 में अति पिछड़ा समाज को भागीदारी दी गई है।

# मेदांता ने शुरू किया ‘जानता है मेदांता’ अभियान कैंसर जागरूकता को दिया नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** भारत में हर 9 में से 1 व्यक्ति को जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फ़ेफड़ों का कैंसर और महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे आम है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस अभियान की शुरुआत स्तन कैंसर जागरूकता से की गई है। दरअसल मेदांता अस्पताल ने कैंसर जागरूकता के लिए एक अनोखे अभियान ‘जानता है मेदांता’ की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान को प्रोत्साहित करना और उपचार के महत्व को उजागर करना है।मेदांता ने इसके साथ ल्लआओ देखो सीखो कियोस्क की भी शुरुआत की है, जहाँ महिलाएँ विशेषज्ञों की देखरेख में सिम्युलेटर के ज़रिए सुरक्षित माहौल में स्व-जांच सीख सकेंगी। इसके अलावा, मेदांता की टीम खेल, सर्वाइवर मीट और ग्रामीण जागरूकता अभियानों के ज़रिए 100 से अधिक समुदायों और 5000 परिवारों तक यह संदेश पहुँचाएगी कि –कैंसर से डर नहीं, जागरूकता ही बचाव है। मेदांता का कहना है कि ‘जानता है मेदांता’ सिर्फ एक टैगलाइन नहीं, बल्कि एक वादा है।

# पूर्व मंत्री संतोष निराला को मिला एनडीए का सिंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बक्सर।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सोमवार को जदयू के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला को 202 - राजपुर (सु.) विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) प्रत्याशी के रूप में सिंबल प्रदान किया। सिंबल प्राप्त करने के पश्चात श्री निराला ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजपुर विधानसभा की जनता का प्रेम और संगठन का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और विकास के संकल्प के साथ निभाऊँगा। पूर्व मंत्री श्री निराला ने यह भी स्पष्ट किया कि वे जमीनी स्तर पर विकास की प्रत्येक रेखा को मूर्त रूप देने और राजपुर को बिहार के सर्वश्रेष्ठ विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य से चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। इस अवसर पर जदयू एवं एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने श्री निराला को शुभकामनाएँ दीं और आगामी चुनाव में राजपुर से एनडीए की भारी बहुमत से जीत का विश्वास जताया। राजपुर की जनता के विकास और विश्वास का प्रतीक बनकर एक बार फिर श्री निराला चुनावी मैदान में हैं।अब देखना यह है कि जनता एक बार फिर उनके अनुभव और कार्यशैली पर भरोसा जताती है या नया विकल्प चुनती है।

# राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आरोपित बनाये जाने से बिहार शर्मसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने आज यहां कहा कि दिल्ली कोर्ट द्वारा एक मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आरोपी बनाये जाने से आज बिहार शर्मसार हुआ है। जनता उन लोगों को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने सोमवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जिस परिवार के लोग बिहार के मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे थे, उनके विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति की हेराफ़ेरी के मामले में अपराध सिद्ध हो गया है। जिससे आज बिहार कलंकित हो गया है। वहीं ऐसे पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान की खुलेआम हत्या कर रहे हैं।

श्री आर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक दलित मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना हुई है। लेकिन महागठबंधन के कांग्रेस और राजद के लोगों को उक्त दलित छात्रा की कोई चिंता नहीं है और न ही एक शब्द कहा गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कहती है कि है कि रात में छात्रा को बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बाद भी महागठबंधन ममता बनर्जी के साथ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी के ऐसे बयान से स्पष्ट होता है कि बंगाल में अपराधियों का राज चल रहा है और खासकर, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। वहीं बिहार में सत्ता पाने के लिए महागठबंधन के घटक दलों को अपनी खामियां नजर नहीं आ रही है और वे लोग झूठी घोषणाएं करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के मुख्य घटक राजद बिहार में लंबे समय तक सत्ता में रही और उस समय प्रदेश की हालत कैसी थी और आमलोग किस हालत में रहने के लिए विवश थे, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है।

ठीक इसके विपरीत आज बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार बेहतर ढंग से चल रही है। हर तबके के लोग खुशहाल हैं और हर क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से हुए हैं। श्री आर्य ने कहा कि विकास को लेकर एनडीए गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने का काम करेगी। जनता के आशीर्वाद से एनडीए गठबंधन सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। मौके पर प्रदेश भाजपा के सचिव अनिल ठाकुर, झारखंड भाजपा के मोर्चा नेता संजय पासवान एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार भी मौजूद थे।

## बैंक में जीविका दीदीयों में अफरा-तफरी का माहौल

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जीविका दीदीयों को बैंक से पैसा निकालना परेशानी का सबक बन गया है। दरअसल इन दिनों प्रतिदिन बैंकों में इस कदर भीड़ उमड रही है कि रोजाना हो हंगामा मच रहा है, ऐसे में सोमवार को भगवानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मध्य बिहार ग्रामीण बैंक मे केवाईसी करवाने पहुंचे सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदीयों की भीड उमड पड़ी, जहां अफरा तफरी का माहौल हो गया, वही इस भीड को देखते हुए बैंक कर्मियों ने बैंक का मेंन गेट को बंद कर दिया और खिड़की से टोकन फेंकने लगे, इसी टोकन को लूटने के चक्कर में भगदड़ मच गया और कई महिला गिरकर जख्मी हो गई।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माणाधीन बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। उनके साथ वलसाड के सांसद धवल पटेल और गणदेवी के विधायक नरेश पटेल भी थे। इस दौरान मंत्री ने बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन पर चल रहे निर्माण और ट्रैक बिछाने के कार्यों की समीक्षा की। बिलिमोरा शहर आम के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। स्टेशन के फसाड का डिजाइन आम के बागानों से प्रेरित है जो शहर की प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय पहचान को प्रतिबिंबित करता है। आंतरिक और प्लेटफॉर्म क्षेत्र को पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के साथ डिजाइन किया गया है। फॉल्स सीलिंग को एंटी-वाइब्रेशन हैंगर से लगाया गया है ताकि ट्रेनों की तेज गति से होने वाले कंपन का असर फिटिंग्स पर न पड़े। स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे कि वेटिंग लाउंज, नर्सरी, शौचालय, रिटेल आउटलेट आदि। विभिन्न स्तरों पर सहज आवागमन के लिए कई लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और बच्चों वाले परिवारों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टेशन परिसर में हरियाली और ताजगीपूर्ण वातावरण बनाने के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ जोन, बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग, इवी पार्किंग आदि की योजना बनाई गई है। सुविधा और स्थिरता को मिलाते हुए, स्टेशन में इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की कई विशेषताएं शामिल की गई हैं, जैसे कि पानी का कुशल उपयोग, वर्षा जल संचयन, लो-फ्लो सैनिटरी फिटिंग्स, आंतरिक हिस्सों में कम गर्मी प्रवेश, कम वाष्पशील कार्बनिक यौगिक वाले पेंट आदि। रेल लेइंग कार ट्रैक कंस्ट्रक्शन बेस से 200-मीटर वेल्डेड रेल पैनलों को स्थापना स्थल तक ले जाने की सुविधा प्रदान करती है जिससे रेल पैनलों को यांत्रिक रूप से संभालने और रखने में आसानी होती है और मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होता है। 320 कि.मी./घंटा की गति पर ट्रेनों के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सर्वेक्षण की सटीकता को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। उच्चतम विश्वसनीयता और सटीकता वाले अत्याधुनिक सर्वेक्षण उपकरण तैनात किए जाते हैं और सभी सर्वेक्षण चरणों का बहु-स्तरीय सत्यापन किया जाता है। मामूली निर्माण भिन्नताओं की प्रभावी भरपाई के लिए रेफरेंस पिन सर्वे और रिग्रेशन एनालिसिस विधियों को अपनाया जाता है। बिलिमोरा स्टेशन में दो लूप लाइनें हैं जिनमें चार 18 में से 1 टर्नआउट्स मूवेबल क्रॉसिंग्स के साथ और दो 18 में से 1 क्रॉसओवर्स शामिल हैं। मुख्य लाइन 12 में से 1 टर्नआउट के माध्यम से शाखाबद्ध होती है ताकि कन्फर्मेशन कार बेस को समायोजित किया जा सके।

# राजद विधायक संगीता कुमारी, कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरभ और पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में राजद के निवर्तमान विधायक संगीता कुमारी और कांग्रेस निवर्तमान विधायक सिद्धार्थ सौरभ, पूर्व सांसद सुनील कुमार पिंटू ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा इस समारोह में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर रहे सुजीत कुमार भी भाजपा में शामिल हुए। इन सभी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सदस्यता ग्रहण करवाई। इस समारोह में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि पूरे बिहार में जो माहौल है उससे साफ है कि बिहार में फिर से



एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए में शामिल सभी पांच दल चट्टानी एकता के साथ चुनावी मैदान में जा रहे हैं जबकि महागठबंधन में भगदड़ मची है। उन्होंने पार्टी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि अन्य दल के लोग एनडीए में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है और जल्द ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी जाएगी। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए के उम्मीदवारों के नामांकन का पर्चा दाखिल करने के दौरान एनडीए के बड़े नेता, राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के नेता प्रत्येक जिला में रहेंगे और नामांकन सभा आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी और विधान पार्षद संजय मयूख एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी भी उपस्थित रहे।

# मां का फर्ज और ड्यूटी का धर्म दोनों निभा रहीं शाजिया इकरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच जहां हर अधिकारी और सुरक्षाकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। ऐसे में एक मार्मिक दृश्य सबका दिल छू गया। नामांकन केंद्र पर ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस अधिकारी एसआई शाजिया इकरा अपने नन्हें बच्चे को गोद में लेकर ड्यूटी पर नजर आईं। ड्यूटी की सख्ती और मां के प्यार की कोमलता दोनों का अनोखा संगम इस तस्वीर में झलकता है। एक ओर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी, तो दूसरी ओर मां के रूप में अपनी संतान की देखभाल का फर्ज शाजिया इकरा निभा रही हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां हर अधिकारी अपने-अपने स्तर पर समर्पित है। ऐसे में एसआई शाजिया इकरा जैसी महिला पुलिसकर्मियों की यह तस्वीर बताती है कि वर्दी के पीछे भी एक संवेदनशील दिल होता है। हर लोग उस महिला के जज्बे की सराहना और सलाम कर रहा है।

**जिला प्रशासन पूरी तरह एक्टिव**

दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नामांकन प्रक्रिया को लेकर वैशाली जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। हाजीपुर समाहरणालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 15 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नामांकन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। समाहरणालय के इलाके को बैरिकेडिंग कर एंट्री नियंत्रित कर दिया गया है। सिर्फ अधिकृत व्यक्तियों और प्रत्याशी से जुड़े प्रतिनिधियों को ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है।

# बी.डी. कॉलेज परिसर में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का शुभारंभ

## कॉलेज परिसर की हरियाली को मिलेगा बढ़ावा और स्वच्छता को एक नई दिशा मिलेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना ने आज पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने परिसर में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का शुभारंभ किया। यह इकाई कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा निदान नामक प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से स्थापित एवं संचालित की गई है। इस पहल का उद्देश्य जैविक अपशिष्ट को पुनः उपयोग कर उसे पोषक खाद में परिवर्तित करना है जिससे कॉलेज परिसर की हरियाली को बढ़ावा मिलेगा और स्वच्छता को एक नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने की जिनके मार्गदर्शन में यह संकल्प साकार




हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा वर्मी कम्पोस्ट यूनिट न केवल हमारे परिसर को स्वच्छ और हरित बनाएगी, बल्कि विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाएगी। यह इकाई शिक्षा और पर्यावरण के बीच एक जीवंत सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के बर्सर डॉ. अमित कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग की कुमारी मोनिका तथा एनसीसी के प्रतिनिधि राहुल कुमार सहित अनेक शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बी.डी. कॉलेज की दूरदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बताया। वर्मी कम्पोस्ट यूनिट के माध्यम से कॉलेज परिसर में उत्पन्न जैविक कचरे को केंचुओं की सहायता से पोषक खाद में बदला जाएगा, जिसका उपयोग वृक्षारोपण, बागवानी एवं अन्य हरित अभियानों में किया जाएगा। यह इकाई विद्यार्थियों के लिए एक प्रायोगिक शिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगी जहां वे पर्यावरणीय विज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझ सकेंगे। बी.डी. कॉलेज की यह पहल न केवल एक शैक्षणिक संस्थान की जिम्मेदारी को दर्शाती है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी आवश्यक है. यह हरित कदम आने वाले समय में कॉलेज को एक मॉडल ग्रीन कैंपस के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।

# वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकौना टोला बनकट में रविवार को एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। इस बाबत आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि बनकट निवासी बैजनाथ यादव की पत्नी 35 वर्षीय मुनिया देवी की अपने टोले ही में वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया गया है और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला खेत से घास लेकर आ रही थी। इसी बीच बैक कर रहे एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। अचानक दुर्घटना में मौत होने से घर में कोहराम मच गया है। एक ओर जहां आठ वर्षीय बेटी दौलती, चार वर्षीय बेटा आकाश और दो वर्षीय बेटा प्रकाश मां की मौत पर फुट-फुट कर रो रहे हैं तो अन्य परिजन भी गहरे सदमे में हैं। इस हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है।

## 1.62 लाख रुपये की ठगी

**गया जी।** साइबर गिरोह से जुड़े एक फर्जी कर्नल ने गया जी शहर के दुःखहरनी मंदिर के पास बुद्धा ट्रेडर्स के मालिक शशि कुमार को झांसे में लिया और उनसे एक लाख 62 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले को लेकर पीड़ित दुकानदार के बयान पर साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पीड़ित शशि ने साइबर थाने के दारोगा को बताया कि एक व्यक्ति ने कॉल किया और अपना परिचय मिलिटरी कैंप के कर्नल के रूप में दिया।

# प्रशिक्षण में कर्मियों की अनुपस्थिति रहने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर निर्वाचन में जुड़े पदाधिकारी/कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व के साथ समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान पता चला कि कुछ कर्मिगण अनुपस्थित रह रहे हैं, जिसे लेकर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे गंभीरता से लिया है।डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी कर्मी अपने स्वास्थ्य कारणों को दिखाते हुए अनुपस्थित हो रहे हैं, उस स्थिति में ऐसा माना जाएगा कि वे संबंधित कर्मी अपने कार्यालय के सामान्य कार्य के संपादन में भी सक्षम नहीं है। वैसे उन संबंधित कर्मियों के जो कार्य में सक्षम नहीं है, उनके विभाग को अवगत कराते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी।निर्वाचन के कार्य में दिए गए निर्देश के अवहेलना पर विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई भी सुसंगत धाराओं के साथ की जाएगी।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित दैनिक जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विकसित भारत बिल्डाथॉन उद्घाटन में स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना ने बिहार का किया प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना.** यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है किरिया, काव्या और निधि, स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना की छात्राएं देशभर से चयनित 10 टीमों में शामिल थीं जिन्होंने आज आयोजित विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के उद्घाटन सत्र में प्रस्तुति दी. इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा किया गया. बिहार की एकमात्र टीम थी स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग जिसने इस राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति दी. छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल को




मेंटर्स और विशेषज्ञों द्वारा अत्यधिक सराहना मिली. इस अवसर पर विजय प्रकाश, अध्यक्ष, ए.पी.सी.एल. एवं चेयरमैन, ए.आई.सी.-बी.वी. फाउंडेशन, डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्य, स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, प्रमोद कर्ण, सी.ओ.ओ., ए.आई.सी.-बी.वी. फाउंडेशन तथा राजेश कुमार, ए.आई.सी. प्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद कुमार सिंह (ए.टी.एल. प्रभारी)एवं रिशु द्वारा किया गया. विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 देश का सबसे बड़ा विद्यालय-स्तरीय नवाचार आयोजन है जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं. इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता, डिजाइन थिंकिंग और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है. कार्यक्रम 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे आरंभ हुआ और दोपहर 12 बजे संपन्न हुआ. इसमें देशभर की टीमों ने चार प्रमुख विषयों में से एक पर वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया. प्रत्येक टीम को 14 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच 2-5 मिनट का वीडियो प्रस्तुत करना होगा जिसमें वे अपने समस्या कथन, समाधान या प्रोटोटाइप, कार्यप्रणाली और प्रभावका विवरण देंगी. विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरांत 1,000 जिला, 100 राज्य और 10 राष्ट्रीय स्तर के विजेता जनवरी 2026 में घोषित किए जाएंगे.

विजेता टीमों को दीर्घकालिक मार्गदर्शन, कॉर्पोरेट सहयोग और नवाचार संसाधनों तक पहुंच प्रदान की जाएगी. हमारी छात्राएं रिया, काव्या और निधि ने बिहार की नवाचार भावना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया है. यह हमारे विद्यालय की उस शिक्षण पद्धति का प्रतीक है जिसमें अनुभवात्मक अधिगम और सृजनशीलता को प्राथमिकता दी जाती है.

# जलवायु अनुकूल कृषि पर मानपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा जिले के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं विषयगत प्रबंधकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण (13 से 14 अक्टूबर 2025) के आयोजन की शुरुआत सोमवार को मानपुर में की गई। इस अवसर पर जीविका गया के जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने कहा पर्यावरण अनुकूल कृषि वर्तमान की जरुरत है। एकल खुदाई (जीरो टिलेज) कृषि पर्यवरण अनुकूल के साथ-साथ पारंपरिक कृषि के मुकाबले ज्यादा किफायती है। इसे अपनाने की जरुरत है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप खेती की पद्धतियां, टिकाऊ कृषि तकनीकें, जल एवं मृदा संरक्षण के उपाय तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि मृदा और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए अधिकतम उत्पादन किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है। इसमें एकल खुदाई (जीरो टिलेज) एवं जैविक कृषि के फायदे। इसका प्रचार-प्रसार आदि के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण का संचालन डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट (पटना) के सीनियर को ऑर्डिनेटर अमितेश आनंद और सुजीत पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटते हुए किसानों की आय कैसे बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कम लागत वाली तकनीकों, फसल विविधीकरण और जैविक खेती के लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रबंधक जीविकोपार्जन कृषि कौटिल्य कुमार ने कहा कि कृषि में किसानों को सलाह एवं जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम संसाधन सेवियों की मदद ली जाती है। इसी साप्ताह ग्राम संसाधन सेवियों एवं पशु सखियों को टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। किसानों को पर्यावरण अनुकूल की जानकारी दी जा रही है। ऐसे प्रशिक्षण वर्तमान की जरुरत है इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी, अपितु इससे पर्यवरण संरक्षण में सहयोग मिलेगा। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि अपनाने के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण में पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सहित बीपीएम एवं विषयगत प्रबंधकों ने भाग लिया।

# जयंती पर याद किए गए जेपी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जयंती धूमधाम से रविवार को मनाया गया। खादी कर्मियों द्वारा सुबह प्रभातफेरी के साथ-साथ सर्वधर्म प्रार्थना एवं उत्साहित होकर सामूहिक सफाई कार्यक्रम की गयी। इसके उपरांत जेपी प्रतिमा पर पुष्पअर्पित करते हुए अपने-अपने विचार रखे गये। ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोधोग समिति प्रधान कार्यालय के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि ग्राम निर्माण मंडल की स्थापना जेपी द्वारा 1954 में की गयी है। संस्था का मुख्य उद्देश्य लोक हित जीवन के मूल्यों में परिवर्तन करना है जिससे व्यक्तिगत से भौतिक आकांक्षाएं आध्यात्मिक प्रेरणाओं से पोषित हो। इस दिशा में संस्था निरंतर काम कर रही है। मंत्री अनील कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही खादी ग्रामोद्योग उत्पादन एवं बिक्री बड़े पैमाने पर किया जाता है। ग्रामीण शिल्पियों द्वारा सूत कताई, वस्त्र रंगाई आदि का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर शिववचन प्रसाद, राम प्रवेश प्रसाद, राज्य कुमार सिन्हा, हरि सिंह, रत्नाकर प्रसाद सिंह, कुलदीप महतो, उदय शंकर शर्मा, सुनीता देवी, नरेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# जीबीएम कॉलेज में बीए/बीएससी/बीकॉम सेमेस्टर फाइव की छात्राओं के लिए सीआईए जांच परीक्षाएं प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में बीए/बीएससी तथा बीकॉम सत्र 2023 से 2027 की सेमेस्टर फाइव की छात्राओं के लिए 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक दो पालियों में आयोजित होने वाली सतत आंतरिक आकलन जांच परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षाएं पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 12.30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं अपराह्न 1.30 से 3.30 तक चलेंगी। बीए/बीएससी/बीकॉम के सत्र 2024 से 2028 की सेमेस्टर 3 कक्षा की छात्राओं की सीआईए परीक्षाएं 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होंगी। प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के निर्देशानुसार बीए/बीएससी/बीकॉम सत्र 2025 से 2029 की प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं सीआईए जांच परीक्षाएं दीपावली एवं छठ की छुट्टियों के बाद 30 अक्टूबर से 01 नवंबर तक चलेंगी। सभी छात्राओं को समय से आकर सीआईए जांच परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है जो छात्राएं इन परीक्षाओं में किसी भी कारण से अनुपस्थित रह जाती हैं तो उन्हें रीटेस्ट देने के लिए संबंधित दस्तावेजों के साथ कॉलेज में 100 रुपये का अतिरिक्त शुल्क प्रति छूटा हुआ पेपर जमा करना होगा। अतः सभी परीक्षा सारणी को गंभीरता से लें। साथ ही जो छात्राएं सत्र 2025-26 में ब्लिस में नामांकन लेना चाहती हैं, वे कॉलेज आकर ऑफलाइन माध्यम से 18 अक्टूबर तक नामांकन प्रपत्र अनिवार्य रूप से जमा कर दें। डॉ रश्मि ने बताया कि मंगलवार 14 अक्टूबर को आंतरिक परीक्षाओं के उपरांत अपराह्न 2.30 बजे से कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में प्रधानाचार्या डॉ पटेल की उपस्थिति में एमिटी एवं एलपीयू यूनिवर्सिटीज के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग सेशन का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्या ने एमयू में एनएसएस स्थापना दिवस पर आयोजित गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर चयनित एनएसएस स्वयंसेवक लवली कुमारी का उत्साहवर्द्धन भी किया।

# सरकारी नाली निर्माण में बाधा उत्पन्न करने के मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के भोला बिगहा गांव में सरकारी फंड से कराये जा रहे नाली निर्माण का विरोध करने व रंगदारी मांगने के मामले में कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। साथ ही देसी कट्टा को जब्त किया गया है। उक्त बातें रविवार को मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बतायीं। उन्होंने बताया कि भोला बिगहा गांव में सरकारी फंड से कराये जा रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान कुछ लोग अवैध हथियार लेकर आये और धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की। इसका विरोध करने पर मारपीट भी की। शोरगुल सुन कर ग्रामीण एकत्रित होने लगे, तो रंगदारी मांगने वाले लोग भाग निकले। लेकिन, भागने के दौरान एक देसी कट्टा घटनास्थल पर गिर गया। उस कट्टे को ग्रामीणों ने मगध मेडिकल थाने की पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में भोलाबिगहा गांव के रहने वाले कपिल यादव के बयान पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# पुलिस-एसएसबी ने संयुक्त रूप से नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गया जी जिला पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को गया जी जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधी बिगहा थाना क्षेत्र में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गया के कमांडेंट मधुकर अभिषेक के निर्देश पर 'सी' समवाय डुमरिया के उप-निरीक्षक ओम प्रकाश के नेतृत्व में एसएसबी और बोधी बिगहा थाना की पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस संयुक्त सर्च अभियान के दौरान टीम ने खड़ग, डिभका और पोखरपुर गांवों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 13 लीटर 750 मिली लीटर देशी शराब को बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों और जब्त शराब को बोधी थाने की पुलिस को विधिक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। इस संबंध में बोधी बिगहा थाना अध्यक्ष प्रिय नंदन आलोक ने बताया कि यह अभियान नक्सल प्रभावित इलाके में शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान पूरी तरह सक्रिय है। अवैध शराब कारोबार और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई नक्सल प्रभावित इलाकों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से की गयी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी ऐसे सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को सक्रिय होने का मौका नहीं मिले।

# कट्टे के साथ दो युवक धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर परैया पुलिस सघन छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के पहरा गांव से दो युवकों को देसी कट्टे और नकली पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान पहरा गांव निवासी विकास कुमार और धनंजय कुमार उर्फ रवि कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि दोनों युवक कट्टे के साथ गांव में घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एएसआइ लीलाधर यादव के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई कर पहरा गांव में छापेमारी की और दोनों युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से एक कट्टा और एक नकली पिस्टल बरामद की है। इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। गिरफ्तार युवकों को जेल भेजा गया है।

# नवादा में नामांकन की प्रक्रिया शुरू पहले दिन नौ ने लिया नामांकन पत्र

**बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025**







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025 के द्वितीय चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर नवादा जिले में नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार 13 अक्टूबर से विधिवत रूप से शुरू हो गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 अक्टूबर तथा नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। रजौली (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र में निर्वाची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन, हिसुआ में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी डॉ. अनिल कुमार तिवारी, नवादा में अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग, गोविंदपुर में उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी तथा वारिसलीगंज में भूमि सुधार उपसमाहर्ता गौरव शंकर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले दिन नामांकन की स्थिति में रजौली एवं गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रत्याशी ने न तो नामांकन पत्र लिया और न ही दाखिल किया। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में आजाद गीता प्रसाद शर्मा ने, नवादा विधानसभा क्षेत्र में मुमताज आलम और रविश कुमार ने तथा वारिसलीगंज में बब्लू कुमार, अनिता, नयन कुमार, सकलदेव यादव, उमाकांत एवं अरुणा देवी सहित कुल छह अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। इस प्रकार पहले दिन कुल नौ संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया, हालांकि किसी भी क्षेत्र में नामांकन दाखिल नहीं हुआ। जिला प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारी की है। नामांकन स्थलों पर प्रत्याशियों और समर्थकों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क, वेटिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी एवं सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। निर्वाचन कार्यालय ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या नियम उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्वाचन व्यवस्था को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर अधिकारी तैनात किए गए हैं ताकि चुनावी प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# स्नातक वोटरों को जागरूक करना सरकार का काम : दिलीप कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के स्नातक अधिकार मंच के कार्यालय में मंच के संयोजक दिलीप कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि स्नातक पास पढ़े लिखे लोगों के मताधिकार का प्रयोग से उनका एक प्रतिनिधि विधान परिषद में बैठते हैं जिन्हें स्नातक विधान पार्षद कहा जाता है। यह चुनाव प्रत्येक छह वर्षों के बाद होता है। यह चुनाव सरकार द्वारा बनाए वोटरों से नहीं अपितु स्नातक किए हुए या उसके समक्ष प्राप्त डिग्रीधारियों के द्वारा स्वयं प्रखंडों जिला एवं कमिश्नरी में जाकर फार्म भरकर बनाए गए वोटों के आधार पर चुनाव होता है। सन 2026 में होने वाले स्नातक चुनाव के लिए भी स्नातक वोटर बनाने का प्रक्रिया 30 सितंबर से ही शुरू हो चुकी है जो 6 नवंबर 2025 को समाप्त हो जाएगी। जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित भी की जा चुकी है। बावजूद इसके कहीं भी किसी भी प्रखंड कार्यालय में अभी तक स्नातक बनने का कोई फार्म या कोई काउंटर उपलब्ध नहीं है। सन 2026 में चार राज्यों में बिहार, कर्नाटक, मुंबई एवं उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है लेकिन बिहार का वोट बनने की चुनावी प्रक्रिया अभी नहीं होनी चाहिए थी। चुंकि बिहार में अभी इसी महीने बिहार विधानसभा का भी चुनाव चल रहा है। ऐसी स्थिति में वोटर बनवाने का कार्य नहीं किया जाना चाहिए था। यह जानबूझकर वोटर नहीं बनने की प्रक्रिया का एक जीता जागता उदाहरण है। स्नातक वोटरों को जागरूक करना सरकार का काम है लेकिन अभी इस चुनाव के दौर में निर्वाचन आयोग के द्वारा स्नातक वोटरों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाना यह निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता को दर्शाता है। मंच के संयोजक दिलीप कुमार ने बताया कि स्नातक अधिकार मंच पूर्व में भी पटना, नालंदा, नवादा जिलों के साथ-साथ पूरे बिहार में स्नातकों को जागरूक करने का कार्य सन 2020 में किया था जिसके चलते पूर्व की भांति काफी अधिक संख्या में स्नातक मतदाता बने थे। सन 2025 के अक्टूबर माह के प्रारंभ से ही मंच के द्वारा तीनों जिले क्रमशः नालंदा पटना एवं नवादा में स्नातक वोटरों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। दिलीप कुमार ने मीडिया के माध्यम से सभी स्नातकों को वोटर बनने की अपील की है।

## एक नजर

### सर्पदंश से महिला गंभीर, रेफर

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा गांव में एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। सर्पदंश के बाद घायल महिला को परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायल महिला की पहचान लेंगुरा निवासी सुधारी मिस्त्री की पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है। घायल महिला का प्राथमिक इलाज किया गया,किंतु उसके चिंताजनक स्थिति को देखते हुए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं अस्पताल में मौजूद परिजनों ने कहा कि महिला अपने घर के बाहर टहल रही थी। इसी दौरान एक सांप पर अचानक पैर पड़ गया और सांप ने महिला को काट लिया। सर्पदंश के बाद महिला को चक्कर और बेहोशी जैसी लक्षण दिखने लगे, जिसे परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जिसे चिकित्सक ने इलाज के बाद नवादा रेफर कर दिया है।

### बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगौट में सोमवार को छात्राओं के बीच प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार की देखरेख में स्कूल बैग एवं कॉपी कीट का वितरण किया गया। बैग व कॉपी कीट मिलने के बाद सभी बच्चे खुशी मनाते दिखे एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि विद्यालय के नवमीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग एवं शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया। स्कूल बैग मिलने से बच्चों को अपनी शिक्षा सामग्री लाने में सुविधा होगी और किताब,कॉपी आदि सुरक्षित रहेगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश कुमार, रोहित कुमार, नसीमा कौसर, आरती कुमारी सुमन, अराधना, दीपिका, मनीष कुमार,गौरव कुमार, संजीव, राजीव,आज़ाद कुमार आदि मौजूद थे।

### खेल प्रतियोगिता में तेतरिया स्कूल ने मारी बाजी

**नवादा।** जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता जो नवादा के हरिश्चंद्र स्टेडियम में 8/10/25 से 11/10/25 तक हुआ जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरिया का टीम भाग लिया, जिसमें बालक वर्ग में यू-14 कबड्डी में उपविजेता रहा और बालिका वर्ग यू-14 में भी उपविजेता रहा। वही बालिका खो-खो यू-14 में विजेता रहा। विद्यालय की जीत की खुशी पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा रजक ने खेल शिक्षक श्याम सुन्दर कुमार को पुरस्कृत कर, माला पहना के मिठाई खिला कर सम्मानित किया। जिसके साथ सहयोग में रहमान सर, तन्मय सर, दिनेश सर और सारा शिक्षिका साथ थे।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




**पकरीबरावां।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को लेकर महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में निकाली गई रैली में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियां लेकर नारे लगाए। लोगों से 11 नवंबर 2025 को मतदान करने की अपील की गई। बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में घूमकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि एक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। मौके पर विद्यालय के प्लस टू शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी तथा बच्चों से यह आग्रह किया गया कि वे अपने माता-पिता, परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें, ताकि अधिकतम मतदान प्रतिशत सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकगण एवं बच्चों ने संकल्प लिया कि वे "पहले मतदान, फिर जलपान" के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएंगे और मतदान दिवस को लोकतंत्र का उत्सव बनाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार, विद्यानंद चौरसिया, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, डॉ. विजय कुमार दास, अब्दुल सलाम, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### विस चुनाव 2025 : नवादा में इवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025 के तहत नवादा जिले में इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन शुक्रवार 13 अक्टूबर को समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार EVM Management System (EMS) पोर्टल के माध्यम से की गई। प्रथम रैंडमाइजेशन के तहत प्रथम स्तरीय जांच में सही पाई गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को जिले के 235–रजौली, 236–हिसुआ, 237–नवादा, 238–गोविंदपुर और 239–वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्रों में यादृच्छिक रूप से आवंटित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस रैंडमाइजेशन प्रक्रिया में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन), आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित मशीनों की सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित की गई और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई। इस सूची के अनुसार मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य हेतु सुपुर्द किया जाएगा। तत्पश्चात इन मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्धारित स्ट्रांग रूम में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सुरक्षित भंडारित किया जाएगा।
निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित इवीएम एवं वीवीपैट की सूची उन्हें भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ संपन्न की गई ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी प्रकार की शंका की गुंजाइश न रहे।

# छापेमारी में छह गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर नालंदा पुलिस अपराध नियंत्रण अभियान में पूरी तरह सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर रविवार को बिहार थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने नशा, शराब और जुआ के खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया तथा भारी मात्रा में अवैध सामान बरामद किए। पहली कार्रवाई में परि.पु.अ.नि. पवन कुमार के नेतृत्व में पंडितनगर मोहल्ले में छापामारी कर ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त संतोष कुमार (25 वर्ष), पिता छोटे राम, निवासी नरसलीगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से 15 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन 7590 मिलीग्राम) और 11,800 नकद बरामद किया। आरोपित के खिलाफ बिहार थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर उसके नेटवर्क की छानबीन कर रही है। दूसरी कार्रवाई में पु.अ.नि. रवि कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च सह छापामारी दल ने छज्जू मोहल्ला, कुड़वापर से शराब तस्कर आदित्य राज (20 वर्ष), पिता पप्पू चौधरी, निवासी राजाकुआं को गिरफ्तार किया। मौके से 16 लीटर देसी चुलाई शराब और पैशन प्रो मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपित के खिलाफ बिहार थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। तीसरी बड़ी सफलता थानाध्यक्ष सम्राट दीपक के नेतृत्व में हुई, जब कल्याणपुर मोहल्ला में जुआ खेलते तीन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों में जनक नंदन प्रसाद, सुजीत कुमार, और बादल कुमार शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 15,350 नकद और जुआ में प्रयुक्त तीन पैकेट ताश के पत्ते व एक खुला सेट बरामद किया। वहीं चौथी कार्रवाई में पु.अ.नि. रौशन कुमार के नेतृत्व में रात्रि छापामारी के दौरान पुलिस ने बिहार थाना कांड संख्या 514/25 के फरार अभियुक्त सन्नी कुमार और लवकुश कुमार, दोनों पिता भोला यादव, निवासी लोहगानी, थाना सोहसराय, जिला नालंदा को गिरफ्तार किया। इन सभी अभियानों में बिहार थाना पुलिस के साथ सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी शामिल रहे। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। असामाजिक तत्वों, नशा तस्करों और शराब माफियाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिलेभर में गश्ती, वाहन जांच और छापामारी अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि चुनावी माहौल पूरी तरह

# मुख्य पार्षद से सोने के चैन की ठगी, प्राथमिकी

**बर्तन और जेवर चमकाने वाले पाउडर बेचने वालों ने दिया घटना को अंजाम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र में लगातार चोरी और ठगी की घटनाओं से आम लोगों के साथ-साथ खास भी परेशान हैं। बीते रविवार के दिन लगभग 11 बजे दो ठगों ने नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मानती देवी से 20 ग्राम के सोने की चैन की ठगी कर फरार हो गया। हालांकि दोनों ठगों के घर के अंदर आने और घर से बाहर भागने का सीसीटीवी फुटेज कैद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को इमलियाटांड़ स्थित मुख्य पार्षद पुत्र प्रमोद कुमार के घर दोनों ठगों ने दस्तक दी।किंतु प्रमोद कुमार द्वारा दोनों ठगों को घर में प्रवेश नहीं दिया गया। फिर दोनों ठग पार बाघ स्थित मुख्य पार्षद मानती देवी के घर गए।

**बर्तन चमकाने वाले पाउडर बेचने के नाम पर ठगी**

घर में रही मुख्य पार्षद को लगा कि नगर पंचायत कार्यालय से कोई कर्मी आया होगा। मुख्य पार्षद ने ठगों को घर के अंदर आने को कहा। एक ठग अपने पीठ पर बैग रखे हुए था,जो घर के अंदर आया और कहा कि हम पुराने कांसा और पीतल के बर्तन को पाउडर से साफ करके नया जैसा चमका देते हैं। इसके बाद मुख्य पार्षद ने घर में रखे एक पुराने कांसा का लोटा ठग को दी और ठग ने पाउडर की मदद से लोटे को एकदम नया जैसा चमका दिया। इसके बाद मुख्य पार्षद के गले में रखे सोने की चैन को भी चमकाने की बात कहने लगा। मुख्य पार्षद ठग की बातों में आ गई और गले में पहने हुए 20 ग्राम सोने की चैन को ठग को चमकाने के लिए दी। ठग ने पाउडर से चैन को मुट्ठी में बंद कर दिया और कहा कि अब सोने की चैन को फ्रिज में पांच मिनट रखिए। इसी बीच दोनों ठग ने धोखे से सोने की चैन को अपने पास रख लिया। जबतक मुख्य पार्षद समेत घर के अन्य सदस्य कुछ समझ पाते, तबतक दोनों ठग बाइक पर सवार होकर भाग खड़े हुए। वहीं घटना के बाद आसपास के लोग दबी जुबां से कहते नजर आए कि मुख्य पार्षद के दोनों घरों को ठगों ने निशाना बनाने का प्रयास किया था, जिसमें एक में सफल भी हो गया। लोगों को संदेह है कि इस ठगी में स्थानीय लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है।

सोशल मीडिया पर ठग को पकड़ने वाले को 50 हजार का इनाम

सोने की चैन ठगी होने के बाद पूरे परिजन परेशान हो गए। साथ ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से ठगों के फुटेज निकालकर सोशल मीडिया के फेसबुक, व्हाट्सएप व इंस्टाग्राम पर अपलोड करके ठगों की पहचान करने वाले अथवा ठगों को पकड़ने वाले व्यक्ति को 50 हजार रुपए नगद ईनाम देने की घोषणा की जा रही है।

**थाना में प्राथमिकी दर्ज**

इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य पार्षद मानती देवी से ठगी को लेकर उनके पौत्र शेखर सुमन ने लिखित आवेदन दिया है।लिखित आवेदन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# मुखिया को आवेदन पत्र देकर प्रभार दिलाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रामपुर के प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने हंडिया पंचायत के मुखिया अजय पंडित को आवेदन पत्र देकर प्रभार दिलाने की मांग की है। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी का कहना है कि मैं इस विद्यालय में 21 जुलाई 2025 को इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद योगदान दिया है। लेकिन आज तक विद्यालय का किसी भी प्रकार का प्रभार नहीं दिया गया है। इस सम्बंध में बीइओ को दो बार आवेदन पत्र लिखकर प्रभार दिलाने का अनुरोध भी की थी। लेकिन उनके स्तर से भी कोई पहल नहीं किया गया है। बीते छह अक्टूबर 2025 को संकुल समन्वयक, वार्ड सदस्य के अलावा ग्रामीणों की मौजूदगी में विद्यालय सचिव का चुनाव भी शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ है। जिसकी जानकारी बीइओ को भी दिया है। अब विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गया है। इस विद्यालय में मतदान केंद्र भी है। चुनाव आयोग के आदेश का पालन भी करना है,लेकिन नहीं कर सकती हूं। चुनाव तक या चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था में अगर कोई कमी होती है, तो उसकी सारी जबाबदेही प्रभारी कांति कुमारी को होगी। क्योंकि मेरे पास विद्यालय का किसी तरह का प्रभार योगदान के बाद से नहीं दिया गया है।

# जिला स्वीप आइकॉन निःशक्त सुदर्शन कुमार ने दिव्यांगों के बीच चलाया जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** विधान सभा- 2025 चुनाव को देखते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से ज़िला स्वीप आइकॉन निःशक्त सुदर्शन कुमार ने दिव्यांगजन को चुनाव के महत्व बताते हुए, उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरुक करने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया। इस क्रम में सोमवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग नालंदा के सभागार में दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया तथा दिव्यांग को लोकतांत्रिक प्रणाली में नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने लोकतंत्र को मज़बूती प्रदान करने में मतदाता की भूमिका से भी अवगत कराया। इस दौरान ज़िला स्वीप आइकॉन निःशक्त सुदर्शन कुमार ने कहा कि एक-एक वोट की क़ीमत होती हैं, इसलिए किसी का वोट बेकार न जाने पाए, आप लोग अपने अपने गाँव, टोले-मुहल्ले में पड़ोसियों को भी मतदान के प्रति जागरुक करे ताकि वोटिंग का प्रतिशत बढ़े, पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए, सभी प्रतिभागियों को संकल्प भी दिलाया गया। इस मौके पर ज़िला स्वीप आइकॉन निःशक्त सुदर्शन कुमार, मो. अल्तमस, वाल्मीकि कुमार, विनय कुमार, विकास कुमार, ओम प्रकाश पटेल, सुजीत कुमार, राकेश कुमार, प्रेम कुमार चौधरी, भूषण कुमार, धमेंद्र कुमार अन्य दिव्यांग उपस्थित रहे।

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी व मीडिया कोषांग की कार्य प्रणाली का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को सुचारू, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यय प्रेक्षक किरण के. छत्रपति द्वारा जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, नवादा में संचालित एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) एवं मीडिया कोषांग की कार्य प्रणाली का गहन अवलोकन किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा कार्यों का विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई तथा निर्वाचन से संबंधित सभी गतिविधियों के सटीक एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि राजनीतिक प्रचार-प्रसार से संबंधित सभी सामग्रियों की सतर्क निगरानी सुनिश्चित की जाए एवं पेड़ न्यूज़ तथा आचार संहिता से जुड़े मामलों पर तत्परता से कार्रवाई की जाए। व्यय प्रेक्षक ने यह भी कहा कि मीडिया कोषांग निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखे। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एमसीएमसी एवं मीडिया कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

# विधान सभा चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** विधान सभा चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से इवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मॉक पोल, क्लोजिंग प्रक्रिया, काउंटिंग की तैयारी एवं रिपोर्टिंग फॉर्म भरने की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मियों को बताया गया कि मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर इवीएम की क्लीनिंग, सेटअप, मॉक पोल, क्लोज वोट, सीयू एवं वीवीपैट के समुचित सीलिंग कार्य को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण करना अनिवार्य है। साथ ही फॉर्म 17सी के सही रख-रखाव और मतगणना की तैयारी संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को गहराई से समझा और मॉक पोल के माध्यम से अभ्यास किया। यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में सहायक सिद्ध होगा।

# दवा विक्रेता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने व्यास, सचिव संतोष, कोषाध्यक्ष आनंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर भाजपा कार्यालय के प्रांगण में बीते रात्रि रविवार को रजौली इकाई के दवा विक्रेता संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस दौरान दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार, जिला सचिव योगेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया, संयुक्त सचिव मनोज कुमार,उपाध्यक्ष सेवानंद सिंह एवं संगठन सचिव परवेज अख्तर मौजूद रहे। चुनाव के दौरान रजौली दवा विक्रेताओं ने नामित पदाधिकारियों का कोई विरोध नहीं किया। रजौली इकाई के लिए अध्यक्ष समेत सभी पद निर्विरोध चुने गए। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद रजौली दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष व्यास प्रसाद,सचिव संतोष कुमार,कोषाध्यक्ष आनंद कुमार,उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पिंटू,संयुक्त सचिव सुरेश कुमार व विनोद कुमार एवं संरक्षक के रूप में मुरारी सिंह निर्वाचित हुए। जिला से आए दवा विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने रजौली के सभी सदस्यों को एकजुट होकर काम करने की बात कही। दवा विक्रेता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व्यास प्रसाद ने खुशी जाहिर करते हुए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे संघ के सभी सदस्यों के सुख-दुःख के प्रति सदैव तत्पर रहेंगे। संगठन ने इसके पूर्व इन्हें सचिव का पद दिया था,जिसका निर्वहन इन्होंने सफलतापूर्वक किया था। सचिव काल में ही इन्होंने रजौली प्रखंड दवा विक्रेता संघ के लिए दो डिसमिल जमीन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार से दान में लिया था,जिसकी चर्चा चुनाव के दौरान सभी लोगों ने की। साथ ही कहा कि पूरे सूबे के प्रखंडों में रजौली ऐसा पहला प्रखंड है,जिसका अपने जमीन पर दवा विक्रेता संघ भवन होगा। साथ ही बताया कि संगठन के द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों का वे बेहतर रूप से निर्वहन करेंगे। संघ के बेहतर रूप से संचालन हेतु उन्होंने सभी सदस्यों का सहयोग भी मांगा है। वहीं रजौली इकाई के अन्य सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को भी सदस्यों ने फूलमाला,अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित कर बधाई दिया। इस दौरान यह निर्णय भी लिया गया कि जल्द ही संघ के नामित जमीन पर भवन निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर केशर प्रसाद, शंभू लाल, सियासरन कुमार, संदीप कुमार, राजीव कुमार, सनोज कुमार, रहीम अंसारी, मो. अख्तर परवेज अंसारी, सुरेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रभाकर प्रसाद, मिथलेश कुमार, कमलेश कुमार एवं हरेराम कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# रजौली के जंगलों में विधानसभा चुनाव से पूर्व 10 हजार लीटर जावा महुआ और 300 लीटर शराब जब्त, आठ भट्ठियां ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एवं शराबबंदी को सफल बनाने की दिशा में रजौली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगलों में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में चलाए गए, शराब की टोह को लेकर पुलिस टीम ने नावाडीह झराही के जंगल में चल रही अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस सघन छापेमारी अभियान के दौरान, आठ अवैध शराब की भट्ठियां मौके पर ध्वस्त की गई। इसके अलावा 10,000 लीटर जावा महुआ नष्ट किया गया, लगभग 300 लीटर तैयार देसी शराब जब्त कर नष्ट की गई, शराब बनाने के काम में इस्तेमाल हो रही 500 लीटर की 40 सिंटेक्स टंकियां बरामद की गई। जिनमें कुछ को जब्त कर थाने लाया गया और कुछ को आग के हवाले कर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान अवैध धंधे में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक भी जब्त की गई। कुल मिलाकर हजारों लीटर शराब विनष्ट कर विधानसभा चुनाव में आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे शराब धंधेबाजों का कमर तोड़ने का भरपूर प्रयास पुलिस के द्वारा किया गया। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है और पुलिस की इस सख्ती से इलाके में अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी चोट पहुंची है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि यह अभियान गुप्त सूचना के आधार पर चलाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में एएसआई अमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# नर्स के घर से चोरों ने उड़ाये जेवर व नकदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा नगर थाना क्षेत्र के हनुमान नगर न्यू एरिया मोहल्ले में रविवार की रात 7:30 बजे चोरों द्वारा हाल ही में सेवानिवृत हुए मांडवी नर्स के घर से लगभग 50 लाख रुपए के जेवरात और 10 लाख रुपए नकद की चोरी कर लिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मांडवी नर्स के पति जगत किशोर सिंह अपने पुराने मकान से नए मकान में खाना खाने गए थे। इसी दौरान जब आधे घंटे में लौटते हैं तो उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है एवं गोदरेज को चाबी से खोलकर उसमें रखा सारा सोने का जेवरात और 10 लाख रुपए नगद को चोर ले उड़ा। जैसे तैसे यह खबर पूरे मोहल्ले और शहर में फैल गई। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस अपने बारीकी तरीके से जांच करने में जुट गई है। देर रात और सोमवार की दोपहर तक डॉग स्क्वायड की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई है, जिससे चोरों का पता लगाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित मांडवी नर्स ने बताया कि हमारे दो घर हैं। इस घर का चाबी मेरे छोटे देवर के पास भी रहता है । इस आधार पर पुलिस ने मांडवी नर्स के छोटे देवर को थाना में बुलाकर पूछताछ कर रही है। शाम ढले ही इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिए जाने पर मोहल्ले में दहशत का माहौल कायम हो गया। लोग तरह-तरह की बातें करने लगे। पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। जगत किशोर सिंह ने बताया कि घर में काम लगाए हुए थे इसी के लिए बैंक से पैसा निकाल कर रखे थे। पुलिस सारे बिंदुओं पर तहकीकात कर रही है। घटना की सूचना पाकर अंचल निरीक्षक पंकज कुमार झा और नगर थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात शुरू करती है। अब देखना यह है कि इस मामले में पुलिस को कितनी सफलताएं मिल पाती है या पुलिस पर कर ही चोर भारी पड़ जाता है।

# जिले में 29 लाख 69 हजार नौ सौ तीन मतदाता करेंगे वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गया जिला में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 जो अधिसूचना जारी की तिथि सोमवार 13 अक्टूबर जिसका नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर तक, संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर, जो अभ्यर्थी नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर, मतदान की तिथि ग्यारह नवंबर, मतगणना की तिथि चौदह नवंबर को होगी, गया जिला के दस विधानसभा क्षेत्र हैं जिसके निर्वाचन पदाधिकारी इस प्रकार से हैं। 225 गुरुआ- अमेत विक्रम बैनामी भूमि सुधार उप समाहर्ता टिकारी, 226 शेरघाटी- मनीष कुमार अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, 227 इमामगंज अ जा- रवि शंकर शर्मा अपर समाहर्ता विभागीय जांच गया, 228 बाराचट्टी अ जा प्रियंका कौशिक भूमि सुधार उप समाहर्ता, शेरघाटी, 229 बोधगया अ0 जा0 परितोष कुमार अपर समाहर्ता गया, 230 गया टाउन किसलय श्रीवास्तव अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया, 231 टेकारी प्रवीण कुंदन अनुमंडल पदाधिकारी टिकारी, 232 बेलागंज नवीन कुमार उप विकास आयुक्त गया, 233 अतरी केशव आनंद अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी, 234 वजीरगंज दिलीप कुमार ध्वज भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर गया है। इन क्षेत्रों के लिए नामांकन स्थल एवं नजीर निर्गत करने का स्थान इस प्रकार से है- गुरुआ के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय टेकारी में, शेरघाटी के लिए अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी कार्यालय, इमामगंज भूमि सुधार उप समाहर्ता शेरघाटी न्यायालय कक्ष में, बाराचट्टी भूमि सुधार उप समाहर्ता शेरघाटी कार्यालय कक्ष में, बोधगया अपर समाहर्ता गया कार्यालय में, गया शहर अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया, टिकारी अनुमंडल पदाधिकारी टेकारी कार्यालय में, बेलागंज उप विकास आयुक्त गया के कार्यालय कक्ष में, अतरी अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी के कार्यालय कक्ष में,
वजीरगंज भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर गया के कार्यालय में है। इन विधानसभा में 12.10.25 में पुरुष एवं महिला अन्य मिलाकर कुल संख्या है जो गुरुआ में कुल वोटर 285298 है जिसमें पुरुष 151124, महिला - 134172,अन्य -2 हैं। शेरघाटी में कुल वोटर 278042 है जिसमें पुरुष 145318, महिला 132718 अन्य 6 हैं।
इमामगंज में कुल वोटर 302442 है जिनमें पुरुष 159039, महिला 143395, अन्य 8 है। बाराचट्टी में कुल वोटर 310005 है जिनमें पुरुष 162864, महिला 147140,अन्य एक है। बोधगया के कुल वोटर 328048 है जिनमें पुरुष 171978, महिला 156068 है अन्य 2 है। गया टाउन कुल वोटर 279287 जिसमें पुरुष 14570, महिला 134014, अन्य 3 है। टेकारी कुल वोटर 300422 जिसमें पुरुष 160453 है, महिला 139959, अन्य दस है।बेलागंज में कुल मतदाता 276254 है जिनमें पुरुष 146872, महिला 129380, अन्य दो है।अतरी में कुल वोटर 306662 है जिनमें पुरुष 160957, महिला 145704, अन्य एक है। वजीरगंज में कुल मतदाता 313470 है जिनमें पुरुष 164805 है, महिला 148664 है। गया जिला में कुल वोटर पुरुष 156880, महिला 1411214 है अन्य 36 कुल मतदाता 2979930 है।

## 25 अनुज्ञप्तिधारी शस्त्र जब्त और 31 लोगों के विरुद्ध बाउंड डाउन भरा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर गया जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में लगातार गहन जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप 11 अक्टूबर को दो एवं 12 अक्टूबर को एक व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। इस प्रकार अब तक कुल तीन एफआईआर दर्ज किए गए हैं। विधि व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि बिना अनुज्ञप्ति के आज 4 हथियार जप्त किये गए हैं। इस प्रकार 06 अक्टूबर से अब तक 12 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं। सोमवार को कुल 16 खोखा जब्त किये गए हैं। इस प्रकार 06 अक्टूबर से अब तक 39 अवैध खोखा जब्त किए गए हैं। 06 अक्टूबर से अब तक 3 पीस 13 किलोग्राम का आइइडी जब्त किए गए हैं। एक 01 प्रेशर कुकर बम एवं अन्य आइइडी बम बनाने की सामग्री जप्त की गई है। चुनाव में संभावित व्यवधान डालने की दृष्टिकोण से अबतक 25 अनुज्ञप्ति धारी शस्त्र को जब्त किए गए हैं। कुल 31 लोगों के विरुद्ध बाउंड डाउन भरा गया है।

# पीडीएस लाभुकों को समय पर उपलब्ध होगा गुणवत्तापूर्ण अनाज : दिग्विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** गया जी जिला मुख्यालय में एसएफसी के नए जिला प्रबंधक के रूप में दिग्विजय सिंह ने योगदान लिया। पूर्व के जिला प्रबंधक राजीव कुमार सिंह को जिला सहकारिता अधिकारी के पद पर पदोन्नति के बाद नए जिला प्रबन्धक ने योगदान किया। इस अवसर पर एसएफसी के आईटी मैनेजर विक्रांत कुमार, एकाउंट ऑफिसर शंकर भंडारी ने नए जिला प्रबन्धक दिग्विजय सिंह को गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया। सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों व कर्मियों, ट्रांसपोर्टरों, संवेदकों को कहा कि वे अपने उत्कृष्ट सेवारूपी कर्तव्य के प्रति हमेशा तटस्थ रहे। हम लोगों का यह हमेशा प्रयास रहे कि पीडीएस लाभुकों को हमेशा समय पर और गुणवत्तापूर्ण अनाज उपलब्ध कराते रहें। गरीब परिवारों के लिए सरकार के माध्यम से चलाए जा रहे इस योजना का लाभ हमेशा लाभुकों को सही तरीके से उपलब्ध हो। गरीब लाभुकों के प्रति सही तरीके से अपनत्व भाव से कार्य करना भी ड्यूटी के साथ एक महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से समय पर अनाजों की आपूर्ति प्रखण्ड के गोदामों में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने डोर स्टेप डिलेवरी संवेदको को कहा कि वे एसएफसी गोदामों से सही तरीके से अनाज उठाव कर उसे पीडीएस दुकानों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण रूप दें। ताकि पीडीएस दुकानदार सही तरीके से लाभुकों के बीच अनाज वितरण कर सके। उन्होंने कहा कि गया कि डीएम शशांक शुभंकर द्वारा दिये गए निर्देश का हम सब मिलकर सही तरीके से पूरा करने में सक्रियता की भूमिका में रहेंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही की शिकायत मिलने पर सम्बन्धितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सहायक गोदाम प्रबन्धकों को कहा कि हर हाल में समय पर गोदामों का संचालन के प्रति सचेत रहें।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी /गया जी।** डोभी थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित पंजाबी होटल के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान डोभी पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस मामले की पुष्टि डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने करते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एक पिकअप वाहन से 1188 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान दुर्ग राम, पिता मोटा राम दूसरा भंवर लाल, पिताः लाल दोनों राजस्थान के बाड़मेर जिले के नागना, चोखला गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार शराब झारखंड के छतरपुर से लाई जा रही थी। जब्त शराब में प्रमुख रूप से रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की और रॉयल चैलेंज फाइन रिजर्व व्हिस्की शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी है और शराब तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार किए गये व्यक्तियों को आगे कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बिहार विधानसभा आम निवार्चन 2025 के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया गया है। राजस्व कर्मचारी विक्रम कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर कुंदन कुमार नामक व्यक्ति पर केस दर्ज किया गया है। राजस्व कर्मचारी ने आवेदन में कहा है कि जांच के क्रम में निर्दलीय उम्मीदवार कुंदन कुमार का पोस्टर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नेपा-सहबाजपुर में सरकारी संपत्ति पर लगा हुआ पाया गया। संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1987 के तहत कुंदन कुमार पर केस दर्ज किया गया है। राजस्व कर्मचारी ने थाने में पोस्टर से संबंधित फोटो और विडियो भी उपलब्ध कराया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

# डॉ. मनीष ने कार्यकर्ताओं से मिल नमो ऐप पर करवाया रजिस्ट्रेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया जी विधानसभा क्षेत्र में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नमो ऐप पर रजिस्ट्रेशन करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज आत्मनिर्भरता और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। आने वाले 15 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के द्वारा 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत होने वाले सीधे संवाद और संबोधन को सफल बनाने के उद्देश्य से गया विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता और बूथ स्तर के समर्थकों को नमो ऐप से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नमो ऐप केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। इससे प्रत्येक बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती बढ़ेगी और प्रधानमंत्री के विचार तथा योजनाएं सीधे जनता तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि गया विधानसभा में 'मेरा बूथ मेरा गर्व' की भावना से हर कार्यकर्ता उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में नमो ऐप पर पंजीकरण करें और 15 अक्टूबर को प्रधानमंत्री का संबोधन सुनकर उसे अपने-अपने बूथों पर साझा करें। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने विश्वास जताया कि गया जी की पावन धरती से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव 2025 में भारी बहुमत से विजय प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से सेवानिवृत होमगार्ड जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत केरकी गांव में सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे करंट की चपेट में आने से एक सेवानिवृत होम गार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम केरकी निवासी 65 वर्षीय शक्ति कुमार सिंह पिता स्वर्गीय छोटू यादव के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शक्ति कुमार सिंह अपने खेत में लगी फसल को देखने के लिए बधार की पगडंडी से गुजर रहे थे, तभी अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की तार टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ी। तार के संपर्क में आते ही उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। इसकी जानकारी कोंच पुलिस और गुरारू बिजली विभाग को दी गई। सूचना पाकर कोंच थाना से एसआई अभिषेक कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं कनौसी पंचायत के मुखिया राजीव रंजन भी पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसआई अभिषेक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे छह पुत्रियां और तीन पुत्र छोड़ गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# इवीएम एवं वीवीपैट का किया गया प्रथम रैंडमाइजेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा प्रथम रैंडमाइजेशन के माध्यम से प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) में सही पाये गये इवीएम एवं वीवी पैट को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित किया जाता है। प्रथम रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल इवीएम मैनेजमेंट सिस्टम-इएमएस के माध्यम से संपन्न होता है। इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के मैनुअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में वर्णित है जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दौरान उपयोग की जाने वाली इवीएम एवं वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन को विधानसभा क्षेत्र का नाम के अनुसार की गई। सोमवार 13 अक्टूबर को गया जिला अंतर्गत सभी 10 विधानसभा क्षेत्र के लिए समाहरणालय सभागार में प्रथम रेंडमाइजेशन की कार्रवाई की गई। जिले में प्रथम रैंडमाइजेशन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण होने के उपरांत, विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित इवीएम एवं वीवीपैट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित सूची सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालय में उपलब्ध कराया गया। इस सूची के अनुसार इवीएम एवं वीवीपैट को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पदाधिकारियों को आगामी निर्वाचन में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित स्ट्रांग रूम में मान्यता प्राप्त दलों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भंडारित कर दिया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप दिये जाने के उपरांत, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित इवीएम एवं वीवीपैट की सूची अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध करायी जाएगी।

# भव्य रामलीला का आयोजन, दर्शकों ने उठाया धार्मिक उत्सव का आनंद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के बेलीपर गांव में रविवार की रात भव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंचन के दौरान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, रावण सहित अन्य पात्रों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला मंडली के व्यास महंत उमेश पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम विगत 3 अक्टूबर से प्रारंभ है जो आगामी 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। मंडली में औरंगाबाद, नवादा, अरवल सहित कई जिलों के कलाकार भाग ले रहे हैं जो धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का अद्भुत समागम प्रस्तुत कर रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजन में गांव के महंत दुलारचंद यादव, रामानुज यादव, धनेश कुमार, सोहन यादव, उपेंद्र यादव, रंजीत कुमार, पवन कुमार, अमरेश कुमार, रामाश्रय यादव, रामाशीष यादव, टुनु, विष्णुदेव, अजय कुमार, सुदर्शन यादव, राकेश कुमार, राजवल्भ यादव, सुदामा यादव सहित सभी ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## ऑपरेशन सतर्क अभियान में विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत धनबाद रेल मंडल के गया -कोडरमा रेल सेक्शन पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष सतर्क अभियान के तहत कोडरमा आरपीएफ की टीम ने लावारिस अवस्था में पड़े की शराब बरामद की। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बशिष्ट नारायण यादव, प्रधान आरक्षी कमलेश सिंह तथा आरक्षी पूरण चंद मीना कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02-03 पर समय पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी क्रम में प्लेटफार्म 02 पर स्थित एफओबी के नीचे पहुंचे तो एक काला रंग का बैग संदिग्ध अवस्था में रखा हुआ देखा गया। उक्त पिठ्ठु बैग के बावत आसपास बैठे यात्रियों से पूछा गया तो किसी भी यात्री के द्वारा उस पर अपना दावा पेश नहीं किया गया। लिहाजा शक के आधार पर पिठ्ठु बैग को वहीं पर चेक किया गया तो उसके अंदर रखा हुआ 10 पीस बियर विदेशी शराब बरामद की गई।

# बाल दुर्व्यवहार सुरक्षा पर कोसमा मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (एसएलजी) के अंतर्गत संचालित प्रो बोनो क्लब ने कोसमा मध्य विद्यालय में बाल दुर्व्यवहार सुरक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के ध्यय कैंपस फॉर कम्युनिटी के अंतर्गत यह कार्यक्रम में प्रो बोनो क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. देव नारायण सिंह (सहायक प्रोफेसर) और स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के डीन और विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने बाल सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, इंटरनेट जागरूकता, स्वच्छता, व्यसन निवारण और महिला सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिया। कृष्णा ने इंटरनेट जागरूकता पर बात की, प्रशांत ने धूम्रपान के खतरों पर बात की, मोनी, रिपु, अंकित और रौशन ने महिला सुरक्षा पर प्रकाश डाला और आर्यन वीरी ने स्वच्छता और सफाई के महत्व पर जोर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. देव नारायण सिंह ने स्कूल के विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया और छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया जिसमें चर्चा किए गए मुद्दों पर स्कूल के छात्रों का पक्ष एवं उनकी समझ से भी रूबरू हुए। प्रो बोनो क्लब के छात्रों ने स्कूल बुलिंग विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमें बॉडी शेमिंग, नस्लवाद, लैंगिक असमानता, महिला सुरक्षा आदि जैसे विभिन्न उप-विषय शामिल थे। नुक्कड़ नाटक में आस्था (मुख्य और कथावाचक), संचिता, प्रियांशु, आर्यन, शिवम, कृष्णा, मोनी, आशीष, रौशन, अंकित, प्रशांत, प्रगति, अभिनव और रिपु शामिल थे। नाटक ने सामाजिक असमानताओं और न्याय व समानता की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से दर्शाया। कार्यक्रम का समापन विचारोत्तेजक लघु फिल्म असमानता के प्रदर्शन के साथ हुआ जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। पूरे कार्यक्रम का प्रबंधन प्रो बोनो क्लब के छात्रों मिनी सिन्हा, नंदन कुमार, मनीष कुमार, वैष्णवी कुमारी, किसलय पांडे, नूर इकबाल और अन्य द्वारा किया गया। डीन प्रो. अशोक कुमार ने प्रो बोनो क्लब के छात्रों के इस पहल की सराहना की और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों के पोषण में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

## सात दिनों से लापता दुकानदार गया स्टेशन से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मलह बीघा गांव से सात दिनों से लापता 52 वर्षीय दुकानदार सत्येंद्र प्रसाद को परिजनों ने गया स्टेशन के समीप से बरामद कर लिया। वे बीते 7 अक्टूबर से लापता थे। परिजनों ने सोमवार दोपहर 12 बजे कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार को इसकी सूचना दी। सत्येंद्र प्रसाद मूल रूप से अरवल जिले के कुर्था थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव के निवासी हैं। वे मलह बीघा गांव में किराना दुकान चलाते थे। बीते 7 अक्टूबर को वे कोंच जाने की बात कहकर दुकान से निकले थे, लेकिन घर नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की जिसके बाद उनके पुत्र रंजन कुमार ने कोंच थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रविवार देर रात परिजनों को सूचना मिली कि गया रेलवे स्टेशन के समीप एक व्यक्ति बैठा है जिसकी शक्ल सत्येंद्र प्रसाद से मिलती-जुलती है। परिजन तुरंत गया पहुंचे और पुष्टि की कि वह सत्येंद्र प्रसाद ही थे। उन्हें सुरक्षित घर वापस लाया गया। परिजनों ने बताया कि सत्येंद्र प्रसाद की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी जिसके कारण वे बिना बताए घर से निकल गए थे।

# वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन डिजिटल लाइब्रेरी शोध क्षेत्र में नई क्रांति : कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में आज कोई भी सूचना महज आपसे एक क्लिक की दूरी पर है और आप घर बैठे दुनिया के किसी भी विषय पर जानकारी हासिल कर सकते हैं जहां पहले शोध के लिए रिफरेन्स सामग्री तथा साहित्य के लिए देश के बड़ी लाइब्रेरी या बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की लाइब्रेरी का भ्रमण करता था आज कहीं जाने की आवश्यकता है। वर्तमान समय के शोधार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें कही भी बैठे-बैठे एक क्लिक पर शोध से जुड़े किसी भी विषय सम्बंधित आवश्यक जानकारी मिल जाती है। वहीं भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जनवरी 2025 में 6000 करोड़ के बजट वाले वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन ने शोध के क्षेत्र में नई क्रांति लाई है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे और यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने यूजीसी द्वारा प्रायोजित आईआरआईएनएस एंड इनफ्लिबनेट सर्विसेज फॉर स्कॉलरली कम्युनिटीज विषय पर आधारित उपयोगकर्ता जागरूकता कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सोमवार को दिया। सीयूएसबी के राजर्षि जनक सेंट्रल लाइब्रेरी एवं इनफ्लिबनेट सेंटर, गांधीनगर, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने कहा कि ओएनओएस भारत में एक वन-स्टॉप डिजिटल लाइब्रेरी है जहां विभिन्न शैक्षणिक विषयों में वैश्विक शोध तक संस्थागत पहुंच उपलब्ध है। दुनिया के तिस (30) अग्रणी प्रकाशकों के गुणवत्तापूर्ण जर्नल ऑनलाइन उपलब्ध हैं जिसे ओएनओएस के सब्सक्रिप्शन के माध्यम से एक्सेस (पढ़ा और डाउनलोड) किया जा सकता है। कुलपति प्रो. सिंह ने इनफ्लिबनेट के सहयोग से सेन्ट्रल लाइब्रेरी द्वारा एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन मंडल विशेषकर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पंकज माथुर, असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. मयंक युवराज एवं अन्य पुस्तकालयकर्मियों की सराहना करते हुए बधाई तथा शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सीयूएसबी का ध्यय कैंपस फॉर कम्युनिटी है और मैं आशा करता हूं कि विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के संसाधनों का लाभ आसपास के गांव और सम्पूर्ण मगध छेत्र को मिलेगा। बिहार का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और कुछ ही दूरी पर वैश्विक धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय में विश्व की बड़ी लाइब्रेरी रही है और वर्तमान प्रयासों से भारत पुनः शिक्षा एवं ज्ञान के छेत्र में विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा।
जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इससे पहले कार्यक्रम के दीप प्रज्ज्वलन के साथ औपचारिक शुभारंभ के पश्चात, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम के उद्देश्यों से सभागार में मौजूद विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, अधिकारियों, शोधार्थियों तथा प्रतिभागियों को अवगत कराया। विशिष्ठ अतिथि डॉ. अभिषेक कुमार, वैज्ञानिक-ई (सीएस), इनफ्लिबनेट केंद्र, गांधीनगर ने ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम एवं कोर्स मटेरियल के डाउनलोड के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया। हितेश कुमार सोलंकी, वैज्ञानिक-सी (सीएस), इनफ्लिबनेट केंद्र ने ओएनओएस के सब्सक्रिप्शन के साथ - साथ भविष्य की योजनाओं को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पंकज माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान से हुआ।


बिहार सरकार

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, औरंगाबाद**
(जिला नियंत्रण कक्ष कोषांग)
**विधान सभा आम निर्वाचन 2025**
**आम सूचना**

विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए औरंगाबाद जिला अंतर्गत नियंत्रण कक्ष में निर्वाचन से संबंधित शिकायत दर्ज कराने/ जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष 24X7 (अनवरत) कार्यरत है, जिसका दूरभाष संख्या निम्नवत है–

**जिला नियंत्रण कक्ष, औरंगाबाद**

| | |
|---|---|
| दूरभाष संख्या | 06186–222163 |
| | 06186–222166 |
| | 06186–222167 |
| | 06186–222168 |

PR- 017060 ( Election ) 2025-26

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

संपादकीय

# ये जो लौ जली है वो बुझ गई तो न दूर होगा तमस कभी

तमिलनाडु की सेंट्रल जेलों में इन दिनों एक अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है. जो कैदी पहले गैंग बनाकर आपस में लड़ते-भिड़ते रहते थे, वे अब ग्रुप बनाकर पढ़ाई कर रहे हैं. दरअसल तमिलनाडु की सभी नौ सेंट्रल जेलों में अगस्त 2024 से कोंडुकुल वनम (किताब एक आकाश की तरह है) योजना चलाई जा रही है. इसके तहत जेल में सभी पढ़े-लिखे कैदियों के लिए किताब पढ़ना अनिवार्य कर दिया गया है. एक साल के भीतर ही इस योजना को इतनी अप्रत्याशित सफलता मिली है कि राज्य की बाकी 14 जिला जेलों में भी जेल विभाग लाइब्रेरी शुरू करने जा रहा है. एक दूसरी उत्साहवर्धक खबर राजस्थान के जालौर जिले से है. वहां के दो गांवों- रेवत और कलापुरा में सरकारी स्कूल के ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के छात्र अपने परिवार और गांव के बुजुर्गों के पास बैठते हैं. उनसे बातचीत करके क्षेत्र के इतिहास के बारे में जानकारी जुटाते हैं और बुजुर्गों की बताई कहानियां अपनी नोटबुक में दर्ज करते हैं. फिर स्कूल में शिक्षक सभी बच्चों की डायरियां इकट्ठी करने के बाद उनमें से कॉमन कहानियों को बड़ी पोथी में लिपिबद्ध करवाते हैं. अब तक 300 बच्चे अपने बुजुर्गों के बताए अनुसार अपने इलाके का इतिहास लिख चुके हैं, जिसमें एक हजार साल पुरानी रोचक बातें भी सामने आई हैं. एक बड़ा फायदा यह हुआ है कि बच्चों और बुजुर्गों के बीच इससे जुड़ाव बढ़ा है और पीढ़ियों के बीच दूरी (जेनरेशन गैप) में कमी आ रही है. आजादी के आंदोलन के दौरान देश के बड़े-बड़े नेताओं को लिखने-पढ़ने का समय प्रायः जेलों में ही मिलता था. पं. जवाहरलाल नेहरू ने तो अपना लगभग सारा साहित्य जेलों में ही रचा है. लोकमान्य तिलक ने भी अपनी किताब 'गीता रहस्य' जेल में ही लिखी थी. हालांकि तब जेलों में आमतौर पर देशभक्तों को ही रखा जाता था, लेकिन आज भी बहुत से कैदी गुस्से में या परिस्थितिवश किए गए अपराध का दंड भोगने ही आते हैं. अक्सर जेलों में खूंखार अपराधियों के बीच रहने के बाद वे पक्के अपराधी बनकर बाहर निकलते हैं. लेकिन तमिलनाडु की सेंट्रल जेलों से कैदी सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर बाहर निकल रहे हैं. उधर राजस्थान के एक सरकारी स्कूल के व्याख्याता संदीप जोशी द्वारा जगाई गई अलख ने दो गांवों के बच्चों और बुजुर्गों में एक नये उत्साह का संचार कर दिया है. किस्से-कहानियां सुनते-सुनाते हुए दोनों के चेहरों पर चमक होती है. ऐसे समय में, जबकि देश में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है और कामकाजी माता-पिताओं के चलते एकाकी होते बच्चों का बचपन मोबाइल गेमों की भेंट चढ़ रहा है, यह अनूठी पहल पूरे देश को दिशा दिखा सकती है. वास्तव में इस तरह के रचनात्मक कार्य ही किसी सभ्यता को समृद्ध करते हैं. गांधीजी ने अपने जीवनकाल में जितने आश्रम स्थापित किए, उनके पीछे यही ध्येय था. देश पराधीन होने के कारण उन्हें अपना बहुत सारा समय आजादी के आंदोलन के लिए देना पड़ता था लेकिन आजादी के बाद उनका सपना इसी तरह के कार्य करने का था. दुर्भाग्य से हमारी कट्टरता ने इसके लिए उन्हें समय ही नहीं दिया. जिन्हें आक्रामकता पसंद होती है उन्हें युद्धों या अराजकता में मजा आता है लेकिन किसी भी देश की आम जनता प्रायः अमन पसंद होती है और रचनात्मक कार्यक्रमों से ही उसकी प्रतिभा निखरती है. त्रासदी यह है कि ग्लोबल वॉर्मिंग के साथ ही हम मनुष्यों के स्वभाव में आक्रामकता भी बढ़ती जा रही है (दुनिया में बढ़ती लड़ाइयां इसकी गवाह हैं) और रचनात्मक पहलें दुर्लभ होती जा रही हैं. इसलिए जहां भी इस तरह अच्छे कामों की लौ जलती हुई दिखे, हमें उसे तूफानों से बचाते हुए, मशाल बनाकर जगह-जगह फैलाने की कोशिशों में अपना योगदान देना चाहिए, तभी गहराते अंधेरे को स्थायी रूप से अपना साम्राज्य स्थापित करने से रोका जा सकेगा.

# क्या धरती एक कीट प्रलय की ओर बढ़ रही है?

**बीते दो दशकों में लगभग 72 प्रतिशत कीटों की संख्या कम हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि दुनिया भर में कीट प्रजातियों की संख्या लाखों में घट चुकी है और बचे हुए कीटों में भी हर वर्ष करीब 1 से 2.5 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की जा रही है। यह आंकड़ा केवल वैज्ञानिक चेतावनी नहीं, बल्कि पूरी खाद्य-श्रृंखला और पारिस्थितिकी तंत्र पर मंडराते खतरे का संकेत है। कीटों के बिना फसल परागण की प्रक्रिया बाधित होगी, मिट्टी में पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण प्रभावित होगा और पक्षियों से लेकर अनेक जीवों के लिए भोजन स्रोत कम पड़ जाएंगे। इस संकट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं - सबसे बड़ा कारण है आवास का खत्म होना। खेतों और जंगलों का अंधाधुंध दोहन, शहरीकरण का फैलाव और प्राकृतिक घासभूमियों का संकुचन कीटों के जीवन क्षेत्र को नष्ट कर रहे हैं।**

**रामानुज पाठक**

धरती पर जितने भी जीव-जंतु हैं, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा कीटों का है। लगभग एक करोड़ से अधिक अनुमानित प्रजातियों में से केवल एक छोटा हिस्सा ही वैज्ञानिक रूप से पहचाना जा सका है। कीट मनुष्य के सहायक हैं और ये हमारे खेतों, जंगलों, नदियों तथा घरों तक में पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखते हैं।

मधुमक्खियां और तितलियां परागण कर फसलों को फलने-फूलने में मदद करती हैं। चींटियां मिट्टी को हवादार और उर्वर बनाती हैं। कई कीट अपशिष्ट को विघटित कर स्वच्छता बनाए रखते हैं, जबकि अनगिनत कीट अन्य जीवों के भोजन स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। धरती पर जीवन की विविधता का सबसे बड़ा हिस्सा कीटों से ही बनता है। ये छोटे-छोटे जीव न केवल पारिस्थितिकी संतुलन की आधारशिला हैं, बल्कि मानव जीवन की खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता में भी विशेष योगदान देते हैं। अब यही आधारभूत स्तंभ ढहने लगे हैं।

हाल के अध्ययनों से स्पष्ट हो चुका है कि दुनिया भर में कीटों की संख्या घट रही है। केवल महाद्वीप ही नहीं, बल्कि वे द्वीप भी अब इस संकट की गिरफ्त में आ चुके हैं, जहां प्रकृति अपेक्षाकृत संतुलित मानी जाती थी। फिजी द्वीपसमूह की चींटी प्रजातियों का जीनोम अध्ययन दर्शाता है कि इनकी लगभग 79 प्रतिशत स्थानीय प्रजातियां गायब हो चुकी हैं। इसी तरह, अमेरिका में तितलियों की आबादी दो दशकों में 22 प्रतिशत कम हुई है और यूरोप के संरक्षित क्षेत्रों में भी उड़ने वाले कीटों की संख्या तीन दशकों में 75 प्रतिशत घट गई है। इन आंकड़ों को देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हम एक 'कीट प्रलय' की ओर बढ़ रहे हैं - और परागक संकट में हैं। यह संकट केवल पारिस्थितिकी के लिए ही नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए भी खतरा है। शोधकर्ताओं का कहना है कि कीटों की आबादी में पिछले डेढ़ सौ वर्षों में भारी गिरावट दर्ज की गई है और अब यह संकट




दूरस्थ द्वीपों तक फैल चुका है। जापान के ओकिनावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कीट विज्ञानी इवन इकोनोमो ने फिजी द्वीपसमूह की चींटी प्रजातियों के जीनोम विश्लेषण के आधार पर बताया कि वहां की चींटियों की लगभग 69 प्रतिशत आबादी लुप्त हो चुकी है।

वर्ष 2000 से 2020 के बीच अमेरिका में तितलियों की आबादी लगभग 22 प्रतिशत कम हुई। 554 प्रजातियों में से लगभग एक-तिहाई में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिनमें कुछ प्रजातियों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई। जर्मनी के संरक्षण क्षेत्र में उड़ने वाले कीटों की संख्या पिछले 30 वर्षों में लगभग 75 प्रतिशत तक घट गई है। इसके अलावा, अमेरिका में 45 वर्षों में कीटों के कुछ वर्गों (बीटल्स आदि) में करीब 83 प्रतिशत की गिरावट आई है।

बीते दो दशकों में लगभग 72 प्रतिशत कीटों की संख्या कम हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि दुनिया भर में कीट प्रजातियों की संख्या लाखों में घट चुकी है और बचे हुए कीटों में भी हर वर्ष करीब 1 से 2.5 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की जा रही है। यह आंकड़ा केवल वैज्ञानिक चेतावनी नहीं, बल्कि पूरी खाद्य-श्रृंखला और पारिस्थितिकी तंत्र पर मंडराते खतरे का संकेत है।

कीटों के बिना फसल परागण की प्रक्रिया बाधित होगी, मिट्टी में पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण प्रभावित होगा और पक्षियों से लेकर अनेक जीवों के लिए भोजन स्रोत कम पड़ जाएंगे। इस संकट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं - सबसे बड़ा कारण है आवास का खत्म होना। खेतों और जंगलों का अंधाधुंध दोहन, शहरीकरण का फैलाव और प्राकृतिक घासभूमियों का संकुचन कीटों के जीवन क्षेत्र को नष्ट कर रहे हैं।

इसके अलावा, आधुनिक कृषि में रासायनिक कीटनाशकों का व्यापक उपयोग गैर-लक्षित कीटों को भी खत्म कर रहा है। जलवायु परिवर्तन ने भी भूमिका निभाई है - तापमान और वर्षा की बदलती स्थिति कीटों के प्रजनन और जीवन-चक्र को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। आक्रामक प्रजातियों का प्रसार भी स्थानीय कीटों पर दबाव बनाता है। उदाहरण के लिए, किसी द्वीप पर बाहरी चींटी या अन्य कीट पहुंचने पर स्वदेशी प्रजातियों के लिए जीवित रहना कठिन हो जाता है।

फिजी द्वीपों का अध्ययन इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है कि वहां के कीट अपेक्षाकृत छोटे भौगोलिक क्षेत्र और सीमित संसाधनों पर निर्भर हैं। जब किसी आबादी में आनुवांशिक विविधता घटती है, तो उनकी अनुकूलन और रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी घट जाती है।

भारत जैसे देश में भी इसका असर दिखाई देने लगा है। परागक मधुमक्खियों की संख्या में गिरावट के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कई अध्ययनों से पता चला है कि परागक कीटों की कमी से फसलों की उपज में 10 से 20 प्रतिशत तक नुकसान संभव है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कीटनाशकों का अत्यधिक इस्तेमाल, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और बढ़ा दिया है।

यह स्थिति केवल जैव विविधता का नुकसान नहीं है, बल्कि सीधे तौर पर आर्थिक और सामाजिक संकट है। कीटों की सेवाओं को अनमोल माना गया है, क्योंकि वे कृषि, वानिकी और पारिस्थितिकी को निरंतर गति देते हैं। यदि यह तंत्र कमजोर होता है, तो खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इस संकट से निपटने के लिए वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने कुछ स्पष्ट दिशा-निर्देश सुझाए हैं - प्राकृतिक आवासों की रक्षा, वनों और घासभूमियों को बचाना, और कृषि में एकीकृत कीट प्रबंधन व जैविक तरीकों का अधिकाधिक उपयोग। ताजा आंकड़े बताते हैं कि चाहे फिजी जैसे छोटे द्वीप हों या अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित राष्ट्र - हर जगह कीटों की संख्या घट रही है।

सामाजिक स्तर पर भी नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। घरों और बगीचों में स्थानीय प्रजातियों के फूलों के पौधे लगाना, रासायनिक छिड़काव कम करना और पर्यावरण-अनुकूल आचरण अपनाना छोटे-छोटे कदम हैं, लेकिन इनके व्यापक परिणाम हो सकते हैं। विद्यालयों और समुदायों में बच्चों को कीटों का महत्त्व सिखाना भी आवश्यक है। यह समझना होगा कि कीट केवल छोटे जीव नहीं, बल्कि पृथ्वी की पारिस्थितिकी के अहम स्तंभ हैं। उन्हें लुप्त होने से बचाने के लिए विज्ञान, नीति और समाज - तीनों को मिलकर काम करना होगा। यही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और यही भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य भी है।

अध्यात्म

## सेवा निस्वार्थ भाव से करें, ये नहीं सोचना चाहिए कि इससे लाभ मिलेगा या नहीं

जरूरतमंद लोगों की सेवा करते समय ये नहीं सोचना चाहिए कि इससे लाभ मिलेगा या नहीं, तभी मन को शांति मिल सकती है। अगर सेवा के बदले हम प्रतिफल के बारे में सोचेंगे तो मन शांत नहीं रहता है।

पुराने समय में किसी नदी के किनारे एक संत रहते थे। उनके आश्रम के आसपास लंबी-लंबी घास उग आई थी। संत उस घास से टोकरी बनाने की कला जानते थे। एक दिन संत ने आश्रम की सफाई की और उस घास से एक टोकरी बना दी। संत को घास से टोकरी बनाना अच्छा लगता था। टोकरी बनाने के बाद संत ने सोचा कि इस टोकरी की मुझे कोई जरूरत नहीं है, इसे नदी में बहा देता हूं। किसी जरूरतमंद के काम आ जाएगी। संत ने टोकरी नदी में बहा दी।

अगले दिन संत ने फिर एक टोकरी बनाई और नदी में बहा दी। इस काम से उनका समय कट जाता था। इसीलिए काफी दिनों वे ये काम करते रहे। संत रोज एक टोकरी बनाते और नदी में बहा देते थे। सेवा के भाव से किए गए इस काम से संत को शांति मिलती थी।

एक दिन संत ने सोचा कि मैं व्यर्थ ही ये काम कर रहा हूं। घास की टोकरी बनाकर नदी में बहा देता हूं, इससे किसी को लाभ नहीं मिलता है। अगर मैं ये टोकरियां किसी को दे देता तो यह किसी के काम आ सकती थी।

ये बात सोचकर संत ने अगले दिन से घास की टोकरियां बनानी बंद कर दी। कुछ दिन बाद संत नदी के किनारे टहलने निकले। आगे जाकर उन्होंने देखा कि एक वृद्ध महिला नदी किनारे बैठी थी। वह दुखी दिख रही थी। संत ने महिला के दुख का कारण पूछा तो उसने बताया कि मेरा इस दुनिया में कोई नहीं है। मैं अकेली हूं।

कुछ दिनों पहले तक नदी में रोज घास से बनी सुंदर टोकरी बहकर आती थी, जिसे बेचकर मैं अपना गुजारा कर लेती थी, लेकिन अब टोकरियां आना बंद हो गई हैं। इसलिए मैं दुखी हूं। महिला की बात सुनी तो संत को अपनी गलती का अहसास हुआ। अगले दिन से संत फिर से घास की टोकरियां बनाकर नदी में बहाने लगे।

इस प्रसंग की सीख यह है कि निस्वार्थ भाव से किसी की मदद के लिए कोई काम किया जाए तो उससे मिलने वाले लाभ के बारे में नहीं सोचना चाहिए। ऐसे काम हमारे पुण्यों में बढ़ोतरी करते हैं और दूसरों को इससे लाभ मिलता है। हमारा मन शांत रहता है।

# पॉल कपूर को दक्षिण एशिया का प्रभारी बनाकर पाक को दिया झटका

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए भारतीय मूल के प्रोफेसर एस. पॉल कपूर की नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक राहत के रूप में देखी जा रही है। पॉल कपूर, जो लंबे समय से दक्षिण एशियाई सुरक्षा, परमाणु नीति और आतंकवाद पर अपने कठोर विश्लेषणों के लिए जाने जाते हैं, अब उस पद पर आसीन हुए हैं जहाँ से अमेरिका की भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश के प्रति नीतियाँ तय होती हैं।**

**नीरज कुमार दुबे**

यह नियुक्ति ऐसे समय आई है जब अमेरिकी नीतियों में भारत के प्रति तनाव दिखने लगा था- विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क और व्यापारिक मतभेदों के कारण। ऐसे में कपूर की नियुक्ति अमेरिका-भारत संबंधों के लिए 'कूटनीतिक मरहम' के रूप में मानी जा रही है। कौन हैं पॉल कपूर और क्यों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं? यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि नई दिल्ली में जन्मे पॉल कपूर भारतीय पिता और अमेरिकी माता के पुत्र हैं। उन्होंने शिकागो विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और लंबे समय से अमेरिकी नौसेना के पोस्टग्रेजुएट स्कूल तथा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन से जुड़े हुए हैं। वह उन कुछ विद्वानों में से हैं जिन्होंने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति पर गहरी अकादमिक और व्यावहारिक समझ बनाई है।

उनकी पुस्तकों Jihad as Grand Strategy और Dangerous Deterrent: Nuclear Weapons Proliferation and Conflict in South Asia में पाकिस्तान की नीतियों को उन्होंने राज्य प्रायोजित उग्रवाद कहा है, न कि अस्थिरता की परिणति। यह दृष्टिकोण अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति एक कठोर रुख की वकालत करता है। कपूर का यह विश्लेषण भारत के लिए राहतकारी है, क्योंकि अब दक्षिण एशिया मामलों में निर्णय-प्रक्रिया ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो पाकिस्तान की दोहरी नीति को अच्छी तरह समझते हैं।

इससे पहले कपूर ट्रम्प प्रशासन के नीति नियोजन विभाग में काम कर चुके हैं, जहाँ उन्होंने इंडो-पैसिफिक रणनीति के निर्माण में भूमिका निभाई थी। यानी वह न केवल एक अकादमिक हैं, बल्कि नीति-निर्माण की मशीनरी से भी भली-भाँति परिचित हैं। उनकी नियुक्ति से यह स्पष्ट संकेत जाता है कि अमेरिका अब दक्षिण एशिया को केवल पाकिस्तान या अफगानिस्तान के संदर्भ में नहीं, बल्कि भारत-केंद्रित दृष्टि से देखना चाहता है।

कपूर की नियुक्ति भारत के लिए राहत क्यों है? यदि इस पर चर्चा करें तो हमें यह देखना होगा कि पॉल कपूर का विचार है कि पाकिस्तान का आतंकवादी ढाँचा कोई आकस्मिक तत्व नहीं, बल्कि उसकी राष्ट्रीय रणनीति का अभिन्न हिस्सा है। इसका सीधा अर्थ है कि वे अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति किसी नरमी के पक्षधर नहीं हैं। उनकी सोच के अनुसार, जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को नीतिगत औज़ार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा, तब तक दक्षिण एशिया में स्थायी शांति असंभव है।

भारत के दृष्टिकोण से यह अत्यंत अनुकूल है, क्योंकि बीते वर्षों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में कई बार ऐसे संकेत मिले थे कि वॉशिंगटन इस्लामाबाद को फिर से रणनीतिक महत्व देने लगा है-खासकर अफगान मोर्चे पर। कपूर की उपस्थिति इस संतुलन को भारत की ओर झुका सकती है।

दूसरी ओर, 21 अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को पत्र लिखकर भारत के साथ संबंध सुधारने की खुली वकालत की है। यह पत्र ऐसे समय आया है जब अमेरिकी व्यापार नीतियों से दोनों देशों के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। इन सांसदों में भारतीय मूल के रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, राजा कृष्णमूर्ति, श्री थानेदार और सुहास सुब्रमण्यम जैसे नेता शामिल हैं, जो अमेरिकी राजनीति में 'सामोसा कॉकस' के रूप में जाने जाते हैं।



इन सांसदों ने पत्र में चेतावनी दी है कि भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाने की नीति न केवल दोनों देशों के उद्योगों को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि इससे भारत को चीन और रूस जैसे अमेरिका-विरोधी देशों के करीब धकेला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत) का अहम स्तंभ है और इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव का सबसे मज़बूत संतुलन है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत-अमेरिका का व्यापार दोनों देशों में लाखों नौकरियों को सहारा देता है और कई अमेरिकी कंपनियाँ भारत पर निर्भर हैं- चाहे वह सेमीकंडक्टर उत्पादन हो, स्वास्थ्य सेवा हो या ऊर्जा क्षेत्र। सांसदों का कहना है कि यह टैरिफ नीति अमेरिका के अपने उपभोक्ताओं के लिए भी महँगी साबित हो रही है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अमेरिकी उद्योग को कमजोर कर रही है।

देखा जाये तो कपूर की नियुक्ति और अमेरिकी सांसदों की चिट्ठी, दोनों घटनाएँ एक साथ यह संकेत देती हैं कि अमेरिकी प्रतिष्ठान के भीतर भारत को लेकर सहमति बन रही है कि नई दिल्ली अब केवल सहयोगी नहीं, बल्कि रणनीतिक अनिवार्यता बन चुकी है। ट्रम्प प्रशासन की अब तक की नीति, जो कभी चीन पर कठोर और भारत पर अनिश्चित रही, शायद कपूर जैसे विशेषज्ञ के आने से अधिक संतुलित और भारत-पक्षीय हो सकती है। वहीं 21 सांसदों की पहल यह दर्शाती है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अब अमेरिकी नीति-निर्माण पर प्रभाव डालने की स्थिति में आ चुका है।

देखा जाये तो दक्षिण एशिया की जटिल राजनीति में पॉल कपूर का आगमन एक नया मोड़ है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो भारत की चिंताओं को न केवल समझते हैं, बल्कि उन्हें अमेरिकी रणनीति में केंद्रीय स्थान देने की क्षमता रखते हैं। साथ ही, अमेरिकी कांग्रेस में उठी भारत समर्थक आवाज़ें यह दर्शाती हैं कि वॉशिंगटन में भी अब यह समझ बन रही है कि भारत के बिना एशिया में स्थिरता की कल्पना असंभव है।

बहरहाल, कपूर की नियुक्ति और सांसदों की पहल, दोनों मिलकर यह संकेत देती हैं कि भारत-अमेरिका संबंध शायद एक नए रणनीतिक पुनर्जागरण के मुहाने पर हैं। यदि इसे सही दिशा में ले जाया गया, तो यह साझेदारी न केवल एशिया, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को भी परिभाषित करेगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नये व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। आपकी मनःस्थिति काफी अच्छी रहेगी। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृषभ**
सहयोगी और रिश्तेदारों के साथ सम्बन्ध बिगड़ने की सम्भावना है। अचानक खर्च बढ़ने से मन परेशान हो सकता है। धन के लेन-देन में त्रुटि हो सकती है।

**मिथुन**
आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रयासरत रहेंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कर्क**
किसी नये व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। आपको दृढ़ निश्चय के कारण सफलता मिलेगी।

**सिंह**
आपके नये मित्र बन सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यवसाय में आप कुछ जोखिम ले सकते हैं।

**कन्या**
आज आप थोड़ा कन्फ्यूज हो सकते हैं। परिवार के लोगों से आप थोड़े नाखुश रहेंगे। दूसरों के मामलों में अधिक बहसबाजी न करें।

**तुला**
आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। पार्टनरशिप वाले कार्यों में आपको धन प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में लोग आप पर निर्भर रहेंगे। इसके कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। नवीन वस्तुओं की खरीदारी करते समय सावधानी रखें।

**धनु**
प्रभावशाली लोगों की सहायता से आपके काम बन सकते हैं। सन्तान की उन्नति से आप उत्साहित रहेंगे। आपको नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। मित्रों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर**
वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। बहस की परिस्थितियों से बचना चाहिये। गलत निर्णय होने से आपको नुकसान होगा। कोई पुराना मामला दोबारा उभर सकता है।

**कुंभ**
आज आप अपने कार्यों में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। आपको शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**मीन**
नाक और गले में समस्या हो सकती है। भावनात्मक मामलों को लेकर उलझ सकते हैं। समस्याओं का डटकर मुकाबला करें। व्यापार में प्रतिद्वन्दियों से सावधान रहें।

# डीएम ने मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण

## ईवीएम कोषांग का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा सोमवार को कोषांगों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बाजार समिति में मतगणना हॉल एवं बज्रगृह का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके बाद ईवीएम कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्य की समीक्षा की तथा ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बाजार समिति में साफ-सफाई कराने, लाईटिंग एवं पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बाजार समिति में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाते हुए मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने मतदान के दिन बाजार समिति में जमा होने वाले पोल्ड इवीएम को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने मतदान के दिन बाजार समिति में आने-वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलता रहे।इसके साथ ही बाजार समिति में पोल्ड इवीएम लाने वाले मतदान कर्मी एवं प्रशासनिक डयूटी में लगे पदाधिकारियों कर्मियों के लिए अलग-अलग प्रवेश-निकास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रेक्षा गृह में चल रहे सामग्री कोषांग का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता अजय यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही जीत का आधार : भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में सोमवार को दरभंगा नगर विधानसभा के दरभंगा नगर दक्षिणी मंडल अंतर्गत रत्नोपट्टी शक्ति केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पिंटू भंडारी ने की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को बूथ स्तर तक सुदृढ़ करने, मतदाता संपर्क अभियान को गति देने तथा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कांस्यकार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता जन-जन तक केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही जीत की कुंजी है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को सशक्त बनाकर एनडीए प्रत्याशियों की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करें। बैठक में विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कांस्यकार, विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी, मंडल प्रभारी संगीता साह, मंडल उपाध्यक्ष कमोद राय, विधानसभा विस्तारक वीरेंद्र कराटे, मंडल आईटीसेल संयोजक निशांत कुमार निशु, क्रीड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन सहनी, सभी बूथ अध्यक्ष सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शिवाजीनगर पुलिस ने बोरज गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को तीन बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है मिली जानकारी के अनुसार, शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र में नियमित वाहन गश्ती पर निकला हुआ था इस दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बोरज गांव के एक घर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची जैसे ही पुलिस वाहन गांव के समीप पहुंचा। एक व्यक्ति घर से निकलकर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके घर से 375 एमएल की तीन बोतल विदेशी शराब (कुल मात्रा 1.125 लीटर) बरामद की गई गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मकया कमती के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में मकया ने शराब अपने पास होने की बात स्वीकार की है।

## डिस्पैच सेंटर, वीवी पैट के भंडारण को लेकर स्थल चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 को लेकर दरभंगा जिला के सभी दस विधानसभा क्षेत्र यथा 78 कुशेश्वरस्थान, 79-गौड़ाबौराम, 80- बेनीपुर, 81 अलीनगर, 82- दरभंगा ग्रामीण, 83- दरभंगा, 84-हायाघाट, 85-बहादुरपुर, 86- केवटी, एवं 87 जाले विधानसभा के ई.वी.एम की कमीशनिंग/ कमीशंड ई.वी.एम/ वी.वी.पैट के भंडारण एवं मतदाता दलों के डिस्पैच के लिए डिस्पैच सेंटर को लेकर निम्न स्थल /भवन का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 78-कुशेश्वरस्थान विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर नंदकिशोर उच्च विद्यालय सतीघाट कुशेश्वरस्थान को बनाया गया है, 79-गौड़ाबौराम विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर श्री कृष्ण आइडियल पब्लिक स्कूल बिरौल को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। 80-बेनीपुर विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर प्लस टू जयानंद उच्च विद्यालय बेहेड़ा बेनीपुर, 81-अलीनगर विधानसभा के लिए प्लस टू जनता उच्च विद्यालय शिवनगर घाट को डिस्पैच सेंटर, 83-दरभंगा ग्रामीण विधानसभा के लिए बाजार समिति शिवधारा दरभंगा को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। 83-दरभंगा विधानसभा क्षेत्र के लिए कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय का परीक्षा भवन भूतल दरभंगा को डिस्पैच सेंटर 84 हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के लिए आईटीआई रामनगर दरभंगा को डिस्पैच सेंटर, 85 -बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कादिरबाद दरभंगा को डिस्पैच सेंटर, 86 केवटी विधानसभा क्षेत्र के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल दरभंगा को डिस्पैच सेंटर, 87-जाले विधानसभा क्षेत्र के लिए दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज मब्बी दरभंगा को डिस्पैच सेंटर के रूप में बनाया गया है। ई.वी.एम/वी.वीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभा वार ई.वी.एम/ वी.वी.पैट के भंडारण संबंधित कमीशनिंग स्थल पर किया जायेगा। ईवीएम/वीवीपैट के भंडारण को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप उक्त स्थल पर ससमय ब्रजगृह का निर्माण करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश है कि अधिग्रहीत भवन उपयुक्त कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, संरचना प्रमंडल दरभंगा को तत्काल प्रभाव से उपलब्ध/कराना सुनिश्चित करेंगे।

# मैथिली विभाग में वर्गारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय मैथिली विभाग में प्रभारी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अशोक कुमार मेहता की अध्यक्षता में स्नातकोत्तर, सत्र -2025-27 के प्रथम छमाही में नामांकित छात्र-छात्रों का 'वर्गारम्भ' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफ़ेसर अशोक कुमार मेहता ने मैथिली विभाग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैथिली अध्ययन, शिक्षण और शोध के लिए इस विभाग को 'ऑक्सफोर्ड' के रूप में जाना जाता है। नव प्रवेशित छात्रों को प्रेरित करते हुए प्रोफ़ेसर मेहता ने समझाया कि 'इस जन अरण्य में स्थापित होने के लिए आप सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी।' उन्होंने छात्रों को अध्ययन, लेखन और मनन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 'जितना पढ़ना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा आवश्यक है कि आप उसे लिखें और चिंतन करें।' उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का प्रभाव व्यक्तित्व पर अवश्य पड़ता है। उन्होंने छात्रों को अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति पर भरोसा रखते हुए अपना मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान, नव प्रवेशित विद्यार्थियों को मैथिली साहित्य के समृद्ध इतिहास (विद्यापति, चंदा झा, हरिमोहन झा, यात्री आदि), मिथिलाक्षर लिपि और आधुनिक मैथिली लेखन की विभिन्न विधाओं से संक्षिप्त परिचय कराया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश पासवान ने बताया कि यह सीखने का सर्वोत्तम समय है और रामवृक्ष बेनीपुरी का उदाहरण देते हुए कहा कि 'विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के प्रति झिझक व्यर्थ है।' उन्होंने छात्रों को शुद्ध हृदय और चिंतनशील मन रखने के लिए जागरूक किया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. सुनीता कुमारी ने छात्रों को अनुशासन बनाए रखने और व्यक्तित्व विकास हेतु पाठ्य योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षा में केवल अंकों पर ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण पर भी बल दिया। उन्होंने टेस्टबुक का अध्ययन करने और लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करते रहने को महत्वपूर्ण बताया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. अभिलाषा कुमारी ने छात्रों को शैक्षणिक जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ दीं और पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साहित्यिक जिम्मेदारी छात्रों के कंधों पर होने की बात कही और उनसे कक्षा में निरंतर बने रहने तथा गंभीरता से अध्ययन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'आप ही वे युवा हैं जो अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नवभारत का निर्माण कर रहे हैं।' उन्होंने समाज में अपने दायित्व को निभाने, सीखे हुए ज्ञान पर समाज में चर्चा करने और समाज को बेहतर बनाने का प्रयास करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश पासवान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिलाषा कुमारी ने किया।

## इंटरमीडिएट फार्म भरने की तिथि हुई विस्तारित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने और शुल्क जमा करने की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 22 अक्टूबर तक आवेदन भरे जा सकेंगे एवं शुल्क 21 अक्टूबर तक जमा किए जाएंगे। इससे पहने सूचिकृत विद्यार्थियों के लिए 12 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि तय थी। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए तिथि बढ़ा दी गई है। समिति की वेबसाइट पर जाकर निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन भरा जा सकता है।

# अभ्यर्थियों को करना होगा आपराधिक इतिहास सार्वजनिक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन में आपराधिक पूर्ववृत प्रत्याशियों के साथ-साथ वैसे राजनितिक दल जो आपराधिक प्रवृति वाले अभ्यर्थियों को खड़ा करते हैं उनके आपराधिक इतिहास को सार्वजनिक करने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों के द्वारा समाचार पत्रों, वेबसाइट एवं टेलीविजन चौनलों पर ऐसे प्रत्याशी के आपराधिक इतिहास का विवरण प्रकाशित करना होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार आपराधिक पूर्ववृत प्रत्याशी एवं आपराधिक पूर्ववृत उम्मीदवार खड़ा करने वाले राजनैतिक दल को संबंधित प्रत्याशी के आपराधिक विवरण को समाचार पत्र और टेलीविजन पर तीन अवसरों पर प्रकाशित करना होगा। प्रत्याशियों के साथ ही उन्हें चुनाव लड़ाने वाली राजनीतिक दल को भी नियम का पालन करने के लिए कहा गया है। उम्मीदवार के आपराधिक विवरण का पहली बार प्रकाशन नाम निर्देशन वापसी के अंतिम तारीख के पहले चार दिनों के भीतर करवाना होगा। दूसरी बार इसका प्रकाशन नाम वापसी के अंतिम तारीख के पांचवें से आठवें दिन के अंदर करवाना होगा। तीसरी बार इसका प्रकाशन नाम वापसी के नौवें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन के बीच करवाना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि राजनैतिक दलों के लिए अनिवार्य है कि वे अपनी वेबसाईट पर लंबित आपराधिक मामलों वाले उन व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी अपलोड करेंगे। जिन्हे अभ्यर्थियों के रूप में चुना गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया गया है कि जो दिशा-निदेश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है, उसका सभी निर्वाची पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र पर चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के रजाकपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 112 पर सेविकाओं ने पोषण पखबारा तथा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाओं ने रंगोली का निर्माण कर पोषण तथा मतदान के प्रति संदेश दिया। एल एस शालिनी ने कहा कि बच्चे तथा किशोरी कुपोषण के जद में सही खानपान की जानकारी के अभाव में आ जातें हैं। इन्हें कुपोषण से बचने के लिए खानपान में पोषक तत्वों को शामिल करने की जानकारी दी। बच्चे तथा किशोरी देश के धरोहर हैं। इन्हें अच्छा स्वास्थ्य देना तथा देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। पोषण पखबारा का मुख्य उद्देश्य उन्हें सही खानपान के संबंध में जानकारी देना है। लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे, घर-घर में संदेश दो, वोट दो, वोट दो, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, वोट हमारा है अधिकार, कभी न करें इसे बेकार आदि स्लोगन के साथ मतदाताओं को जागरुक कर 06 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मौके पर सेविका काजल कुमारी, फातिमा, आयशा खातुन, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार सहित पोषक क्षेत्र के कई मतदाता मौजूद थे।

## जीविका दीदियों ने की मतदान की अपील

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देशानुसार जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला के विभिन्न प्रखंडों में जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई एवं मतदाता शपथ दिलाई गई। जीविका दीदियों ने आम जनों से 6 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुँचकर मतदान करने की अपील की। आओ मिलकर करें प्रयास, शत-प्रतिशत मतदान का हो विश्वास।

# पत्रकारिता के मूल आत्मा के साथ नहीं होना चाहिए बदलाव : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 देवनारायण झा ने पत्रकारिता में बदलाव को समय की जरूरत बताते हुए कहा कि पत्रकारिता के आयाम मे कितना भी बदलाव हो लेकिन उसकी मूल आत्मा के साथ कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

स्थानीय एक निजी क्षेत्र के होटल के सभागार में ख्यातिलब्ध पत्रकार स्व0 राम गोविन्द प्रसाद गुप्ता की 90वीं जयंती के अवसर पर पत्रकारिता के बदलते आयाम विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रो0 देवनारायण झा ने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसा क्षेत्र है जो निरंतर बदलते समय के साथ अनुकूलन कर रहा है। प्रौद्योगिकी की प्रगति और सोशल मीडिया के उदय ने पत्रकारिता के तरीके और उसके पहुंच को पूरी तरह से बदल दिया है। आज की पत्रकारिता में न केवल समाचार पत्र और टेलीविजन शामिल हैं, बल्कि ऑनलाइन मीडिया, ब्लॉगिंग और सोशल मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

पत्रकारिता के बदलते आयाम न केवल नए अवसर ला रहे हैं, बल्कि कई चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इन चुनौतियों का सामना करते हुए, पत्रकारिता को अपने मूल सिद्धांतों - सटीकता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता को बनाए रखना जरूरी होगा। इस बदलते युग मे भी प्रिंट मीडिया का अपना अलग महत्व है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ पत्रकारिता यदि दवाव में आ जायेगा तो लोकतंत्र खतरे में पर जाएगा। इसलिए पत्रकारों को चाहिए कि राग द्वेष से ऊपर उठकर अपनी बातों को जो जनहित में हो रखे।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 हरिनारायण सिंह ने कहा कि पिछले कई सालों में हमारी सामाजिक व्यवस्था में बदलाव नजर आने लगे है और ये भी इलेक्ट्रॉनिक क्रांति का ही नतीजा है। पत्रकारिता के बदलते आयाम की चर्चा करते हुए प्रो0 सिंह ने कहा कि इंटरनेट और मोबाइल फोन की पहुंच ने समाचार को तुरंत और व्यापक रूप से प्रसारित करने की क्षमता प्रदान की है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मस ने समाचार के प्रसार और उपभोग के तरीके को बदल दिया है, जिससे नागरिक पत्रकारिता को बढ़ावा मिला है। पत्रकारिता में अब वीडियो, ऑडियो और इंटरैक्टिव ग्राफिक्स जैसी मल्टीमीडिया सामग्री का अधिक उपयोग हो रहा है। डेटा विश्लेषण और विज़ुअलाइज़ेशन का उपयोग करके समाचारों को अधिक विस्तृत और समझने योग्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पूरा देश देश धीरे-धीरे उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हिस्सा बनता जा रहा है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के पूर्व सचिव नदीम अहमद काजमी मैं कहा कि समाचार संस्थानों पर पूंजीपतियों का कब्जा हो गया है जिस कारण हम पत्रकारों को भी समाचार के चयन में बहुत चीजों का ध्यान रखना पड़ता है।

वरिष्ठ पत्रकार विष्णु कुमार झा ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़े बदलाव आ चुके है। आप त्वरित गति से समाचार को संपादित कर सकते है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0 प्रेम मोहन मिश्र ने कहा कि पहले पत्रकारिता एक मिसन था जो समाज मे बदलाव लाने के लिए काम करता था अब पत्रकारिता एक व्यापार हो चुका है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 कृष्ण कुमार ने कहा कि कलम की शक्ति में जो ऊर्ज़ा है वो कही नही है अगर आप कोई खबर अखबार में पढ़ते है वो बाद में इतिहास का रूप ले लेगा पर टीबी चैनल आदि आदि पर जो खबर आती है उसका कोई स्वरूप नहीं होता है। संगोष्ठी में संदीप विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ समीर कुमार वर्मा और डॉ अजित कुमार चौधरी ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम का प्रारंभ स्वर्गीय रामगोविंद प्रसाद गुप्ता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। संगोष्ठी में आगत अतिथियों का स्वागत पत्रकार प्रदीप गुप्ता ने किया जबकि संचालन अपने सधे गए शव्दों में डॉ ए.डी.एन.सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार प्रमोद कुमार गुप्ता ने किया।

## एक नजर

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. अनिल प्रसाद ने 19 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण अपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा भारती भूषण, फार्मासिस्ट नवीन कुमार, डा. हिमांशु कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना के प्राथमिक आरोपी थाना क्षेत्र के बरी अकहा निवासी रामवृक्ष महतो के पुत्र धीरज कुमार को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।वह कई माह से फरार चल रहा था। इसके साथ ही तीन वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया दूसरी ओर गत 25 जून से लापता बालक थाना क्षेत्र के कटारिया निवासी गणेश दास के पुत्र बब्बी कुमार को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### विधायक ने की पदयात्रा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** निवर्तमान विधायक सूर्यकांत पासवान ने नावकोठी में पदयात्रा की। उन्होंने गाँव के प्रत्येक घरों का भ्रमण कर विगत पांच वर्षो के अपने कार्यकाल में किये गए विकासात्मक कार्य को गिनाया। इनके कार्यकाल में एक भी जर्जर सड़क नहीं बची, बेंच विहीन स्कूलों में बेच, सेल्फ, पुस्तकालय निर्माण, नगर सौन्दर्यीकरण योजना के तहत द्वार निर्माण,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण आदि कार्य सम्पन्न हुए हैं। आप आसन्न विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजने की अपील की ताकि शेष बचे कार्य को भी पूरा किया जा सके। नावकोठी प्रबुद्ध जनों का प्रतिबिंब है। उन्होंने 16 अक्टूबर को नामांकन के मौके पर आने का निमंत्रण भी दिया। मौके पर अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी, जितेंद्र कुमार राय, गणेश महतो, रौशन कुमार, श्रवण कुमार, आनंद मोहन प्रसाद सिंह, महेन्द्र महतो, राजेन्द्र शर्मा, टुन्नी लाल सिंह, राजदेव महतो, राजेन्द्र पोद्दार आदि थे।

### आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के डीह पर पंचायत में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आया है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि बीपीआरओ अभिषेक प्रभाकर के द्वारा एक लिखित आवेदन में दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया है कि डीह वार्ड संख्या 3 निवासी स्व सीताराम पासवान के करीब 35 वर्षीय पुत्र सुमन पासवान के द्वारा आदर्श चौक डीह पर के प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति डीह पर तक पोल पर चिपकाए हैं। सत्यापन के दौरान सटा हुआ पाया भी गया। जिस पर लिखा हुआ था भाजपा हटाओ राष्ट्र बचाओ । इस आलोक में मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दिया गया है।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष व मंडल कमिटी की बैठक

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश प्रखंड स्थित नारायनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष, मंडल कमिटी की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता उतरी मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार विश्वास, संचालन दक्षिणी मंडल अध्यक्ष लवकुश पंडित के किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधान सभा संयोजक श्री भगवान सिंह, संदेश विधान सभा प्रभारी संतोष चंद्रवंशी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सभी बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों को अपने अपने बूथों पर जल्द से जल्द बैठक कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में भाजपा के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ओम प्रकाश सिन्हा, कामेश्वर पंडित, चंदेश्वर सिंह, सियाराम सिंह ,सरोज सिंह, बिजेंद्र सिंह, सतीश कुमार सिंह, एकराम सिंह, अखलेश चौधरी, राजीव सिंह, गौरी शंकर गोस्वामी, नागेश्वर सिंह, पशुराम चौधरी समेत एवं संदेश के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 251 कुंडीय गायत्री यज्ञ का होगा आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार मटिहानी के तहत 4 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाले 251 कुंडीय संवर्धन यज्ञ तथा संस्कार समारोह के लिए वातावरण निर्माण हेतु शक्ति कलश रथ का भ्रमण किया गया। इसका नेतृत्व गायत्री शक्तिपीठ बेगूसराय के आलोक कुमार ने किया। स्थानीय गायत्री परिजनों ने कर्पूरी स्मारक चौक पहसारा में अगवानी किया। गायत्री शक्ति कलश रथ पहसारा, बभनगामा, वृंदावन, अब्बूपुर, छतौना, बेगमपुर, इनैया, नावकोठी, हसनपुर बागर, रजाकपुर, शेखपुरा, गौरीपुर, चकमुजफ्फर, सिसौनी, सैदपुर, देवपुरा, समसा आदि गांवों के विभिन्न गलियों से गुजर कर इस यज्ञ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। शक्ति कलश रथ पर स्थापित शक्ति कलश का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। शक्ति कलश रथ भ्रमण से वातावरण भक्ति मय हो गया। मौके पर टोली नायक श्रवण कुमार, जयशंकर कात्यायन, महेन्द्र, मनीष कुमार, सच्चिदानंद, प्रखंड संयोजक पुरूषोत्तम जायसवाल, उमेश सत्यार्थी, राधाकान्त महतो, सुधीर सहनी, दिनेश चौधरी, दयानंद चौधरी सहित दर्जनाधिक गायत्री परिजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जन सुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी जन सम्पर्क अभियान में दर्जनों गांवों का किया दौरा



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल विधानसभा में बदलाव को लेकर जन सुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी कपिल देव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल का दौरा आदापुर के विभिन्न गांवों में किया गया, जहां जन सम्पर्क अभियान के बाद पार्टी के कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्यामपुर पंचायत सहित बगही, मूर्तियां,गमहरिया कला के बाद दर्जनों गांवों में भ्रमण किया गया,भुवन पटेल ने पत्रकारों को बताया कि जिस प्रकार से युवा वर्ग जन सुराज से जुड़ रहे हैं भाजपा का हार सुनिश्चित है जिन्होंने पांच वर्षों में अधिकारियों, प्रशासन को परेशान किया, कार्यालयों से उगाही की उसके खिलाफ लोगों का मन बदल गया है और हमारी जीत सुनिश्चित है,बैठक के दौरान अवध बिहारी पटेल, मोहम्मद शानी मियां, सुभाष सिंह, प्रीत नारायण सिंह, अवधेश सहनी, विनोद कुशवाहा, रविन्द्र पटेल,सदन यादव, राहुल कुमार उपस्थित थे।

### 16 नवंबर को बार्षिक आम चुनाव- सह बजट पूर्व परिचर्चा होटल रामसन प्लाजा में होगा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक आम चुनाव सह बजट पुर्व परिचर्चा दिनांक 16 नवम्बर दिन रविवार को स्थानीय होटल रामसन प्लाजा में अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके लिए मुख्य चुनाव पदाधिकारी सुधीर अग्रवाल और सहायक चुनाव पदाधिकारी संजय जायसवाल को बनाया गया । उल्लेखनीय है कि मोतिहारी चैंबर के सत्र 2026 के लिए अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और उपसचिव का चुनाव होगा। आज हुए मोतिहारी चैंबर के उच्चाधिकार समिति का बैठक संयोजक मनीष कुमार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें चैंबर अध्यक्ष अंगद सिंह महासचिव आलोक कुमार उच्चाधिकार समिति के सदस्य सुधीर अग्रवाल, रवि कृष्ण लोहिया, अनुपम जायसवाल और संजय जायसवाल ने भाग लिया। उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

### नामांकन के पहले दिन 12 विधानसभा क्षेत्रों से कोई नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत द्वितीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही पूर्वी चंपारण जिला में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है।इस प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2025 से संबंधित जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों से कोई नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

### ट्रक की ठोकर से उपचालक की मौत, चालक घायल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया मोतिहारी एनएच-727 पर सोमवार की सुबह मझौलिया के थैलेसरी चौक के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने जा रहे दूसरे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 19 वर्षीय उपचालक शाहरुख खान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बेतिया की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि केबिन का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों लोग उसमें फंस गए।मौके पर पहुंचे मझौलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से बेतिया जीएमसीएच भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उपचालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक उत्तर प्रदेश के जमड़ी गांव का रहने वाला था। पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### उद्घाटन से पहले ही ढहने लगा शवदाह गृह

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के नौतन खुर्द पंचायत अंतर्गत सेमरा वृत्त में बने नव-निर्मित शवदाह गृह में भारी अनियमितता उजागर हुई है। उद्घाटन से पहले ही भवन का ढांचा क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।सोमवार को उपमुखिया जयप्रकाश यादव की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने शवदाह गृह परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में खुलेआम घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। दीवारों में दरारें आ गई हैं और छत के कई हिस्से उद्घाटन से पहले ही टूटने लगे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत समिति फंड से बने इस शवदाह गृह में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की, वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर फैले असंतोष से पूरे क्षेत्र में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि की बबार्दी और लापरवाही का यह उदाहरण प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

### पेड़ से बांधकर दो युवकों की पिटाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेड़ से बांधकर दो युवकों की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो शिकारपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो में दो युवकों को पेड़ से बांधकर लोग पीट रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय सहारा अखबार नहीं करता है। वायरल वीडियो के संदर्भ में बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने इन युवकों को बैटरी चोरी के आरोप में पकड़कर पेड़ से बांधा था। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के पंडई चौक की बताई जा रही है। वायरल फुटेज में कुछ लोग युवकों से पूछताछ करते और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोरी की यह घटना कब हुई है।और इसमें शामिल लोग कौन हैं? वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस संबंधित स्थान और घटना में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान करने में जुटी है। वही घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### निर्भीक होकर करें मतदान, निकाला फ्लैग मार्च

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिरैया विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक व भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव में फ्लैग मार्च किया गया। जिसमें बिहार पुलिस के साथ सी ए पी एफ टीम ने भाग लिया। मार्च गांव के मुख्य सड़क से होते हुए गलियों तक गई। जिसके कारण समाज के कमजोर व्यक्तियों को बल मिला। मार्च के दौरान थानाध्यक्ष महेश कुमार ने आम लोगों से अपील किया कि आप लोग निर्भीक होकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो। थानाध्यक्ष ने आम लोगों के बीच सरकारी व निजी मोबाइल फोन उपलब्ध कराते हुए कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर बेधड़क संपर्क करेंगे। साथ ही कहा कि किसी तरह के संदिग्ध आचरण वाला व्यक्ति दिखे तो जरूर कॉल कीजिए। त्वरित कार्रवाई की जाएगी। लोग पुलिस की इस कारवाई से काफी खुश नजर आ रहे थे।

### भ्रष्टाचार और घूसखोरी को मिटाना पहली प्राथमिकता : ई. संजय सिंह

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज द्वारा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद चिरैया पहुंचे जनसुराज के प्रत्याशी ई. संजय सिंह का पार्टी के कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जमकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि चिरैया विधानसभा क्षेत्र विगत कई वर्षो से विकास के मामले काफी पीछे है। यह क्षेत्र कुछ लोगों के हाथों गिरवी पड़ा है। जिसे मुक्त कर इसे गांधी जी के सपनों का विकसित चिरैया बनायेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और घूसखोरी को मिटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नामांकन के समय शपथ पत्र में उल्लेखित संपत्ति में एक प्रतिशत भी वृद्धि होने पर जनता अपनी अदालत में मुझे सजा दे सकती है। जो मुझे स्वीकार होगा। वे जन सेवा के भाव से राजनीति में आए हैं। गरीब, असहाय, लाचार, व बेरोजगारों का संबल बन कर उनके बेटा की तरह काम करूंगा। क्योंकि पलायन को रोकना और क्षेत्र में उद्योग धंधों को बढ़ावा देना जन सुराज का मुख्य उद्देश्य है। जिस पर वे जीवन भर काम करते रहेंगे। वही पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वीर प्रसाद महतो ने कहा कि वे लोग मिलजुल कर चिरैया को विकसित करेंगे। मौके पर जयमंगल कुशवाहा, मुन्ना कुमार सिंह, फैयाज अहमद, ए रहमान चंपारनी, पवन दास, अजीत दूबे, त्रिमूर्ति प्रताप सिंह, लिटिल गुरु, शिव शंकर मिश्रा सहित अनेक पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान उपयोग किये जाने वाले

# ईवीएम एवं वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन संपन्न



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण द्वारा प्रथम रैंडमाइजेशन के माध्यम से प्रथम स्तरीय जाँच में सही पाये गये ईवीएम एवं वीवी पैट को विधानसभावार यादृच्छिक रूप से आवंटित किया जाता है। प्रथम रैंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल एश्ट मैनेजमेंट सिस्टम -एटर के माध्यम से संपन्न होता है। इससे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के मैन्युअल ऑन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में वर्णित है, जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के दौरान उपयोग की जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट का 'प्रथम रैंडमाइजेशन' पूर्वी चंपारण जिला में एनआईसी, समाहरणालय पूर्वी चंपारण मोतिहारी में संपन्न हुआ। जिले में प्रथम रैंडमाइजेशन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट), जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण होने के उपरांत, विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित ईवीएम एवं वीवी पैट की जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित सूची सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालय में उपलब्ध कराया गया। इस सूची के अनुसार ईवीएम एवं वीवी पैट को जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारियों को आगामी निर्वाचन में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित स्ट्रॉग रूम में मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भंडारित कर दिया जाएगा।निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप दिये जाने के उपरांत, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित ईवीएम एवं वीवी पैट की सूची अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध करायी जाएगी। ज्ञातव्य है कि पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 4095 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। जिसके लिए विधानसभा वार ईवीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं विविपैट का रेंडमाइजेशन कर दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त,उप निर्वाचन पदाधिकारी,जिला जन संपर्क अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रथम रैण्डमाइजेसन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न**

### सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप, चार घायल, तीन दुकानें जलकर खाक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मझौलिया बाजार सोमवार की सुबह अचानक अफरा-तफरी में बदल गया जब चीनी मिल बाबू क्वार्टर के सामने स्थित एक मिठाई दुकान में गैस सिलेंडर फट गया। जोरदार धमाके के साथ लगी आग ने देखते ही देखते आसपास की तीन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित चार लोग झुलस गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिठाई दुकानदार बृजलाल साह का पुत्र संदीप साह सुबह मिठाई तैयार कर रहा था, तभी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि पास की आशीष कुमार की मिठाई दुकान और सुरेश साह की किराना दुकान भी जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, पर लपटें इतनी भीषण थीं कि कुछ ही देर में सब कुछ राख में तब्दील हो गया।

## जिला शिक्षा कार्यालय के सौजन्य से मतदाता जागरूकता अभियान



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला शिक्षा कार्यालय के सौजन्य से मोतिहारी के प्रतिष्ठित मंगल सेमिनरी प्लस टू माध्यमिक उच्च विद्यालय में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंगल सेमिनरी के प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। यहां पर स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई एवं "चलो मतदान करें, 11 नवंबर को मतदान करें" का गगन भेदी नारा लगाया। यहां पर बच्चों के साथ विद्यालय के सभा कक्ष में बैठक कर मतदाता जागरूकता के तहत सभी को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ सर्व शिक्षा, डीपीओ आईसीडीएस, लेखा पदाधिकारी शिक्षा विभाग सहित कॉलेज के प्राचार्य एवं शिक्षक, भारत स्काउट एंड गाइड के संगठन आयुक्त ने बच्चों को संबोधित किया एवं सभी बच्चों से अपने अभिभावकों, अपने पड़ोसी, मित्रों से 11 नवंबर को सारे काम छोड़कर पहले मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर बच्चों ने रंगोली भी बनाई थी जिसके माध्यम से जागरूकता अभियान को और गति मिली।

### सिर दर्द बना आदमखोर बाघ का हुआ रेस्क्यू

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीटीआर के गोवर्धना व मंगुराहाँ वन क्षेत्र के रिहायाशी इलाकों में दहशत का पर्याय व वन विभाग का सिर दर्द बने आदमखोर बाघ को गौनाहा थाना के सिसई गांव के सरेह से रविवार की रात्री 12 बजे रेस्क्यू कर लिया गया । वैसे वन विभाग की पूरी टीम बाघ को रेस्क्यू करने में दिन रात लगी रही। दो हाथी को भी रेस्क्यू टीम की मदद के लिए लाया गया था। बाघ को ट्रीकुलर गन से बेहोश कर रेस्क्यू कर पटना जू भेज दिया गया। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि मंगुराहा वन क्षेत्र के सिसई गांव के सरेह में चार दिनों से डेरा डाले आदम खोर बाघ को रेस्क्यू कर, पटना भेज दिया गया।

## जन सुराज भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करेगा : लालबाबू यादव



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है।हमें सभी वर्गों का समर्थन मिलेगा।उक्त बाते जन सुराज प्रत्याशी सह जिला पार्षद लालाबाबू यादव ने अपने आवास निमोईया गांव में पत्रकारों को संबोधित करते कहा।उसने कहा हमें सभी वर्गों जनसमर्थन मिलेगा।सड़क,पुल,पुलिया और अन्य कार्य नरकटिया में मुंह बाएं खड़ा है। हमें केवल एक जाति का नहीं बल्कि सभी जातियों से अपार जन समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा कि हमारे नेता प्रशांत किशोर विद्वान है जिनके एक सड़क ,शिक्षा,स्वास्थ्य , पलायन को रोकना,वृद्धा पेंशन जैसे अन्य योजनाओं को जन जन तक पहुंचना मेरा लक्ष्य है।उसने कहा आज मुझे नरकटिया विधान सभा क्षेत्र से प्रत्यासी बनने की घोषणा की गई है।घोषणा से क्षेत्र के लोगो में खुशी है। हमारे ऊपर प्रशांत किशोर का विश्वास है जिस पर हम खरा उतरेंगे।हम 24 घंटे चुनाव तक क्षेत्र में बने रहेंगे और जनता के सुख दुःख में शामिल रहेंगे।

## जन सुराज ने कल्याणपुर से डॉ.मंतोष पर लगाया दांव,समर्थकों में खुशी



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है।सूची में कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से डॉक्टर मंतोष सहनी को अपना उम्मीदवार बनाया है।पार्टी के इस निर्णय का स्वागत क्षेत्रीय कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने किया है।दूसरी सूची जारी होने के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. मंतोष सहनी ने कहा कि वे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल किसी एक व्यक्ति को चुनने का नहीं, बल्कि अपने बच्चों और समाज के भविष्य को तय करने का अवसर है।डॉ. सहनी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और बेरोजगारी को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कल्याणपुर की जनता अब बदलाव चाहती है। हम जनता से अपील करते हैं कि वे इस बार जाति या धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों के नाम पर वोट करें।पार्टी द्वारा जारी दूसरी सूची में कई नए और युवा चेहरों को मौका दिया गया है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।जन सुराज पार्टी का लक्ष्य साफ-सुथरी और जनभागीदारी वाली राजनीति को बढ़ावा देना है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी

**जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर हुयी 2623556 ● 1626 भवनों में बनाया गया 3156 मतदान केंद्र**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनावी प्रक्रिया के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। इसके तहत जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में आज से नामांकन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि बगहा अनुमंडल में बगहा एवं रामनगर, नरकटियागंज अनुमंडल में नरकटियागंज एवं सिकटा तथा बेतिया में अनुमंडल पदाधिकारी के कक्ष में बेतिया, डीसीएलआर के यहां नौतन, डीडीसी के यहां चनपटिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी के यहां वाल्मीकिनगर एवं अपर समाहर्ता विभागीय जांच के यहां लौरिया विधानसभा क्षेत्र का नामांकन प्रक्रिया आरंभ की गयी है। अबतक की जानकारी के अनुसार आज पहले दिन किसी भी विधानसभा क्षेत्र में एक भी नामांकन नही किया गया है। जिलाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि अधिसूचना जरी होने के बाद एक मात्र रविवार को छोड़कर 20 अक्अूबर तक नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी। वहीं 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। जबकि 23 अक्टूबर को अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि है। अभ्यर्थिता वापसी के बाद उसी दिन बचे अभ्यर्थियों के बची प्रतीक चिंन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन विगत 30 सितंबर को कर दिया गया था। फिरभी आवेदन पत्र स्वीकार किये जा रहे थे। अब मतदाता सूची को लॉक कर दिया गया है। जिले में इस बार विधानसभा चुनाव में 26लाख 23 हजार 556 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए जिले में 3156 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के 1626 मतदान भवनों में इन मतदान केंद्रों का बनाया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन एवं बगहा एसएसपी सुशांत कुमार सरोज की उपस्थिति में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 29एफएसटी एवं 29 एसएसटी को क्रियाशील कर दिया गया है। एफएसटी चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद से हीं क्रियाशील है।

## नरकटियागंज में पहले दिन नहीं हुआ नामांकन,सिकटा में एक एनआर कटा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर नरकटियागंज अनुमंडल कार्यालय कक्ष में सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन को लेकर अनुमंडल परिसर में नरकटियागंज एवं सिकटा विधानसभा के अलग अलग प्रवेश द्वार बनाया गया है। जहां प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र को दाखिल करेंगे। वही दोनों प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारी से पुलिस पदाधिकारी के साथ जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 03 नरकटियागंज विधानसभा के लिए अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट तथा 09 सिकटा विधानसभा के लिए डीसीएलआर कार्यालय प्रकोष्ट में नामांकन लिया जाएगा। वही नामांकन को लेकर दोनों विधानसभा के लिए अलग अलग हेल्प डेस्क बनाया गया है। जहां नामांकन से पहले प्रत्याशियों के नामांकन पत्र से सबंधित कागजातों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात प्रत्याशी अपने निर्धारित काउंटर पर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नरकटियागंज 03 विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नामांकन के पहले दिन निर्धारित समय तक किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन दाखिल नही हुआ है। वही सिकटा विधानसभा के आरओ सह डीसीएआर चंद्रशेखर कुमारन ने बताया कि पहले दिन नामांकन शून्य रहा वही एक नाजिर रसीद कटाया गया है।आरओ ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया 20 नवम्बर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजो की जांच करवा लें उसके लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। ताकि उन्हें नामांकन करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

### अधिकारियों ने अतिसंवेदनशील बूथों का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रशाशन कटिबद्ध है।अधिकारीयो व पुलिस की टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। ताकि भयमुक्त तरीके से निष्पक्ष चुनाव कराया जाय। खासकर प्रशासन अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण कर रहीं है। रविवार की शाम 03 नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के नौतनवा पंचायत में स्थिति संवेदनशील मतदान केंद्रों का एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह, एआरओ सह सीओ सुधांशू शेखर, थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने जायजा लिया। अधिकारियो ने इस दौरा बूथ संख्या 74, 75, 76, 77 व 78 के बारे में सेक्टर पदाधिकारी व बीएलओ से क्षेत्र के बारे में आवश्यक जानकारी लिया। इसके पश्चात अधिकारियो ने चनपटिया सेंटर स्थित बनाये गए चेक पोस्ट का जायजा लिया।

### नामांकन के लिए उम्मीदवारों का इंतजार करते रहे अधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा चुनाव में नामांकन के पहले दिन सोमवार जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र में कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ।हालाकि नौतन में 4, वाल्मीकिनगर में एक बेतिया में दो नामांकन का पर्चा दाखिला के लिए रसीद कटवाया गया है। पहले दिन प्रत्याशियों के आने का इंतजार पूरे दिन रिटर्निंग अफसर से लेकर चुनाव में लगे अधिकारी करते रहे। उम्मीद की जा रही कि बुधवार से नामांकन रफ्तार पकड़ सकता है। उधर, समाहरणालय से लेकर अनुमंडल व डीसीएलआर कार्यालय परिसर तक प्रत्याशियों के नहीं आने से सन्नाटा जैसा स्थिति रही. कलेक्ट्रेट में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। कलेक्ट्रेट में आने जाने वाले लोगों से पूछताछ के बाद ही इंट्री मिल रही थी। मोहर्रम चौक से लेकर समाहरणालय चौक एवं स्टेशन चौक तक ड्रॉप गेट लगाकर पुलिस बल व मजिस्ट्रेट वीडियोग्राफर के साथ मुस्तैद रहे।

## पटना में आयोजित आर्थो फिजियो कार्यशाला में डॉ. गोपाल सिंह हुए सम्मानित

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के राजधानी पटना स्थित एक आवासीय होटल के सभागार में लिगामेंट, ज्वाइंट एण्ड अर्थराइटिस क्लिनिक द्वारा एक दिवसीय आर्थो फिजियो मीट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. अरविंद प्रसाद गुप्ता के द्वारा शहर के मिस्कौट स्थित जनसेवा स्पाइन फिजियोथेरेपी एण्ड पेन रिलीफ क्लिनिक के निदेशक प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गोपाल कुमार सिंह को मोमेन्टो एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि घुटना एवं कंधा से संबंधित चिकित्सकीय समस्या जैसे लिगामेंट इंजूरी, स्पोर्ट्स इंजूरी, अर्थराइटिस, फ्रोजेन शोल्डर के उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका असरदार एवं कारगर सिद्ध होता है। वहीं डॉ. राजेश, डॉ. स्वाति, डॉ. विवेक ने फिजियोथेरेपी के नये आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी साझा किए। डॉ. गोपाल को पटना में सम्मानित होने पर समाजसेवी गोविन्द सिंह, शिक्षक आशुतोष कुन्दन सिंह, उज्वल सिंह, रश्मि सिंह, राहुल सिंह, प्रकाश रंजन, सुजीत कुमार सहित कई चिकित्सको एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हे बधाई दिया है।



# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 'वाइब्रेंट इंडिया 2025' में प्रथम पुरस्कार हासिल किया

**नवाचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का शानदार प्रदर्शन**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) ने दिल्ली के दिल्ली हाट, पीतमपुरा में 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 'वाइब्रेंट इंडिया 2025 एक्सपो' एवं 'पीएसई डेवलपमेंट एंड अचीवमेंट एक्सपो 2025' में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। एमजीसीयू की प्रदर्शनी प्रतिनिधि मंडली - प्रोफेसर शिरीष मिश्रा और डॉ. उमेश पात्रा के नेतृत्व में - विश्वविद्यालय की नवोन्मेषी शैक्षणिक और प्रशासनिक पहलों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिनिधियों ने अनेक प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) आधारित शिक्षण व्यवस्था, 'समर्थ' पोर्टल द्वारा सशक्त छात्र जीवन चक्र, नियमित एवं समयबद्ध कक्षाएं और परीक्षाएं, जीवंत सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ, तथा सशक्त प्लेसमेंट अवसर प्रमुख हैं। इस एक्सपो में देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों - जैसे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, विश्व भारती, आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), एनआईटी हमीरपुर, एनआईटी मिजोरम तथा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद- ने भाग लिया। एमजीसीयू का स्टॉल पूरे आयोजन का केंद्र रहा, जहां शिक्षकों, शिक्षाविदों, शोधकताओं, अभिभावकों, विद्यार्थियों और सरकारी अधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। विश्वविद्यालय की प्रस्तुति को सभी प्रतिनिधियों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री रविंदर सिंह ने भी एमजीसीयू के स्टॉल का अवलोकन किया और विश्वविद्यालय की नवोन्मेषी शैक्षणिक पहलों की सराहना की। कुलपति का वक्तव्यः महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई देते हुए कहा- यह पुरस्कार महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के समर्पित संकाय सदस्यों, कर्मठ कर्मचारियों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने और शिक्षा के हर आयाम में उत्कृष्टता लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मान हमें और अधिक नवाचार, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए प्रेरित करेगा। यह उपलब्धि एमजीसीयू की सतत प्रगति, गुणवत्ता-केंद्रित दृष्टिकोण और नवाचार-प्रधान शिक्षण पद्धति का प्रतीक है, जो विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आदर्श क्रियान्वयन का अग्रणी उदाहरण बनाती है।

# नर्सिंग होम संचालक की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले से सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शकूराबाद-बभना मार्ग पर सिकरिया गांव जाने वाली सड़क किनारे एक युवक का शव पाया गया। युवक का गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी और सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परसबिगहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान जहानाबाद शहर के ताज होटल के बगल स्थित सिटी नर्सिंग होम के संचालक मो. गुलफाम अंसारी के रूप में हुई है। मृतक अरवल जिला के कूर्था थाना के गोहरा गांव का निवासी बताया जाता है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सुबह के समय लोगों ने सड़क किनारे झाड़ियों के पास खून से लथपथ एक युवक का शव देखा। गले पर तेज धारदार हथियार से वार किए जाने के गहरे निशान थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। परिजनों को सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने शव की पहचान मो. गुलफाम अंसारी के रूप में की। मृतक के पिता मो. अमीनुद्दीन ने बताया कि मेरा बेटा गुलफाम जहानाबाद में सिटी नर्सिंग होम का संचालन करता था। वह प्रतिदिन वहीं रुकता था। रविवार की शाम करीब सात बजे घर से निकला था, लेकिन रात में घर नहीं लौटा। सुबह जानकारी मिली कि उसकी मोटरसाइकिल परसबिगहा थाना में है और पास में ही एक शव मिला है। जब देखा तो मेरे बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी इसी महीने 29 नवंबर को होने वाली थी, जिसकी घर में तैयारियां चल रही थी। शादी को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन अब सब कुछ मातम में बदल गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई लगती है। सवाल उठ रहे हैं कि हत्या के बाद शव को ग्राम सिकरिया की सुनसान सड़क के पास क्यों फेंका गया? क्या अपराधियों ने पहचान छिपाने की कोशिश की या घटना यह किसी व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा है! इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नर्सिंग होम के कर्मचारियों और साझेदारों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि हत्या के हर पहलू की जांच की जा रही है। बहुत जल्द अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## किसानों के हित में काम करेगा यूनियन नहर निर्माण कार्य को लेकर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भारत भूमि संघर्षशील किसान यूनियन के तत्वाधान में सोमवार को लखैपुर के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में किसान संगठन की ओर से एक बैठक की गई। बैठक में किसान संगठन के तमाम सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन एवं अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष भोला यादव के द्वारा किया गया। बैठक का उद्देश्य विगत 2014 से यशवंतपुर नहर के नव निर्माण के लिए संगठन एवं किसान संघर्षरत लगातार रहे जिसकी उपलब्धि है। अध्यक्ष भोला यादव ने बताया कि संगठन के विशेष मांगो में बिसुनपुर नहर को पुनः चालू करना है जिसका टेंडर कार्य हो गया है। इस नहर का नवनिर्माण करने में उत्तरी कोयल नहर विभाग एवं जिला प्रशासन तथा संगठन के आपसी सहयोग से लंबे संघर्ष के बाद निर्माण कार्य संभव हो सका। यह 1 अरब 31 करोड़ 54 लाख रूपये की लागत से निर्माण किया जा रहा है। नहर के लिए पानी इंद्रपुरी डैम से लिया जाएगा। इस उपलब्धि में पूर्व जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व कमेटी को भंग कर नई कमेटी गठित किया गया हैं जिसमें भोला यादव को पुनः अध्यक्ष चुना गया है। सचिव राधे प्रसाद, उपाध्यक्ष रामबदन सिंह, उप सचिव विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष सिपाही जी, महामंत्री निर्भय कुमार, संरक्षक सलाहकार रामाशीष यादव, राम सुरेश सिंह, रामबचन उर्फ मुखिया जी, रामबदन यादव मनोनीत किया गया है।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मुहिम में गूगल लिंक से जुड़े स्कूली बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चे देश भर में गूगल मीट से चिह्नित स्कूलों के बच्चों के साथ जुड़े और विकसित भारत के सपने को 2047 तक हासिल करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित किए। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में तीन टीम बनाए गए थे जिसने देश के समक्ष अपने अपने प्रोजेक्ट्स के विषय वस्तु को साझा किया। विदित है कि शिक्षा विभाग औरंगाबाद के द्वारा मात्र चार विद्यालयों को गूगल लिंक पर कनेक्ट होने हेतु चयनित किया गया था। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने यह हमारे बच्चों के लिए गर्व का विषय है। विकसित भारत बिल्डथोन का अभियान शिक्षा मंत्रालय, नीति आयोग एवं अटल टिंकरिंग मिशन के संयुक्त प्रयास के द्वारा राष्ट्रीय



स्तर पर आयोजित किया गया था जिसमें लाखों बच्चों ने चार निर्धारित थीम क्रमशः आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, समृद्ध भारत एवं वोकल फॉर लोकल पर नूतन प्रोटोटाइप एवं प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। अनुग्रह स्कूल के तीनों टीम के लीडर मानवी, हैप्पिराज एवं भावेश ने क्रमशः ड्राइविंग मॉनिटरिंग सिस्टम, अंबा का झरुआ लड्डू एवं ओबरा के कालीन से जुड़े प्रोजेक्ट्स को गूगल मिट पर जुड़े पैनल के समक्ष साझा किया जिसे सराहा भी गया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि दो शिक्षिकाएं मीना कुमारी एवं रीता कुमारी ने टीम की प्रभारी मेंटरिंग की हैं। प्राचार्य ने कहा कि यह आजाद भारत में पहली ऐसी मुहिम है जिसमें पूरा देश भारत को विकसित बनाने के लिए संकल्पित दिखा। बच्चे अब नवाचार एवं सृजन को लेकर बेहद संवेदनशील है, जो यकीनन भारत देश को 2047 के पूर्व ही दुनिया की अग्रणी पंक्ति में शुमार कर देंगे।

# बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सोमवार से दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हो गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देशन में सदर अनुमंडल परिसर स्थित सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें जिले में लागू आदर्श आचार संहिता से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की गई।



निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जहानाबाद जिला शामिल है। इस चरण के लिए नामांकन 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलेगा। जिले में कुल तीन विधानसभा क्षेत्र जहानाबाद सदर, घोसी और मखदुमपुर है। इन तीनों सीटों के लिए नामांकन स्थल सदर अनुमंडल परिसर में ही निर्धारित किए गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएम ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नामांकन केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है, ताकि प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा सके।सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिले में पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं जिले में विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं, और वाहनों की सघन जांच की जा रही है ताकि आचार संहिता का उल्लंघन न हो। हालांकि नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा पर्चा दाखिल नहीं किया गया। अधिकारियों का मानना है कि आगामी दिनों में नामांकन की प्रक्रिया तेजी पकड़ेगी और प्रत्याशी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान प्रशासन ने जिले के सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने की अपील की है, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की जा सके।

## मोबाइल चोरी के आरोप में किशोर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। हसपुरा पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में नरसंन गांव निवासी नूर अंसारी के 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फरीद अंसारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि मोहम्मद फरीद अंसारी लगातार मोबाइल चोरी की घटनाओं में शामिल रहता है। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया, जिसके पास से एक चोरी किया हुआ मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार किशोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे औरंगाबाद जेल भेज दिया गया।

# कचड़ों से भरा है अदरी नदी, पानी में लगी रहती है गंदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर से होकर गुजरने वाली अदरी नदी इन दिनों कचरों की नदी बन गई है। इसके पानी में सिर्फ गंदगी ही दिखता है। अदरी नदी पर तेजी के साथ अतिक्रमण हो रहा है। वहीं कचरा फेंका जा रहा है। जिससे कुछ वर्षो में ही अदरी अपना वजूद खो देगी। अदरी का पानी अगर कोई पी ले तो उसे बीमार पड़ना तय है। यह इसलिए क्योंकि कई विभागों के जिम्मेवार अधिकारियों के आंखों का पानी मर चुका है। जबकि उन्हें सोचना चाहिए बहुत कम ही शहर ऐसे हैं। जिनसे होकर नदियां गुजरी हैं। जहां-जहां से नदियां गुजरी हैं। वहां अंडरवाटर रिचार्ज होता है। पेयजल संकट काफी कम गहराता है। अभी देर नहीं हुई है। अदरी को बचाया जा सकता है। शाहपुर स्थित



सूर्य मंदिर घाट सहित कई जगहों प्पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। यहां स्थानीय लोगों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है जिससे नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गंदगी के कारण लोग यहां जाने से कतराते हैं। अदरी नदी पुल से उत्तर अदरी डैम है। जो अंग्रेजी हुकूमत का बना हुआ है। इसका देखभाल सोन हाई लेवल कैनाल विभाग करता है। बता दें कि अदरी को बचाने के लिए अभियान भी चलाई गई है। साथ ही अदरी नदी के पास तेजी से बढ़ता हुआ स्लम एरिया का अतिक्रमण पर रोक लगनी चाहिए। उन्हें कोई दूसरी जगह पर रहने के लिए स्थान देना होगा। पूर्व में अदरी को बचाने को ले शहर के गणमान्य लोगों द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाई गई थी। नदी में गंदगी के अलावा और कुछ नहीं दिखता है।

# छठ पूजा को लेकर बनेगा विशाल सूर्य पंडाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के आजाद वीर संघ की छठ पूजा को लेकर मेला लगाने एवं सूर्य पंडाल निर्माण के लिये बैठक की गयी है। इस बार डाकबंगला के मैदान में अतिथि भवन बनने के बाद खाली जगह नही रहने के कारण पास के ही धावा नदी घाट पर सूर्य पंडाल बनाया जायेगा। सदस्यो ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी छठ पर्व को लेकर 27 से 31 अक्टूबर तक पंचदिवसीय सूर्य महोत्सव मनायी जायेगी। पंडाल में सूर्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा-पाठ होगी। मेला , मीना बाजार, लगाने एवं महा आरती करने का निर्णय लिया गया। घाटो की साफ-सफाई, लाइटिंग, सजावट का काम शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर कमिटी के अध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष अंकू कुमार, सचिव सुनिल कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रजापति, अशोक प्रसाद, अमरेन्द्र कुमार, सनोज कुमार, सुनील मिस्त्री, सुशील, राकेश शर्मा, आलोक चौरसिया, नंदन

# ककड़िया गांव से व्यक्ति की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के ककड़िया गांव से एक व्यक्ति की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। जिसमे मखदुमपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि ककड़िया गांव से समरेश यादव ने अपने भाई के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि दिए आवेदन में उन्हीने बताया कि उनका भाई महेश यादव उम्र 45 वर्ष एक दिन पूर्व शाम में घर से बाहर टहलने निकले थे। देर रात तक घर वापस नहीं आए, जिनका काफी खोजबीन किया गया परंतु उनका कही कोई आता पता नही चला। जिसके बाद थाना में आवेदन दिया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गुप्त सूचना के आधार पर दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय कि जानकारी देते हुए टेहटा थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने सरेन गांव में छापेमारी कर दलेश माझी को गिरफ़्तार किया गया है। साथ ही धिराबीघा गांव में छापेमारी कर सुजीत कुमार को गिरफ़्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगो से पूछताछ के बाद

## बरैलीचक में देशी शराब बरामद, छापेमारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने क्षेत्र में गश्ती अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में हसपुरा थाना क्षेत्र के बरैलीचक गांव में झाड़ियों से 22 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बरैलीचक गांव निवासी संजय राम अवैध रूप से शराब का कारोबार कर रहा है। जानकारी के आधार पर पुलिस गश्ती दल ने जब गांव में छापेमारी की, तो संजय राम पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बाद में उसके ठिकाने की तलाशी लेने पर झाड़ियों से 22 लीटर देशी शराब बरामद की गई।

# करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के पोगर मुस्कान भट्टा के पास एक युवक लकड़ी काटते समय 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर अरविंद कुमार केसरी द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान बाराचट्टी थाना क्षेत्र के भड़िया गांव निवासी चलित मांझी के 25 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि पंकज मुस्कान भट्टा में मजदूरी का कार्य करता है। रविवार को वह झाड़ियों में लकड़ी काट रहा था, तभी ऊपर से लटका 11 हजार वोल्ट का तार उसकी चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस खतरनाक तार के बारे में विभाग को कई बार सूचित किया गया था, लेकिन अब तक तार को दुरुस्त नहीं किया गया।

# रेलवे स्टेशन से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पूर्व मध्य रेल, डीडीयू मंडल के रेसुब पोस्ट रफीगंज की टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत शनिवार की देर रात एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को रफीगंज रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाल कल्याण समिति औरंगाबाद को सुपुर्द किया। यह कार्रवाई सउनि अविनाश कुमार एवं आरक्षी नितेश कुमार द्वारा गश्त के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात करीब 00:35 बजे प्लेटफॉर्म संख्या 1/2 पर स्थित प्रतीक्षालय में टीम को एक नाबालिग लड़की डरी और सहमी हुई स्थिति में मिली। संदेह होने पर जब उससे पूछताछ की गई तो वह घबरा गई। बाद में उसे सहज महसूस कराते हुए पूछने पर उसने अपना नाम राधिका कुमारी




(उम्र 14 वर्ष), पिता – अनिल यादव, ग्राम – मियां बिगहा, पोस्ट – अरथुआ, थाना – कासमा, जिला – औरंगाबाद (बिहार) बताया। उसने बताया कि उसकी सौतेली मां द्वारा डांटने और मारपीट करने के कारण वह घर से बिना बताए भाग आई थी और किसी ट्रेन से कहीं जाने की तैयारी में थी। लड़की को तत्काल रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज लाया गया। घटना की सूचना दीप ज्योति कल्याण संस्थान (एनजीओ), रफीगंज/औरंगाबाद और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को दी गई। सूचना पर एनजीओ की कम्युनिटी सोशल वर्कर सरिता कुमारी और विंदु कुमार पोस्ट पर पहुंचे। सउनि अविनाश कुमार द्वारा नाबालिग को आवश्यक प्रक्रिया के तहत एनजीओ को सुपुर्द किया गया ताकि उसके साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो और उसके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में लड़की के मामा जितेंद्र यादव को भी सूचना दी गई है। रेलवे सुरक्षा बल की इस संवेदनशील कार्रवाई

# अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई 4258 लीटर देशी-विदेशी शराब नष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र आदर्श आचार संहिता के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर मद्य निषेध विभाग व पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से रोक-टोक अभियान तथा छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को मद्य निषेध विभाग एवं विभिन्न थानों द्वारा जब्त अवैध शराब को अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध के पर्यवेक्षण तथा निरीक्षक की उपस्थिति में मद्य निषेध कार्यालय परिसर में नष्ट किया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग द्वारा जब्त 424.875 लीटर तथा पुलिस विभाग द्वारा जब्त 3833.290 लीटर, कुल 4258.165 लीटर देशी एवं विदेशी शराब को विधिवत नष्ट किया गया। इस अवसर पर जिला उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक ने आमजन से अपील की कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन करने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की जानकारी हो तो तत्काल उत्पाद अधीक्षक को उनके दूरभाष संख्या 8544424275 पर सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान व गोपनीयता पूर्ण रूप से सुरक्षित रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी

# सदर अस्पताल के नए भवन के उद्घाटन के सात माह बाद भी नहीं शुरू हुआ ओपीडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सदर अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन के सात माह हो गए परंतु अबतक अस्पताल के पुराने भवन में ही ओपीडी में मरीजों का उपचार किया जा रहा है। सात माह बीतने के बावजूद सदर अस्पताल के नए भवन में ओपीडी प्रारंभ नहीं हो सका है। बीते 11 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में औरंगाबाद पहुंचे थे। सदर अस्पताल परिसर में माडल अस्पताल का उद्घाटन किए थे। इस क्रम में नौ मंजिला ओपीडी और चार मंजिला मातृ-शिशु वार्ड का उद्घाटन किए थे। उद्घाटन के सात माह से अधिक समय गुजर गए परंतु अब तक नए भवन में इलाज शुरू नहीं हो सका। मरीजों



को अब भी पुरानी व्यवस्था में इलाज कराना पड़ रहा है। बता दें कि नौ मंजिला भवन को पूरी तरह हाइटेक बनाया गया था। कहा गया था कि नए भवन में यहां हर तरह की जांच और सामान्य ओपीडी की सुविधा मिलेगी। मरीजों को उम्मीद थी कि अब इलाज के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। शाहपुर के दिनेश सिंह, कामा बिगहा के प्रदीप कुमार ने बताया कि अगर नए भवन में ओपीडी शुरू हो जाती है तो इलाज में काफी सहूलियत होगी। भवन के प्रथम तल पर टीकाकरण, गैर संचारी रोग, दांत और आंख के चिकित्सक बैठते हैं। दूसरे तल से ऊपर की सभी मंजिले बंद है। आई क्लीनिक के समीप दीवार में दरार आ गई है। ग्राउंड फ्लोर अस्त-व्यस्त है। चार मंजलिा मातृ-शिशु वार्ड का उद्घाटन भी उसी दिन हुआ था लेकिन वह भवन उद्घाटन के दिन से बंद है। अब तक उसका काम पूरा नही हुआ है। पुराने भवन में ओपीडी चलने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। अस्पताल के केवल एक तल्ले पर आंख और दांत

# सदर अस्पताल में 58 स्वीकृत पद परंतु 24 चिकित्सक तैनात

## सदर विधायक आनंद शंकर सिह ने सरकार पर साधा तीखा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था गहरे संकट में है। सदर विधायक आनंद शंकर सिह ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से सदर अस्पताल की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए सरकार पर तीखा निशाना साधा है। विधायक ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों की घोर कमी के कारण लोग इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। विधायक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सक के कुल 58 पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्तमान में सिर्फ 24 चिकित्सक ही तैनात हैं। अस्पताल में चिकित्सकों के 34 पद खाली पड़े हैं। यह कमी स्वीकृत संख्या के आधे से भी कम है, जो सीधे तौर पर मरीज़ों की देखभाल और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता पर असर डाल रही है। विधायक ने अपनी पोस्ट में इस गंभीर विषय पर



चिता व्यक्त करते हुए लिखा कि चिकित्सकों की कमी के कारण ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं पर तैनात शेष चिकित्सकों पर काम का अत्यधिक दबाव है। इससे न केवल मरीज़ों को घंटों इंतजार करना पड़ता है बल्कि चिकित्सकों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण समय देना मुश्किल हो जाता है। कहा कि महिला रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ और सर्जन जैसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों या अन्य जिलों के बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सदर अस्पताल में दबाव बढ़ने से जिले के दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले गरीब मरीजों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सदर विधायक का यह मुखर पोस्ट ऐसे समय में आया है जब पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। विधायक ने इस गंभीर मुद्दे को उठाकर जिले के विकास और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से खाली पड़े डॉक्टरों के पदों को भरने की मांग की है ताकि औरंगाबाद की जनता को संविधान में निहित बेहतर स्वास्थ्य सेवा के अधिकार से वंचित न होना पड़े। जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि द्वारा उठाए गए इस गंभीर मुद्दे पर अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार क्या कदम उठाती है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मखदुमपुर प्रखंड के विसुनगंज थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन का कार्य किया गया है। साथ ही लोगों को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील भी की गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पुलिस पदाधिकारीयों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। बताया गया कि फ्लैग मार्च निकालने के पीछे उद्देश्य आमलोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास तथा भयमुक्त



वातावरण में अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान भी चलाया गया हैं। जिसमें वाहनों की डिक्की, बैग, इत्यादि की जांच की गई।

# बसडीहा पंचायत के वार्ड नं-आठ में वर्षों से बदहाल है नल-जल योजना

## पीएचइडी विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को देखते हुए सरकार के द्वारा सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल जल योजना की शुरुआत की गई थी परंतु ग्रामीणों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े। सरकार के द्वारा चालू किया गया नल जल योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सका है। बता दें कि नबीनगर प्रखंड के बसडीहा पंचायत के वार्ड नं-आठ नल-जल योजना की स्थिति काफी बदहाल है। वार्ड में कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। योजना के सारे पैसे की निकासी हो गई लेकिन अभी तक वार्ड नं- 8 के ग्रामीणों को नल जल योजना का एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो सका है। बसडीहा पंचायत के बसडीहा गांव के



वार्ड नं- 8 में 100 से अधिक घरों में नल जल योजना का पानी पहुंचाने के लिए बीतें वर्ष 2020 पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था जो आज चार वर्ष बीतने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका हैं। गांव में पानी टंकी के लिए टावर बनाया गया लेकिन टावर पर टंकी नहीं लगाया गया। गांव में जमीन के अंदर पाइप बिछाया गया लेकिन एक भी घर में नल नहीं लगा। वार्ड में नल जल योजना का कार्य शुरू हुए पांच वर्ष बीतने के बाद भी ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीण लवकुश कुमार सिंह, जितेंद्र मेहता, ददन सिह सहित ने बताया कि पांच वर्ष पहले नल-जल योजना वार्ड में शुरू हुई तो काफी प्रसंन्न हुए थे। जब से योजना लगी है तब से आज तक ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अधूरा पड़े नल-जल को चालू कराने के लिए कई बार पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को सूचना दिया परंतु अभी तक योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक वर्ष पानी के लिए हमलोग और हमारे मवेशी एक गांव से दूसरे गांव जाने को मजबूर हैं।

# कैमूर में दूसरे चरण का नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू, 20 अक्टूबर तक होगा नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का नामांकन कैमूर जिले में आज से शुरू हो गया। कैमूर जिलाधिकारी सुनील कुमार और पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने सोमवार को मुंडेश्वरी सभागार में संयुक्त प्रेस वार्ता कर चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया और तैयारियों की जानकारी दी। डीएम सुनील कुमार ने बताया कि नॉमिनेशन 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलेगा। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 23 अक्टूबर तक अभ्यर्थी अपने नाम वापस ले सकेंगे। कैमूर जिले की चारों विधानसभा सीटों – रामगढ़, मोहनियां, भभुआ और चैनपुर में 11 नवंबर को मतदान होगा। इनमें रामगढ़, मोहनियां और भभुआ विधानसभा में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक तथा चैनपुर विधानसभा में सुबह 7 बजे से अपराह्न 4 बजे तक संपन्न कराया जाएगा। मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ और मोहनियां विधानसभा क्षेत्र का नामांकन अनुमंडल कार्यालय मोहनियां में होगा जबकि चैनपुर और भभुआ विधानसभा का नामांकन अनुमंडल कार्यालय भभुआ में किया जाएगा। नामांकन के लिए अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 10 हजार तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 5000 का नाजीर रसीद कटाना अनिवार्य है। मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार के लिए एक प्रस्तावक और स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। कैमूर जिले में कुल 11 लाख 73 हजार 114 मतदाता हैं जिनमें 6 लाख 20 हजार 360 पुरुष, 5 लाख 49 हजार 737 महिला, सात अन्य और 3010 सर्विस मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल 1484 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। डीएम ने यह भी कहा कि चुनाव अवधि में कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक की नकद राशि का परिवहन नहीं करेगा। एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि जिले में सुरक्षा की दृष्टि से 8 सीपीएमएफ कंपनियां तैनात की गई हैं। जिला पुलिस बल के साथ सभी मतदान केंद्रों पर पांच लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## 14 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के उगहनी गांव के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 14 लीटर महुआ शराब के साथ तीन शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जिनका नाम गणेश मुसहर, भोला मुसहर, अवधेश मुसहर तीनों ग्राम ऊगहनी थाना-चेनारी, जिला-रोहतास के बताए गए।

## गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय एक मकान में बुधवार को युवक को बदमाशों ने गोली मारी थी। इस घटना में शामिल एक आरोपित नारायण टोला छपरा के छोटू उर्फ विवेक कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बक्सर जिला के तत्कालीन पुलिस निरीक्षक मनोज पाठक बर्खास्त

### महिला से अवैध संबंध बनाने, उसके पति को जान मारने की धमकी का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के बक्सर जिला के साइबर थाना के तत्कालीन पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार पाठक को एक महिला से अवैध संबंध बनाते पकड़े जाने के बाद उसके पति को जान मारने के प्रयास के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है।

डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार शिकायत मिलने पर बक्सर एसपी ने इस घटना की जांच मुख्यालय डीएसपी से कराया गया। जांच प्रतिवेदन में दोषी प्रतीत होते उन्हें एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी के रूप में कर्तव्य के प्रति उदासीनता, मनमानेपन व गैरजिम्मेदराना आचरण को दर्शाने के मामले को सत्य पाया गया। उन्होंने बताया कि एसपी बक्सर ने चार दिसंबर 23 को इस घटना की जानकारी डीआईजी कार्यालय को दी गई। इस मामले में पाठक को निलंबित कर दिया गया और निलंबित पुलिस निरीक्षक पाठक से आरोप प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाते हुए विभागीय कार्रवाई प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि जांच प्राधिकार एसपी भोजपुर द्वारा बक्सर जिला विभागीय जांच कार्रवाई के संचालन उपरांत समर्पित प्रतिवेदन में पुलिस निरीक्षक मनोज पाठक के विरुद्ध लगाया गया आरोप के लिए उन्हें दोषी पाए जाने का मंतव्य दिया गया। उन्होंने बताया कि जांच प्राधिकार के मंतव्य से पूर्णतः सहमत होते हुए प्रमाणित आरोप पुलिस मुख्यालय को भेजी गई। पुलिस मुख्यालय ने अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गई बर्खास्तगी के अनुशंसा के विरुद्ध अंतिम बचाव स्पष्टीकरण की मांग की गई। उनके द्वारा 18 जुलाई 25 को अंतिम बचाव स्पष्टीकरण पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया गया। समीक्षा उपरांत समर्पित अंतिम बचाव स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया। डीआईजी ने बताया कि विभागीय कार्यवाही में आए तथ्य जांच प्राधिकार द्वारा विभागीय कार्रवाई के संचालन के क्रम में पाए गए प्रमाणित आरोप एवं अनुशासनिक प्राधिकार व उनके द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में मनोज कुमार पाठक को दोषी पाते हुए सेवा से बर्खास्त किया गया।

## रोहतास जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिला स्वास्थ्य समिति रोहतास के अंतर्गत बसडीहा, दिनारा, नटवार, नोखा इत्यादि जगहों पर समिति ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें बड़ी संख्या में स्वास्थ्य समिति के कर्मियों एवं महिलाओं ने भाग लिया। बताया गया कि स्वास्थ्य को लेकर जितना जागरूक होने की आवश्यकता है। उतना ही अपने वोट के प्रति भी जागरूक होने की आवश्यकता है। यह हमारा मौलिक अधिकार है और इस अधिकार का प्रयोग करें और रोहतास जिले में चुनाव के दिन 11 नवंबर को अपने बूथों पर जाएं और अपने मत का प्रयोग करें और बिहार एवं भारत को एक सही दिशा देने में अपना सफल योगदान दें। जागरूकता अभियान में बताया गया कि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर अपने मत का प्रयोग करें और महिलाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करें। सभी लोगों ने एक साथ मिलकर मतदान के प्रति शपथ लिया और शपथ में हर एक बातों का निष्ठा पूर्वक प्रयोग करने का निश्चय भी लिया।

# शाहाबाद के विकास को लेकर नोएडा में मंथन

### अखिलेश कुमार की पहल पर आइएएस, आइपीएस व वरीय अधिकारी हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** एक तरफ कल जहां बिहार चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में राजनीतिक तापमान चरम था वहीं दूसरी तरफ इससे इतर दिल्ली के सटे नोएडा में अपनी सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिछले छह वर्षों से शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा जारी अभियान को अमली-जामा पहनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक हो रही थी जिसमें देश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर बैठे प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार के पहल पर रविवार की देर शाम आयोजित यह बैठक दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति और भाषा विभाग की सचिव रश्मि सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव रहे मनोज कुमार सिंह, झारखंड के डीजीपी रहे कमल नयन चौबे, पेट्रोलियम एवं उर्वरक विभाग भारत सरकार के मुख्य लेखा नियंत्रक संतोष कुमार, कस्टम कमिश्नर शैलेश सिंह, विनय कुमार, अनिल सिंह सहित कई आईएएस, आईपीएस और आईआरएस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्बन्ध में अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक में उपस्थित वरीय अधिकारियों ने समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान को मुकाम तक पहुंचने हेतु विभिन्न कार्य योजना पर चर्चा की तथा उसे योजनबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने हेतु पहल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पिछले छः वर्षों से जारी अभियान में पहले से हीं सभी राजनीतिक दलों का जुड़ाव और सहभागिता रहा है, उसी कड़ी में अब देश के प्रमुख पदों पर बैठे वरीय अधिकारियों का इस अभियान से जुड़ाव होना यह स्पष्ट करता है कि शाहाबाद के ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण तथा यहां के कला संस्कृति को देश दुनिया से अवगत कराते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने में आशातीत सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि शाहाबाद के विकास की गूंज अब दिल्ली तक पहुंच गई है और अब विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर बैठे वरीय अधिकारी भी इसमें रुचि दिखाने लगे हैं तो अब इसे धरातल पर उतारने में आसानी होगी। अखिलेश कुमार ने बताया कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर जिले के विभिन्न जगहों पर शाहाबाद महोत्सव आयोजन के साथ बिहार विधान परिषद से लेकर झारखंड, दिल्ली आदि राज्यों में अपनी महती भूमिका निभा रहे शाहाबाद के लोगों के साथ बैठक कर इस अभियान को मुकाम तक पहुंचने का प्रयास अब रंग लाने लगी है और इसमें वरीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का जुड़ाव तथा रुचि दिखाने से सफलता का मार्ग प्रशस्त होने का पूर्ण विश्वास है।

नोएडा के बैठक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी शोध संस्थान के निदेशक विनय कुमार सिंह, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अजय सिंह, विशाल कुमार सिंह, संतोष कुमार, ई रंजीत सिंह, मयंक उपाध्याय, शिवम कुमार आदि भी मौजूद थे। उपस्थित लोगों को आगामी 7 दिसंबर को रोहतासगढ़ में आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव के लिए आमंत्रित भी किया गया।

## मीरगंज देवी मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज (गयाजी)।** वजीरगंज नगर पंचायत अंतर्गत मीरगंज देवी मंदिर परिसर में सोमवार को अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया। ग्रामीण सह पुजारी टुन्नी लाल पांडेय एवं लड्डू पांडेय ने बताया कि अखण्ड रामायण पाठ लगातार 54 घंटों तक निर्बाध चलता रहेगा। इस दरम्यान ग्रामीण महिला - पुरूष अलग - अलग मंडली में रामायण पाठ करेंगे। अखण्ड रामायण पाठ सोमवार की सुबह 9 बजे से शुरू हुआ है, जो बुधवार के तीन बजे तक चलेगा। मौके पर ग्रामीण अमर शंकर उर्फ काका सिंह, नूतन सिंह उर्फ पवन कुमार, कुमार श्याम कन्हैया, राजेश कुमार सहित अन्य ने रामायण पाठ की शुरूआत की।

## विधानसभा चुनाव में उपयोग की जाने वाले इवीएम और वीवीपैट का किया गया प्रथम रैंडमाइजेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान उपयोग की जाने वाली इवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन रोहतास में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 207 - चेनारी विधानसभा क्षेत्र, 208 - सासाराम विधानसभा क्षेत्र 209 - करगहर विधानसभा क्षेत्र, 210 - दिनारा विधानसभा क्षेत्र, 211 - नोखा विधानसभा क्षेत्र, 212 - डिहरी विधानसभा क्षेत्र, 213 - काराकाट विधानसभा क्षेत्र के अनुसार की गई। जिले में प्रथम रैंडमाइजेशन राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण होने के उपरांत विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित इवीएम एवं वीवीपैट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास एवं उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित सूची सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालय में उपलब्ध कराया गया। इस सूची के अनुसार इवीएम एवं वीवीपैट को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पदाधिकारियों को आगामी निर्वाचन में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्धारित स्ट्रॉंग रूम में मान्यता प्राप्त दलों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भंडारित कर दिया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप दिये जाने के उपरांत, प्रथम रैंडमाइजेशन में चयनित इवीएम एवं वीवीपैट की सूची अभ्यर्थियों को भी उपलब्ध करायी जाएगी।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के जीविका के द्वारा संचालित 84 महिला ग्राम संगठनों में स्वीप को सेल के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के लगभग 2140 स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर मतदान से जुड़े स्लोगन और प्रतीक चिन्ह मेहंदी के माध्यम से बनाकर महिलाओं को आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने उपस्थित सभी सदस्यों को मतदान के प्रति जागरूक रहने और मतदान अवश्य करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, सय्यद शकीब उल्लाह एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गौतम कुमार ने विभिन्न ग्राम संगठनों में जाकर प्रतिभागी महिलाओं कि हौसला अफजाई की।

## डीडीयू मंडल में स्वच्छ प्रसाधन एवं पर्यावरण के लिये चलाया अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीडीयू मंडल ने आज 'स्वच्छ प्रसाधन एवं स्वच्छ पर्यावरण दिवस' मनाया। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख स्टेशनों, कोचिंग डिपो, अस्पतालों, कार्यस्थलों और रेलवे परिसरों में सार्वजनिक शौचालयों की गहन सफाई की गई। शौचालय ब्लॉकों, जल निकासी व्यवस्था और आसपास के क्षेत्रों में टूट-फूट, लीकेज और सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया गया। आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य भी किया गया।

दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालयों की पहुंच की समीक्षा की गई। स्टेशनों और यार्डों के समीप खुले में शौच की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से मंडल ने प्रसाधन स्थलों की स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इसी क्रम में डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आज भी 'अमृत संवाद' कार्यक्रम जारी रहा। यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनके यात्रा अनुभव, शौचालयों की स्थिति, सफाई व्यवस्था और पर्यावरणीय अपेक्षाओं को समझा गया। यात्रियों ने स्टेशन परिसर की सफाई, जल निकासी और शौचालयों की उपलब्धता पर अपने विचार साझा किए। डीडीयू मंडल द्वारा आज का निरीक्षण और सफाई कार्य यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता और पर्यावरणीय जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस पहल रहा।

## मुंडेश्वरी सभागार में इवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा सभा कक्ष में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव में पारदर्शिता को लेकर बहुत ही संवेदनशील है। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन में बीयू, सीयू एवं वीवीपैट को विधानसभा वार अलग-अलग किया जाता है। इस प्रक्रिया में मशीनों को रेंडमली (यादृच्छिक) रूप से विधानसभा वार अलग-अलग किया जाता है। इस प्रक्रिया के बाद इवीएम वेयरहाउस में मशीनों को भौतिक रूप से पृथक कर इएमएस के माध्यम से स्कैनिंग किया जाएगा और उन्हें संबंधित विधानसभा के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर पर भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर द्वितीय रेंडमाइजेशन भी किया जाएगा तब मशीन बूथवार अलग हो जाएगा और उसके बाद कमिशनिंग का कार्य किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इवीएम के प्रत्येक मूवमेंट की सूचना सभी राजनीतिक दलों को दी जाती है। ताकि सभी राजनीतिक दल को इवीएम के मूवमेंट की जानकारी प्राप्त हो सके। प्रथम रेंडमाइजेशन के समय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर, उप विकास आयुक्त, कैमूर इवीएम सेल के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के हरीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के संतोष खरवार, आम आदमी पार्टी के अरविंद कुमार, बहुजन समाज पार्टी के संतोष कुमार, भाकपा (माले) लिबरेशन के मोरध्वज सिंह, जनता दल यूनाइटेड के शाहनवाज हुसैन, रालोजपा के अजीत चौरसिया, राष्ट्रीय जनता दल के बनारसी सिंह यादव, सीपीआई मार्कसिस्ट लेनिनस्ट के भीम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उप विकास आयुक्त ने किया नॉमिनेशन सेंटर का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** उप विकास आयुक्त -सह-वरीय प्रभारी निर्वाचन मुख्य कोषांग द्वारा भभुआ एवं मोहनियां नॉमिनेशन सेंटर का निरीक्षण किया एवं नॉमिनेशन से संबंधित सभी तैयारियों का जायजा लिया गया। सभी निर्वाची पदाधिकारी को नॉमिनेशन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से करने हेतु निदेशित किया गया। मोहनियां अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया एवं वहां उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सभी वाहनों की जांच सख्ती से करने का निदेश दिया गया। किसी भी प्रकार की जप्ती की सूचना अविलंब संबंधित को सूचित करने का निदेश दिया गया। साथ ही अकोढी स्थित समेकित जांच चौकी निरीक्षण क्रम में सभी निगरानी दल को सूक्ष्मता से वाहनों की जांच करने का निदेश दिया गया एवं शराब, कैश, मादक पदार्थ या अन्य संदिग्ध वस्तु के जप्ती होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पदाधिकारी को देने हेतु निदेशित किया गया।

## छठ पूजा की तैयारी शुरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर श्री हनुमान घाट गौरी टाल बांस एनीकट झारखंडी मंदिर डिहरी में छठव्रतियों को सहज सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हनुमान घाट के सम्मानित अध्यक्ष पूर्व पार्षद किरण पासवान एवं सचिव धनजी यादव ने संयुक्त रूप से घाट के निकट फूल माला पूजा पाठ कर झंडा गाड़ एवं नारियल को फोड़ कर खुशी-खुशी छठ पूजा का आयोजन की शुरुआत किया गया। सभी कार्यकर्ता लोग उपस्थित होकर सामूहिक रूप से पूजा कर तैयारी का निर्णय लिए। यह पर्व हर घर परिवार की सुख समृद्धि स्वास्थ्य और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है। मौके पर गौरीशंकर प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, सुनील सिंह, अनिल ठाकुर, संजय कुमार, भुटाली सिंह, भोलू बाबू, मनीष सिंह आदि उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर आंती पुलिस ने किया पैदल फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आंती पुलिस ने सोमवार की शाम थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पैदल फ्लैग मार्च किया। इस अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने किया जिसमें एसआई मीरा कुमारी, एएसआई दशरथ सिंह, एएसआई मुस्तफा कमाल सहित थाना पुलिस बल और सीआईएसएफ के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च आंती, बिरनावां, भाम, मड़ुका, कोराप, राजा बिगहा, विश्वनाथपुर, कैथी, चबुरा, घोंघीमठ सहित दर्जनों गांवों से होकर गुजरा। थानाध्यक्ष ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और लोगों में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एसपी ने किया बॉर्डर चेकपोस्ट का निरीक्षण

### विधानसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को दिए दिशानिर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कैमूर के बॉर्डर कुदरा के पछाहगंज के पास लगे चेकपोस्ट का एसपी हरिमोहन शुक्ला ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश दिये। इसके पूर्व आरक्षी अधीक्षक ने कुदरा थाना में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव के लिए क्षेत्र में हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस होनी चाहिए। समय-समय पर वाहनों की जांच की जाए। संदिग्ध किसी भी व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर तत्काल जांच की जाए। क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग टीम समय-समय पर गश्ती करे। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर इसकी जानकारी तत्काल मुख्यालय को दें। मौके पर थानाध्यक्ष नंदू कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

I, Sujeet Kumar Singh, age 50 years, S/o Surajdev Singh, Vill. Suryamandaal,P.o. Bhadeya, P.s. Barachatti, Circle Dobhi, Dist. Gaya (Bihar) solemnly affirm and declare vide affidavit 31441/11.10.25 that I am citizen of India and I am residing at the above mentioned address. My daughter name registered in her school DAV school sherghati as Navya Kumari, but from today she known as Naveya Rani for all purposes. Her date of birth is 05.06.2010.

# रेल पुलिस ने वन्दे भारत ट्रेन से 162 किलो गांजा किया जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल थाना की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए भारी मात्रा में गांजा जब्त किया है। वरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार यह छापा एक गुप्त सूचना के आधार पर मारा गया। जिससे मादक पदार्थों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया गया।यह सफल कार्रवाई सुबह 7:45 बजे की गई जब रेल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी रेल के सहारे बड़े पैमाने पर खांजा की तस्करी की जा रही है।

सूचना के सत्यापन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद वंदे भारत ट्रेन में छापामारी की गई। टीम को तलाशी के दौरान ई वन में रखे गए दो ट्राली एवं आठ बैग बरामद हुए। बरामद बैगों की तलाशी लेने पर पुलिस बल ने कुल 162 किलोग्राम गांजा पाया गया। जिसे जब्त कर लिया गया है। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ यह एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।



जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में होने का अनुमान है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मो. सलाउद्दीन ,रेल थाना पुलिस अवर निरीक्षक रविन कुमार, एएलटीएफ प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक रमेश हॉसदा एंव रेल थाना टीम कटिहार शामिल थी।

# एक देशी पिस्टल एवं 24 जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** सहायक थाना पुलिस ने 24 जिंदा का कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई हैं। उक्त बातों की जानकारी पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर दी। एसपी श्री चौधरी ने बताया कि 12 अक्टूबर को सहायक थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ऑफिसर कॉलोनी, मिरचाईबारी, वार्ड संख्या-07 में एक व्यक्ति अवैध हथियार एवं अधिक मात्रा में जिंदा कारतूस लेकर घर में छिपा हुआ है।

उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर छापामारी करने पहुँचे। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे तत्परता से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान पप्पू ओझा उर्फ मनोज ओझा (32) पिता श्याम सुंदर ओझा ऑफिसर कॉलोनी, मिरचाईबाड़ी, वार्ड संख्या-07, थाना सहायक जिला कटिहार निवासी के रूप मे हुई है। एसपी ने बताया कि तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देशी पिस्तौल एवं 24 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# निर्वाचन सुरक्षा और पारदर्शिता की गारंटी : प्रथम रैंडमाइजेशन पूर्ण

■ जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्रों को ईवीएम एवं वीवीपैट आवंटित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 की तैयारियों के क्रम में जिले में उपयोग होने वाली मतदान मशीन और वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइजेशन 13 अक्टूबर, 2025 को महानन्दा सभागार, समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस प्रक्रिया के तहत विधानसभा क्षेत्र 56-अमौर, 57-बायसी, 58-कसबा, 59-बनमनखी, 60-रूपौली, 61-धमदाहा और 62-पूर्णियाँ के लिए मशीनों का यादृच्छिक आवंटन किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया, 'प्रथम रैंडमाइजेशन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी मशीनें निष्पक्ष और यादृच्छिक तरीके से विधानसभा क्षेत्रों में उपलब्ध हों। इस प्रक्रिया में प्रथम स्तरीय जाँच संपन्न कराई गई है, जिससे चुनाव की पारदर्शिता और भरोसेमंदता सुनिश्चित होती है। हमारा प्रयास है कि निर्वाचन पूरी तरह निष्पक्ष और विश्वासपात्र रहे।'

पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने कहा, 'निर्वाचन की सुरक्षा और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रैंडमाइजेशन राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इससे मतदाता और उम्मीदवार दोनों का विश्वास मजबूत होता है और निर्वाचन प्रक्रिया पर किसी भी प्रकार का संदेह नहीं रह जाता।'




इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), राष्ट्रीय जनता दल, लोक जन समता पार्टी, शक्ति पार्टी (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (लिबरेशन) सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित मशीनों की सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित कर सभी राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई। आगामी चुनाव में इन मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्राँग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को रैंडमाइजेशन में चयनित मशीनों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया निर्विवाद रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे।

## ग्रामीणों के सहयोग से हथियार सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**कटिहार नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले की कोलासी थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार कलाशी थाना अध्यक्ष को सूचना मिली थी कि सिमरिया गांव के मदरसा चौक पर दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं।

उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोलासी थाना पुलिस सूचनास्थल पर पहुँची। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा पुलिस को सौंप दिया गया।पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान इंजामुल हक पिता असगर अली साकिन बैजनाथपुर सिमरिया एवं रकीब पिता मो मुजफर अली साकिन तीनघरिया नक्कीपुर थाना कोढ़ा जिला कटिहार के रूप में हुई। दोनों की विधिवत तलाशी लेने पर एक बड़ा देशी कट्टा बरामद किया गया।

# हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार, एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर /पूर्णिया।** रविवार की संध्या में केनगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चुनापुर पुल के पास हथियार लहराने वाले एक युवक को धर दबोचा। गुप्त सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि सूचना मिली थी कि चुनापुर पुल के पास एक युवक राहगीरों को हथियार दिखाकर भयभीत कर रहा है।

सूचना के सत्यापन हेतु संध्या गश्ती दल को मौके पर भेजा गया।



पुलिस दल के पहुंचते ही देखा गया कि एक युवक खुलेआम देशी कट्टा लहरा रहा है। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान नगर निगम पूर्णिया के वार्ड संख्याझ14, थाना चौक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मो. अयूब का 19 वर्षीय पुत्र मो. तोफिक के रूप में की गई है। पूछताछ में युवक ने पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताओं के बाद आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## बड़हरा-रघुवंशनगर में अवैध शराब पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी**/पूर्णिया प्रखंड क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार, 12 अक्टूबर 2025 को बड़हरा थाना और रघुवंशनगर थाना पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 20 लीटर देशी शराब बरामद की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक महिला भी शामिल थी।

बड़हरा थाना क्षेत्र के सुखसेना गांव स्थित झौंगी टोल में छापेमारी के दौरान 15 लीटर देशी शराब जब्त की गई। इस कार्रवाई में अनिल सोरेन (पिता नंद कुमार सोरेन) और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, रघुवंशनगर थाना पुलिस ने गोपी नगर परसा गांव में छापेमारी कर 5 लीटर देशी शराब बरामद की और बैजू मरांडी (पिता स्व. दिना मरांडी) को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता जागरूकता अभियान : जीविका दीदियों ने लिया शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** लोकतंत्र की मजबूती और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निदेर्शानुसार, स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है।

इस कड़ी में सोमवार को भवानीपुर प्रखंड में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीपीएम जीविका ओमप्रकाश मंडल के मार्गदर्शन में सोनदीप पंचायत के तुलसी जीविका ग्राम संगठन और रघुनाथपुर पंचायत के कोमल ग्राम संगठन की जीविका दीदियों ने शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों ने ग्रामीण समुदाय को मतदान के महत्व, नागरिक कर्तव्य और लोकतंत्र में प्रत्येक मत की शक्ति के बारे में जागरूक किया। उनके सक्रिय प्रयासों ने स्थानीय जनता में मतदान के प्रति उत्साह और उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल किया। इस आयोजन ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य भी है, और हर व्यक्ति अपने संकल्प के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकता है।



# खुशी के हर अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं : डॉ. एके गुप्ता

## ग्रीन पूर्णिया ने कलाभवन में किया 50 फलदार व छायादार पौधों का रोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** शहर की हर खुशी को केवल व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित न रखकर पर्यावरण के साथ भी जोड़ना अब अनिवार्य हो गया है। ग्रीन पूर्णिया के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को कलाभवन में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में यह संदेश देते हुए कहा कि 'हमारी खुशियों का पर्यावरण के साथ संबंध हो, यही असली सामाजिक जिम्मेदारी है। इसलिए अपनी हर खुशी के अवसर पर एक पेड़ अवश्य लगाएं।

इससे न केवल हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिलेगी, बल्कि हमारा शहर भी हरियाली से सजा रहेगा।' दरअसल, ग्रीन पूर्णिया के सदस्यों ने सुबह सात बजे डॉ. गुप्ता के नेतृत्व में कलाभवन परिसर में 50 छायादार और फलदार पौधे रोपे। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और शहर में हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



कार्यक्रम में संस्था के सचिव रवींद्र कुमार साह ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए शहरवासियों से अपील की कि वे इन पौधों की सुरक्षा और संरक्षण में योगदान दें। पौधरोपण के दौरान संस्था की टीम में सपना कुमारी, संगीता ठाकुर, उषा सिंह, माला चौधरी, लता झा, प्रेमलता कुमारी, रूपा जैजानी, सरोज अग्रवाल, अमिता गुप्ता, ज्ञान कुमारी राय, रूबी सिंह, अर्पण वर्मा, नीलू गुप्ता, नेहा कुमारी, आयुष कुमार, शुभम मिश्रा, वैष्णवी मिश्रा, हरिओम मिश्रा, राजबली कुमार, निगम कुमार, अंकित मिश्र, बादल झा, अशोक मिश्रा, प्रणय कुमार, दीपक गुप्ता, संजय कुमार, प्रमोद जायसवाल, श्रवण जैजानी, सत्यनारायण मंडल, भूपेंद्र प्रसाद यादव, नीलम अग्रवाल, आलोक लोहिया, निकाश कुमार, सुभाष मोदी, रवि सुधा चौधरी, मनोहर दास, अजय कांत सहित कई अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल थे। इस मौके पर

डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि ग्रीन पूर्णिया शहर में पर्यावरण जागरूकता फैलाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। उनका यह मानना है कि हर व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी पहल से बड़ा बदलाव ला सकता है। शहरवासियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक सामाजिक गतिविधि नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी है।

# स्वास्थ्य विभाग ने निकाली मतदाता जागरूकता पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज /कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हसनगंज प्रखंड में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में एक मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान में क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मियों और आम नागरिकों ने भाग लिया।पदयात्रा के दौरान लोगों को उनके मताधिकार के महत्व के बारे में बताया गया और पहले मतदान, फिर जलपान जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आयुष भारद्वाज ने बताया कि जिला पदाधिकारी के दिशा-निदेर्शानुसार यह पदयात्रा आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य प्रखंड के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर नागरिक का मत देना जरूरी है और यह अभियान उसी दिशा में एक प्रयास है।



## परोरा में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद, दोनों ओर से दिया गया आवेदन

**केनगर /पूर्णिया//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** । केनगर थाना क्षेत्र के परोरा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-11 में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मामला खाता संख्या 707, खेसरा संख्या 9922 एवं 9822 की भूमि से जुड़ा बताया जा रहा है।

वार्ड संख्या-11 निवासी स्वर्गीय अमरनाथ राय की पत्नी विषेहरा देवी ने बताया कि परोरा मौजा की उक्त भूमि (खाता संख्या-707, खेसरा-9922, रकवा-60 डिसमिल) उनके ससुर स्वर्गीय फुचाय राय के नाम से सिकमी प्राप्त है। परिवार दो पीढ़ियों से इस भूमि पर दखल काबिज रहकर जोत-आबाद कर रहा है। इसी भूमि पर उनका आवास और मंदिर भी स्थित है। विषेहरा देवी के अनुसार, उनके ससुर के निधन के बाद पुत्र मनोज कुमार राय द्वारा बटाईदार एक्ट केस संख्या-10 वर्ष 2023/24 दाखिल किया गया है, जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 अक्टूबर को दिन के लगभग 12 बजे नीरज चौधरी (पिता - अवध चौधरी), मनीष सिंह (पिता - केलू सिंह), नीरज कुमार (पिता - चंदन चौधरी) सहित अन्य 10-15 व्यक्ति हथियारों से लैस होकर उक्त भूमि पर पहुंचे और ट्रैक्टर से जबरन खेत जोतने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज और बलपूर्वक खेत जोतकर सरसों बो दिए जाने की बात कही गई है। पीड़िता ने इस मामले में केनगर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दूसरी ओर, नीरज आनंद (पिता - स्वर्गीय अवध किशोर चौधरी) ने बताया कि खाता संख्या 707, खेसरा संख्या 9822, रकवा 14 कट्ठा भूमि उनके परदादा गिरिधर नारायण चौधरी के नाम से खतियान में दर्ज है।

## आगामी कोहरे के मौसम में एनएफआर ने कई ट्रेन किए रद्द व फ्रिक्वेंसी घटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** आगामी कोहरे के मौसम में सुचारू और सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे एनएफआर ने 1 दिसंबर 2025 से 3 मार्च 2026 की अवधि के दौरान कुछ चुनिंदा ट्रेनों को रद्द और फ्रिक्वेंसी कम करने का निर्णय लिया है। इन एहतियात उपायों का उद्देश्य उत्तरी और पूर्वी भारत में कोहरा से कम दृश्यता के कारण उक्त अवधि के दौरान संरक्षा,समय की पाबंदी और परिचालन दक्षता बनाए रखना है।

ट्रेन संख्या 15903 डिब्रूगढ़ झ चंडीगढ़ एक्सप्रेस 1 दिसंबर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी। जबकि वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 3 दिसंबर 2025 से 1 मार्च 2026 तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15620 कामाख्या- गया एक्सप्रेस 1 दिसंबर 2025 से 23 फरवरी 2026 तक और ट्रेन संख्या 15619 गया-कामाख्या एक्सप्रेस 2 दिसंबर 2025 से 24 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी।

इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 15621 कामाख्या- आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 4 दिसंबर 2025 से 26 फरवरी 2026 तक और वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 15622 आनंद विहार टर्मिनल - कामाख्या) एक्सप्रेस 5 दिसंबर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 12505 कामाख्या - आनंद विहार टर्मिनल नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस 3 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक प्रत्येक बुधवार और रविवार को रद्द रहेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12506 आनंद विहार टर्मिनल - कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस 5 दिसंबर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार को रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 15483 अलीपुरद्वार-दिल्ली सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस 3 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक प्रत्येक बुधवार और शनिवार को रद्द रहेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस 5 दिसंबर 2025 से 27 फरवरी 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 2 दिसंबर 2025 से 24 फरवरी 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12524 नई दिल्ली- न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 3 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक प्रत्येक बुधवार को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15909 डिब्रूगढ़ झ लालगढ़ जंक्शन अवध असम एक्सप्रेस 6 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक प्रत्येक शनिवार को रद्द रहेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 15910 लालगढ़ जंक्शन-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस 9 दिसंबर 2025 से 3 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को रद्द रहेगी। इन ट्रेनों के रद्द और फ्रिक्वेंसी में कमी की जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एनटीईएस पर उपलब्ध है और एन.एफ. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सूचित की जा रही है। यात्रियों से अपील है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले विवरणों की जाँच कर लें।

# औरंगाबाद में 402 केंद्रों पर बदला मतदान का समय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में 2279 मतदान केंद्र बनाएं गए है जिसमें 402 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है। इन केन्द्रों पर 18 लाख 24 हज़ार 515 लोग मतदान करेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर जिले में पर्याप्त पुलिस बलों की व्यवस्था की गई है। इस संबध में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए सोमवार से सभी छह सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इन सीटों के लिए उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा 21 अक्टूबर को होंगे जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। मतदान 11 नंबर जबकि मतगणना 12 अक्टूबर को होगा। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद जिले में 402 नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों को चिह्नित किया गया है। यहां मतदान के समय में बदलाव किया गया है। गोह विधानसभा में 25 मतदान केन्द्रों को चिह्नित किया गया है जहां सुबह 7 बजे से 4 बजे तक मतदान होंगे। वहीं शेष मतदान केन्द्रों पर सुबह सात बजे से 6 बजे तक मतदान होगा। ओबरा विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 तक मतदान होंगे। वहीं नबीनगर विधानसभा के 26 मतदान केन्द्रों को चिह्नित किया गया है जहां सुबह 7 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा। शेष केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होगे। कुटुंबा विधानसभा के 167 मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से 4 बजे तक मतदान होंगे। शेष मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होंगे। रफीगंज विधानसभा के 125 मतदान केंद्र चिन्हित किए गए है जहां सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होंगे। शेष मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होंगे। वहीं औरंगाबाद विधानसभा के 57 मतदान केन्द्रों को चिह्नित किया गया है जहां सुबह 7 बजे से 4 बजे तक मतदान होंगे जबकि शेष मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया है। पिछले चुनाव में 19 चेक प्वाइंट बनाए गए थे जबकि इस बार 25 चेक प्वाइंट बनाए गए। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि प्रशासन शांति एवं सौहार्द के बीच मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए संकल्पित हैं। जिले के सभी विधानसभा में 18 एसएसटी कंपनी काम करेगी। झारखंड के बॉर्डर से सटे इलाके में 7 एडिशनल नाके काम कर रही है। इसके अलावा गया, अरवल एवं रोहतास जिले के बॉर्डर इलाकों में 9 अन्य नाके चिह्नित किए गए है। जिले में कुल 34 नाके कार्य कर रही है। इन जगहों पर शराब, अवैध लेन-देन एवं अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। आज से नामांकन शुरू है। सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले में चार डिस्पैच केंद्र बनाए गए है। अभियान के तहत लगातार एरिया डॉमिनेशन किया जा रहा है। इस अभियान से आमजनों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का विश्वास दिलाया गया है। संवेदनशील इलाकों में पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होगा। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, जिला एवं संपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी मौजूद रहे।

# वृद्ध की हत्या मामले में सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओझा-गुणी के चक्कर में बुजुर्ग व्यक्ति की हुई हत्या मामले में सलैया पुलिस ने घटना के आठ घंटे में सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में थाना क्षेत्र के तेतरिया टोले महादलित बस्ती नयकाडीह निवासी नरेश भुइयां के पुत्र नंदलाल भुइयां (28), हरि किशन भुइयां के पुत्र सुकेश भुइयां ( 21), जयनंदन भुइयां के पुत्र शंकर भुइयां (28), अजीत भुइयां (22), दुर्गा भुइयां (21), स्व. दरोगी भुइयां के पुत्र सुरेश भुइयां (45), राजकुमार भुइयां के पुत्र कृष्ण भुइयां (20) शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि अंधविश्वास में नयकाडीह निवासी बालेश्वर भुइयां की शनिवार की देर शाम हत्या कर दी गई थी। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 10 अक्टूबर को नरेश भुईयां का एक 15 वर्षीय पुत्र योगेन्द्र भुइयां की बीमारी से मौत हुई थी। इनका कहना है कि बालेश्वर भुइयां तंत्र विद्या जनता है। उसने ही किशोर को तंत्र विद्या के प्रयोग से मार डाला। इसके बाद अभियुक्तों ने तांत्रिक के हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। एसडीपीओ ने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम बहू और पत्नी के सामने बालेश्वर भुइयां को घर से अभियुक्त उठा ले गए थे और पहाड़ की तलहटी में कांड को अंजाम दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए शव छुपा दिया था। घटना के दूसरे दिन पुलिस की सख्ती से अभियुक्तों की निशानदेही पर शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा, पीएसआई लक्ष्मण पाण्डेय, पीएसआई श्वेता कुमारी, एसआई गुप्तेश्वर सिंह सहित एएसआई संतोष सिंह शामिल थे।

# महादलित टोला में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज पंचायत इब्राहिमपुर, भुइयां बिगहा महादलित टोला में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मतदान के महत्व को पहुंचाना और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें बताया कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। स्थानीय महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने 11 नवंबर 2025 को मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक समूह चर्चा एवं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। औरंगाबाद है तैयार, 11.11 को वोट करेंगे सब इस बार।

# स्पर्शाघात से किशोर की मौत, एक जखमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के धुंधुआ गांव में विद्यालय जाने के दौरान बिजली करेंट की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर की पहचान यमुना चौधरी के पुत्र लालू कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह लालू अपने घर से पढ़ाई करने विद्यालय जा रहा था। वह चौथी कक्षा का छात्र था। घर से आधा किलोमीटर की दूरी पर विद्यालय है। जैसे ही वह बीच रास्ते में पहुंचा तभी अचानक ऊपर से गुजरा तार टूट कर गिर पड़ा। बिजली करेंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जब कुछ लोगों ने उसे करेंट की चपेट में देखा तो शोर मचाया। शोरगुल की आवाज सुनकर स्थानीय लोग व परिजन पहुंचे। किसी तरह किशोर को तार के संपर्क से अलग किया। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठे। परिजनों की चित्कार से आसपास का वातावरण गमगीन हो उठा। कुछ लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूर पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी एक बहन है। पिता यमुना चौधरी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना के बाद से मां लालती देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि बिजली करंट की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम करा दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं फेसर थाना क्षेत्र के गमहारी गांव में टीवी का प्लग लगाने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से 13 वर्षीय किशोरी झुलसकर जख्मी हो गया। जख्मी किशोरी की पहचान उक्त गांव निवासी हरिहर यादव की पुत्री स्वीटी कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर घर में साफ सफाई की गई थी। साफ सफाई होने के बाद स्वीटी टीवी चालू करने के लिए बोर्ड में प्लग लगा रही थी। इसी दौरान वह करेंट की चपेट में आकर अचेत हो गई। जब घर के परिजनों ने उसे अचेत अवस्था में देखा तो शोरगुल मचाया। शोरगुल की आवाज सुनकर अन्य परिजन पहुंचे और उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया। फिलहाल बच्चा वार्ड में उसका इलाज किया जा रहा है।

# जन जागरूकता की दिशा में स्वीप महत्वपूर्ण कदम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार में लोकतंत्र के इस महापर्व की तैयारी पूरे उत्साह के साथ चल रही है। विधानसभा आम चुनाव 2025 के अवसर पर औरंगाबाद जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रखंड कुटुंबा के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सेविकाओं ने घर-घर जाकर आम मतदाताओं को आगामी 11 नवंबर 2025 को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना और प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र के इस पर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं ने यह संदेश दिया कि बैलट बिटिया की यही पुकार, औरंगाबाद है तैयार,11/11 को वोट करेंगे सब इस बार। स्वीप अभियान के अंतर्गत यह प्रयास जन-जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान के महत्व को समझते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाएंगे।

# नामांकन प्रक्रिया शुरू, गोह से कटे पांच एनआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया गति पकड़ने लगी है। अनुमंडल मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की आवाजाही शुरू हो गई है। निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। गोह विधानसभा क्षेत्र से अब तक पांच एनआरआई (नामांकन रसीद इश्यू) प्रपत्र काटे गए हैं, हालांकि किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। निर्वाचन कार्यालय सूत्रों के अनुसार, संभावित प्रत्याशी नामांकन से पूर्व अपने कागजातों और प्रमाणपत्रों की जांच में जुटे हुए हैं। वहीं ओबरा विधानसभा क्षेत्र से अब तक न तो कोई एनआरआई प्रपत्र कटा है और न ही किसी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन प्रक्रिया के लिए दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गोह और ओबरा दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर निर्वाचन कर्मियों की तैनाती की गई है, जो दस्तावेजों की जांच और प्रपत्र जारी करने का कार्य कर रहे हैं। कार्यालय परिसर में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। अनुमंडल प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। संभावित प्रत्याशियों की ओर से नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे– शपथ पत्र, नामांकन शुल्क की रसीद, प्रस्तावक के हस्ताक्षर आदि की तैयारी चल रही है। चुनाव संबंधी माहौल के बीच राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। संभावित उम्मीदवार अपने समर्थकों से संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा जनसंपर्क अभियान की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। अनुमंडल कार्यालय परिसर में आम लोगों की भी आवाजाही बढ़ गई है, जिससे चुनावी हलचल अब स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है।

# गांजा तस्करी मामले में सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने मद्य निषेध थाना में दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि एकमात्र अभियुक्त उत्तर प्रदेश के सिविल लाइन अलीगढ़ निवासी कामरान को एनडीपीएस एक्ट में 16 माह का कारावास और 10 हजार 100 रूपये जुर्माना लगाया है। अभियोजन की ओर से 04 गवाही हुई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त को प्राथमिकी सूचक मद्य निषेध के एसआई दीपक कुमार द्वारा 13 जून.24 को एरका चेक पोस्ट अंबा के पास 02 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। अभियुक्त पर 21 अगस्त24 को आरोप गठन किया गया था।

# दाउदनगर की सीमा पर बनाये गये तीन चेकिंग प्वाइंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर दाउदनगर की सीमा पर तीन चेकिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। सभी चेकिंग प्वाइंट पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। ओबरा विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ मो जफर इमाम ने बताया कि प्रखंड में तीन स्थानों पर चेक प्वाइंट बनाया गया है। दाउदनगर-नासरीगंज सोनपुल के पास, एनएच 139 पर पटना रोड में सीमा के नजदीक शमशेर नगर में और नहर मार्ग पर जयंती नगर में, जहां से वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। चुनाव के वक्त 50 हजार रुपये से अधिक की राशि लेकर चलने पर रोक लग जाती है। 50 हजार रुपये से अधिक पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति को इतनी रकम लेकर चलने का औचित्य साबित करना होगा। व्यवसायी या शादी विवाह के लिए अगर कोई राशि ले जा रहा है तो यह उसे साबित करना होगा। अगर संदिग्ध पाया जाता है तो राशि जब्त कर अग्रत्तर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## 5137 लोगों पर की गयी निरोधात्मक कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स बंवाददाता**

**दाउदनगर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने दाउदनगर अनुमंडल के दोनों विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर 5137 लोगों को चिह्नित करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की है। सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है। अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से 2667 लोगों ने बंध पत्र दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोह थाना के 998, हसपुरा के 876, देवकुंड के 177, उपहारा के 236, बंदेया के 634, ओबरा के 806, दाउदनगर के 716, खुदवां के 615 व फ़ेसर के 79 चिह्नित व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। इनमें क्रमशः 577, 456, 114, 62, 325, 560, 221, 308, 44 ने बंधपत्र दाखिल कर दिया है।

# छठ के अवसर पर संगीत संध्या का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** प्रबुद्ध भारती की बैठक दाउदनगर के एक शिक्षण संस्थान में आयोजित की गयी जिसमें छठ पर्व के अवसर पर संगीत संध्या कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। संस्था से जुड़े संजय तेजस्वी ने बताया कि छठ के अवसर पर संगीत संध्या की शुरुआत 2010 में की गयी थी, तब से यह आयोजन लगातार किया जा रहा है। कोरोना काल से कुछ समय के लिए रुक गया था, लेकिन फिर से छठ के पहले अर्घ्य को संगीत संध्या कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया है।ज्ञात हो कि प्रबुद्ध भारती की ओर से छठ पर्व के अवसर पर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगीत संध्या का आयोजन कराया जाता रहा है ।इस आयोजन को फिर से कराने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने पर बल दिया गया। मौके पर संस्था से जुड़े शंभू कुमार, मास्टर भोलू, प्रिंस, संदीप सिंह, संकेत सिंह, ब्रजकिशोर मंडल, संजय तेजस्वी, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# चंद्रवंशी समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बोधगया के धनावा में मगध सम्राट जरासंध की प्रतिमा असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने के बाद चंद्रवंशी समाज में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को समाज के लोगों ने तेलिया पोखर में कैंडल मार्च निकालकर इस घटना का विरोध जताया। वक्ताओं ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि चुनाव के समय असामाजिक तत्व जातीय उन्माद को भड़का रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मांग की कि धनावा में मगध सम्राट जरासंध की नयी प्रतिमा लगायी जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। इस विरोध प्रदर्शन के तहत बिहार के सभी जिलों और दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी कैंडल मार्च आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, यमुना चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, शिव चरण, अभय, कालीचरण चंद्रवंशी, शिवनपूज चंद्रवंशी सहित कई अन्य समाजजन शामिल हुए।

# न्यायालय की अवमानना पर इजराय वाद में अंचलाधिकारी के खिलाफ आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सब जज वन ने इजराय वाद (निष्पादन वाद) 02/23 में सुनवाई करते हुए कड़ी आदेश दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इजराय वाद संख्या 02/23 में दखलदेहानी की कार्रवाई होनी थी परंतु अंचलाधिकारी द्वारा न्यायालय के आदेश के बावजूद दखलदेहानी कार्य में बाधा डाला गया। इस शिकायत का प्रतिवेदन कोर्ट के नाजिर द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अंचलाधिकारी के कृत्य को न्यायालय ने अवमानना माना है। न्यायालय के आदेश का अवहेलना पर अंचलाधिकारी को आदेश दिया गया है कि अपने खर्च पर दखलदेहानी की कार्य पूरी करें अन्यथा न्यायालय उचित आदेश जारी करेगी। इस आदेश के एक प्रति जिला समाहर्ता, औरंगाबाद को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा गया है। अधिवक्ता ने आगे बताया कि यह इजराय वाद खाता -191, प्लौट-859 , मोज़ा-चरकावां, मुहल्ला-राजा बिगहा, थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद से संबधित है। वाद में शीघ्र सुनवाई के अगली तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गयी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# महापरिवर्तन आंदोलन ने संगठन के सशक्तिकरण पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में महापरिवर्तन आंदोलन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने जबकि संचालन जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में आंदोलन की गतिविधियों को गति देने, संगठन के विस्तार और जनसंपर्क को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आंदोलन की विचारधारा से प्रदेशभर में एक नई सामाजिक जागृति फैल रही है। नगरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वर्ग के बीच इस आंदोलन ने क्रांति का संचार किया है। जिला प्रवक्ता रामजन्म सिंह ने कहा कि समाज और बिरादरी अकेले रहने के लिए नहीं बने हैं। मानव जीवन नेक कार्यों के लिए मिला है और आंदोलन का मुख्य उद्देश्य इन्हीं नेक कार्यों को गति देना है। बैठक में प्रखंड शिष्टमंडल के विस्तार पर जोर दिया गया। सर्वसम्मति से देव प्रखंड संयोजक के रूप में पूर्व मुखिया संजय सिंह को नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का बख़ूबी निर्वहन करेंगे और शीघ्र ही प्रखंड शिष्टमंडल का विस्तार करेंगे। पूर्व बैंक अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि महापरिवर्तन आंदोलन एक नई सोच लेकर आया है, जो नई पीढ़ी को भ्रष्टाचार से मुक्त करने में सहायक सिद्ध होगा। जिला उपाध्यक्ष लवलेश यादव ने कहा कि आंदोलन को ग्राम पंचायत स्तर तक ले जाना अत्यंत आवश्यक है। प्रखंड शिष्टमंडल के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायतों के सरपंचों से संपर्क स्थापित कर सरपंच न्याय समिति का गठन किया जाएगा। इसके माध्यम से आपसी विवादों का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा, जिससे आम जनता को थाना-कचहरी के चक्कर से मुक्ति मिलेगी। बैठक में उपस्थित इंजीनियर दुधेश्वर प्रसाद, अरुण कुमार, डॉ. अयोध्या प्रसाद, मुहम्मद अबरार हसन, श्यामता यादव और देवनन्दन प्रसाद ने सरपंच न्याय समिति गठन के प्रस्ताव का जोरदार समर्थन किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव और संयोजक संतोष कुमार सिंह ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि ईश्वर कोई घूसखोर दारोगा नहीं होता, वह सर्वोच्च सत्ता का न्यायाधीश होता है। उसे साक्षी मानकर हमें स्वयं को इतना योग्य बनाना होगा कि जिले के अधिकारी और पदाधिकारी हमारी अहमियत को समझने के लिए विवश हों। बैठक में आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई रणनीतिक निर्णय भी लिए गए।

## Ph.D. DEGREE AWARDED



**B. Anamika,** Research Scholar, **Department of Education, Magadh University, Bodhgaya,** bearing **Reg. No.- 2123007561** has been awarded the Degree of Doctor of Philosophy (Ph.D.) by Magadh University, Bodhgaya (Bihar) for her thesis entitled, ***"A Study of Attitude of Principals of Government Higher Secondary Schools towards the Teaching Strategies of their Probationary Teachers in Bihar state"*** *in* ***Education.*** She carried out her research work under the guidance of **Dr. Jaydev Pati,** Professor, Department of Education, Magadh University, Bodhgaya. She is the daughter of **Mrs. Anju Bhooshan** and **(L) Mr. Braj Bhooshan Singh,** and wife of **Dr. Neelkamal,** resident of Matrichhaya, R.M.S. Colony, Kankarbagh, Patna (Bihar)-800020.

With Best Wishes
**Family, Relatives & Well Wishers**